राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 रोहित के खराब फार्म पर उठे सवाल...

हम दोस्त को मुश्किल वक्त में अकेला नहीं छोड़ते, यही रुस और अमेरिका ... 12

वर्ष : 12 | अंक : 238 | पटना, गुरुवार, 12 दिसंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

## संक्षिप्त खबरें

### भारत की परमाणु ऊर्जा क्षमता 2031 तक तीन गुना हो जाएगी: सरकार

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बुधवार को कहा कि भारत की परमाणु ऊर्जा क्षमता पिछले दशक में लगभग दोगुनी हुई है और यह 4,780 मेगावाट से बढ़कर 8,081 मेगावाट हो चुकी है। परमाणु ऊर्जा विभाग में राज्य मंत्री सिंह ने लोकसभा में एक पूरक प्रश्न के उत्तर में यह भी कहा कि वर्ष 2031 तक यह तीन गुना हो जाएगी। उनके जवाब देने के दौरान सदन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी मौजूद थे। परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष विभाग का प्रभार प्रधानमंत्री मोदी के पास है और सिंह इस विभाग के राज्य मंत्री के रूप में काम कर रहे हैं। सिंह ने कहा, जब यह सरकार सत्ता में आई, तो कुल बिजली उत्पादन क्षमता 4,780 मेगावाट थी। आज, 2024 में, यह 8,081 मेगावाट है। इसका मतलब है कि पिछले 10 वर्षों में अर्जित क्षमता पिछले 60 वर्षों में हासिल की गई क्षमता के बराबर है। सिंह ने उम्मीद जताई कि 2031-32 तक, उत्पादन क्षमता तीन गुना होकर 22,480 मेगावाट तक पहुंच जाएगी।

### हम चाहते हैं सदन चले, सरकार अदाणी पर चर्चा नहीं चाहती: राहुल

नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को सदन के अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात कर आग्रह किया कि उनके खिलाफ भारतीय जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे द्वारा की गई अपमानजनक टिप्पणियों को कार्यवाही से हटाया जाए। राहुल गांधी का यह भी कहना था कि विपक्ष तो चाहता है कि सदन चले, लेकिन सरकार अदाणी समूह से जुड़े मामले पर चर्चा नहीं चाहती।

# रेल संशोधन विधेयक लोकसभा में पारित

## संशोधन विधेयक से रेलवे का नहीं होगा निजीकरण : बैष्णव

### रेल मंत्री बोलें- विपक्ष केवल झूठ फैला रहा है



प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंस। लोकसभा ने रेलवे के संचालन को ज्यादा सरल और सुविधाजनक बनाने तथा स्थानीय स्तर पर अधिकारियों को ज्यादा शक्ति देने के वास्ते दो पुराने कानूनों को जोड़कर बनाया गया रेल संशोधन विधेयक -2024 बुधवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया। लोकसभा में रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेल संशोधन विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि सदस्यों ने कई अच्छे सुझाव दिए हैं। विधेयक की आवश्यकता संबंधी सवाल पर उन्होंने कहा कि विधेयक को सरल बनाने की जरूरत थी और इसमें 1905 तथा 1989 के संशोधन को मिलाकर कानून को सरल बनाया गया है। रेलवे का बहुत विकेंद्रीकरण हुआ है और उसका देश को बड़ा लाभ हुआ है क्योंकि अधिकारियों को लोगों की जरूरत के अनुसार काम करने का अधिकार मिला है। उन्होंने कहा कि पिछले दस साल के दौरान रेलवे में स्वच्छता के स्तर पर बहुत बदलाव आया है। इन दौरान करीब तीन लाख दस हजार नये टॉयलेट बनाए गये हैं और स्वदेशी तकनीकी से वंदेभारत रेल शुरू की गई और इसकी वजह से इसकी चर्चा पूरी दुनिया में है। छोटी दूरी दो से ढाई सौ किलोमीटर की दूरी पर नमो भारत रेल चल रही हैं। रेल लाइनों का बड़े स्तर पर विद्युतिकरण हुआ है। इसका फर्क यह है कि 60 साल में 21 हजार लाइनों का विद्युतिकरण हुआ था, लेकिन इन दस साल में 44 हजार किलोमीटर का विद्युतिकरण हुआ है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि संशोधन विधेयक से रेलवे का निजीकरण नहीं होगा। विपक्ष केवल झूठ फैला रहा है। संविधान को लेकर विपक्ष की फर्जी कहानी पहले ही बेनकाब हो गई है। अब उनका यह झूठ भी विफल हो जाएगा। सदन में रेल मंत्री वैष्णव ने कहा कि कुछ सदस्यों ने कहा है कि विधेयक से रेलवे का निजीकरण होगा। एक फर्जी कहानी बनाने का प्रयास है।

#### नई तकनीकी का इस्तेमाल कर रेलवे सुरक्षा पर फोकस

रेल मंत्री ने कहा कि रेल में नई तकनीकी का इस्तेमाल कर रेलवे सुरक्षा में सुधार कर आटोमैटिक कंट्रोल को रेलवे में बढाया जा रहा है। रेलवे में सुरक्षा के सभी उपकरणों में सुरक्षा मानकों के साथ लगाया जा रहा है। यात्रियों की सुरक्षा का मामला है इसलिए इन सुरक्षा उपकरणों को उच्च स्तरीय सुरक्षा मानकों के साथ लगाया गया है। उनका कहना था कि रेल सुरक्षा को लेकर विकसित देशों ने जो काम 20 साल में किया है भारत ने वह काम पांच साल में करके दिखाया है। कवच सिगनल को लोको पायलेट की कैबिन में ले आता है और दस किलोमीटर दूर के सिगनल को कैबिन पर ही दिखाई देते हैं और कोहरे की स्थिति में इसका बहुत उपयोग है। यह कवच रेड लाइट आते ही खुद ही ब्रेक लगा देता है और लोको पायलेट ने इस पर खुशी जताई है और कहा है कि यह कवच रेलवे का नहीं बल्कि उनके परिवार का सुरक्षा कवच है। इसकी वजह से रेल दुर्घटना का आंकडा घटा है। मोदी सरकार से पहले साल में 345 रेल दुर्घटनाएं होती थी वह घटकर अब 95 तक आ गई है। रेल मंत्री ने कहा कि प्रयागराज में महाकुंभ होने वाला है और इसके लिए 13 हजार रेलों की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि 9000 रेलवे के बिना पहरेदार वाले लेवल क्रोसिंग को खत्म कर दिया गया है और वहां अंडर पास बनाए गये हैं।

#### मोदी सरकार ने 31 हजार नये ट्रैक बनाए :

रेल मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण में खूब निवेश हुआ है, लेकिन रेलवे में कम हुआ है और इधर रिकार्ड कायम हुए हैं। मोदी सरकार ने 31 हजार नये ट्रैक बनाए हैं और एक साल में पांच हजार से अधिक रेलवे के नये ट्रैक बने हैं। रेलवे को लेकर निजीकरण की किसी भी तरह की गलत अवधारणा नहीं बनाने की उन्होंने विपक्षी दलों से आग्रह किया और कहा कि इस तरह की अवधारणा नहीं बनाई जानी चाहिए और स्वीकार करना चाहिए कि देश ने रेलवे के क्षेत्र में जबरदस्त तरक्की की है।

### मोदी सरकार ने पांच लाख से अधिक लोगों को दी नौकरी

रेलवे में रक्तियों को लेकर उन्होंने कहा कि पहले जहां चार लाख 11 हजार लोगों को नौकरी मिली थी मोदी सरकार ने पांच लाख से अधिक लोगों को नौकरी दी है और परीक्षा को बहुत पारदर्शी से कराया गया है। भर्ती के लिए सालना कैलेंडर बनाया गया है और उसके हिसाब से नौकरी दी जा रही है। पूर्वोत्तर को लेकर उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर में मोदी सरकार ने रेलवे का अदभुत विकास हुआ है। नागालैंड में साल के बाद उल्लेखनीय कार्य हुआ है। वहां कोई राज्य नहीं है जहां रेल नहीं पहुंची। पर्वतीय राज्य हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड तथा जम्मू कश्मीर में रेल का ढांचा तैयार किया जा रहा है।

# सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर राज्यसभा में हंगामा

## सत्ता पक्ष व विपक्ष में ठनी, कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। राज्यसभा में बुधवार को सभापति जगदीप धनखड़ को पद से हटाने के प्रस्ताव संबंधी नोटिस और जार्ज सोरोस से कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के संबंधों के आरोपों के मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने भारी हंगामा किया, जिसकी वजह से सदन की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। पहली बार के स्थगन के बाद दोपहर 12 बजे जब सदन की कार्यवाही आरंभ हुई तो आसन पर उपसभापति हरिवंश थे। उन्होंने प्रश्नकाल शुरू करने की कोशिश की लेकिन सत्ता पक्ष और विपक्ष की ओर से हंगामा शुरू हो गया। हंगामे के बीच सदन के नेता जे पी नड्डा ने कहा कि सत्तारूढ़ गठबंधन के सदस्य पिछले दो दिनों से जार्ज सोरोस और कांग्रेस के वरिष्ठतम सदस्य के संबंधों का मुद्दा उठाने का प्रयास कर रहे हैं और इसीलिए इस मुद्दे को भटकाने के उद्देश्य से विपक्ष की ओर से आसन पर आक्षेप लगाने का कुत्सित प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा, जार्ज सोरोस और सोनिया गांधी का क्या संबंध है ? यह देश की आंतरिक और बाह्य सुरक्षा का सवाल है। और यह देश की संप्रभुता पर भी प्रश्नवाचक चिह्न है। प्रमुख विपक्षी दल और जॉर्ज सोरोस के बीच संबंधों की चर्चा होनी चाहिए।

नड्डा ने कहा, मुद्दे को भटकाने के लिए इन्होंने एक कुत्सित प्रयास किया है। इन्होंने आसन पर आक्षेप लगा कर अविश्वास प्रस्ताव लाने का प्रयास



किया है। जिस तरीके की बयानबाजी इन्होंने संवैधानिक पदों पर बैठे हुए लोगों और हमारे आसन के निर्णय पर की है, वह निंदनीय है। देश कभी इन्हें माफ नहीं करने वाला है। नड्डा की बात पूरी होते ही उपसभापति ने सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी।

#### विपक्ष के इरादे नहीं होने देंगे कामयाब : रीजीजू

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने उच्च सदन में कहा कि यदि उपराष्ट्रपति के पद और उनकी गरिमा पर हमला होगा तो सत्ता पक्ष के लोग बिल्कुल उनका बचाव करेंगे और विपक्ष के इरादे को कामयाब नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय लोकतंत्र में 72 साल बाद एक किसान का बेटा देश का उपराष्ट्रपति बनकर देश की सेवा कर रहा है। केंद्रीय मंत्री अभी बोल ही रहे थे कि विपक्षी सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान विपक्षी सदस्यों ने अदाणी मुद्दे का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। हंगामे के बीच, रीजीजू ने कहा कि पूरा देश देख रहा है कि सभापति के रूप में उन्होंने सदन की गरिमा को बनाए रखा है लेकिन विपक्षी सदस्य इस पद की गरिमा को ठेस पहुंचाने में लगे हुए हैं। सभापति को हटाने के प्रस्ताव संबंधी नोटिस को गंभीर विषय करार देते हुए रीजीजू ने कहा कि विपक्ष के लोग न लोकतंत्र को मानते हैं और ना ही आसन की गरिमा का सम्मान करते हैं। ।

#### जगदीप धनखड़ सरकार के प्रवक्ता : खड़गे

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पर निशाना साधते हुए उन्हें सरकार का सबसे बड़ा प्रवक्ता बताया। दिल्ली के कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में इंडिया ब्लॉक की तरफ से आयोजित एक प्रेस वार्ता में खड़गे ने कहा, राज्यसभा में व्यवधान का सबसे बड़ा कारण खुद सभापति जगदीप धनखड़ हैं। उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति देश में दूसरा सबसे बड़ा संवैधानिक पद है। देश के इतिहास में यह पहला मौका है जब उपराष्ट्रपति को हटाने के लिए कोई प्रस्ताव लाया गया है। वह हमेशा निष्पक्ष और राजनीति से परे होते हैं और हमेशा उन्हें नियमों के अनुसार सदन को चलाना होता है। लेकिन आज सदन में नियमों से ज्यादा राजनीति चल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जगदीप धनखड़ राज्यसभा के सभापति के तौर पर हेडमास्टर की तरह स्कूलिंग करते हैं। विपक्ष की ओर से जब भी नियमानुसार महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए जाते हैं तो सभापति योजनाबद्ध तरीके से चर्चा नहीं होने देते। बार-बार विपक्षी नेताओं को बोलने से रोका जाता है। उनकी निष्ठा संविधान की बजाय सत्ता पक्ष के प्रति है और संवैधानिक परंपरा के प्रति वह अपनी अगली पदोन्नति के लिए सरकार के प्रवक्ता के रूप में काम कर रहे हैं।



# बिहार सरकार ने मोइनुल हक स्टेडियम को 30 वर्षों के लिए किया बीसीए के नाम, हुई जमीन की रजिस्ट्री

**10 दिसम्बर का दिन बिहार क्रिकेट के लिए बना ऐतिहासिक**

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। गोपाल विद्यार्थी । बिहार क्रिकेट के लिए 10 दिसंबर का दिन ऐतिहासिक माना जा रहा है । पटना में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन तथा राज्य के क्रिकेटरों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं से सुसज्जित क्रिकेट स्टेडियम की सौगात देने के लिए बिहार सरकार एवं बिहार क्रिकेट एसोसिएशन ने बड़ा कदम उठाते हुए मंगलवार को बिहार सरकार ने मोइनुल हक स्टेडियम को 30 वर्षों के दीर्घकालिक लीज पर देने के लिए स्टेडियम के जमीन की रजिस्ट्री बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) के नाम किया। बिहार सरकार ने जमीन रजिस्ट्री का करीब 37 करोड़ रुपए का शुल्क भी माफ कर दिया है जिसकी घोषणा पहले की जा चुकी है। जमीन रजिस्ट्री के कागजात पर बिहार सरकार की ओर से खेल विभाग के निदेशक महेंद्र कुमार जबकि बिहार क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से संघ के अध्यक्ष राकेश कुमार तिवारी ने हस्ताक्षर किया। इस दौरान खेल विभाग के उपनिदेशक संजय कुमार, पटना के जिला खेल पदाधिकारी ओम प्रकाश, बिहार क्रिकेट संघ के सचिव जिआउल आफरीन, जीएम एडमिन नीरज राठौर समेत कई अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। जमीन रजिस्ट्री प्रक्रिया पूरा होने के बाद बिहार क्रिकेट संघ के अध्यक्ष राकेश कुमार तिवारी ने कहा कि नये साल में खरमास के बाद इस स्टेडियम के निर्माण के शिलान्यास की तिथि घोषित कर जल्द से जल्द इसके निर्माण का कार्य शुरू किया जायेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा को धन्यवाद देते हुए कहा कि बिहार सरकार का जो काम था वह पूरा हो चुका अब बिहार क्रिकेट एसोसिएशन का काम शुरू हो गया है।



अब बिहार क्रिकेट एसोसिएशन इस कार्य को द्रुतगति से आगे बढ़ा कर अगले दो से तीन सालों में बिहारवासियों को वर्ल्ड क्लास स्टेडियम बना कर देगा जहां पर वे अंतरराष्ट्रीय मैचों का मजा ले सकेंगे। गौरतलब है कि पिछले 6 नवंबर को एक भव्य समारोह में मोइनुल हक स्टेडियम को बिहार क्रिकेट एसोसिशन को सौंपने के लिए बिहार सरकार और बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के बीच एमओयू (मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग) पर हस्ताक्षर किया गया था। इस कार्यक्रम में बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, नगर विकास मंत्री नीतीन नवीन और खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता समेत कई दिग्गज क्रिकेटर भी मौजूद थे। मोइनुल हक स्टेडियम को अब एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम और स्पोट्‌र्स कॉम्प्लेक्स बनाया जाएगा। इस स्टेडियम में 40,000 दर्शकों के बैठने की क्षमता होगी। इसके साथ ही 76 कॉरपोरेट बॉक्स और 250 वीआईपी लोगों के बैठने की व्यवस्था भी होगी। इसके अलावा स्पोट्‌र्स कॉम्प्लेक्स में बैडमिंटन कोर्ट, वॉलीबॉल कोर्ट, स्विमिंग पूल, पांच सितारा सुविधा वाला होटल, खिलाड़ियों के लिए सभी सुविधाओं से लैस हॉस्टल, रेस्टोरेंट, क्लब हाउस सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

# पटना पुस्तक मेला में गौरैया स्टॉल बना सबके आकर्षण का केंद्र

**हमारी गौरैया और एनवायरनमेंट वॉरियरर्स चला रहे हैं गौरैया संरक्षण अभियान**

प्रातः किरण संवाददाता

पटना । पटना पुस्तक मेला 2024 के थीम पेड़, पानी एवं जीवन के मद्देनजर हमारी गौरैया एवं एनवायरनमेंट वारियर्स की ओर से बिहार की राजकीय पक्षी गौरैया के संरक्षण पर लगी ह्यगौरैया फोटो, कृत्रिम घोंसला, दाना-पानी पॉट-गौरैया संरक्षण स्टॉलह्व पर रोजाना लोगों की भीड़ उमड़ रही है। आम और खास दर्शक आ रहे हैं और गौरैया संरक्षण से जुडने के आह्वान से रूबरू हो रहे हैं। गौरैयाविद संजय कुमार और एनवायरनमेंट वाररिर्स के निशांत रंजन ने बताया कि पद्मश्री एवं डॉल्फिनमैन प्रो.डॉ.रवींद्र कुमार सिन्हा, चर्चित साहित्यकार प्रेम कुमार मणि आए। हीं कई चर्चित चेहरों का आने का सिलसिला जारी है।



पिछले दिनों यूके और स्विट्जरलैंड से बिहार आए दो पर्यटक भी स्टॉल पर और गौरैया संरक्षण पर चर्चा की। बिहार सरकार के पर्यावरण,वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ प्रेम कुमार भी गौरैया संरक्षण स्टॉल का अवलोकन कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि लोग गौरैया संरक्षण को लेकर तरह-तरह के सवाल पूछते है और बताते हैं कि घर आँगन कि गौरैया अब नहीं दिखती। वहीं कई ने बताया कि उनके घर आती तो है लेकिन संख्या काम हो गई है। गौरैया संरक्षण जागरूकता स्टॉल बच्चों और युवाओं को भी भा रहा है।

गौरैया की घर वापसी को लेकर हमारी गौरैया एवं एनवायरनमेंट वारियर्स टीम के युवा साथी जानकारी दे रहे हैं।

स्टॉल पर गौरैया और पर्यावरण संरक्षण पर पाँच पुस्तकें, अभी मैं जिंदा हूँ गौरैया, ओ री गौरैया, आओ गौरैया, हमारे आसपास के पक्षी और जल जीवन हरियाली उपलब्ध है।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रेमी संग एक वर्ष के बच्चे को लेकर विवाहिता फरार

प्रातः किरण संवाददाता

मसौढ़ी !थाना क्षेत्र के एक गांव स्थित एक वर्ष के अपने बच्चे को लेकर एक विवाहिता प्रेमी के संग फरार हो गई।मामले को लेकर विवाहिता की मां ने प्राथमिकी दर्ज कराई है।उसने अलवल जिला के थाना क्षेत्र रामपुर चौमर गांव निवासी नितरपुर थाना क्षेत्र के संदीप उर्फ रविन्द्र को आरोपित किया है। हालांकि उसने युवक का मोबाइल नंबर पुलिस को दिया है। प्राथमिकी में कहा है कि उसकी पत्न ी 9 दिसंबर को घर से अपने बेटा के साथ मसौढ़ी बाजार गई थीं,जो देर शाम तक वापस नहीं लौटी काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चल सका।फिलहाल पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई में जुटी हुई है।

### अवैध बालू से लदे ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त

मसौढ़ी !स्थानीय थाने की पुलिस ने बुधवार को अवैध खनन कर बालू से लदे एक ट्रैक्टर को जब्त कर लिया।थानाध्यक्ष विजय कुमार येदुवेंदु ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुरानचक गांव के पास से गुजर रहे एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया।ट्रैक्टर पर बिना कागजात बालू लदा था।हालांकि पुलिस बल को देखकर ट्रैक्टर चालक मौके से भागने में सफल हो गया।जब्त किए गए ट्रैक्टर के मालिक पुरानचक गांव निवासी बुधन यादव के पुत्र शैलेश कुमार पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

### बजरंगपुरी व गायघाट में किया गया कैरोल गायन

पटना सिटी (प्राकि)। प्रभु यीशु के अवतरण पर्व क्रिसमस को लेकर घर-घर जाकर कैरोल गायन किया जा रहा है। पादरी की हवेली चर्च के पल्ली पुरोहित फादर प्रवीण लोवो, सहायक पल्ली पुरोहित फादर सुरेश खाका और सुप्रीयिर फादर प्रदीप सोरंग की उपस्थिति में बुधवार को बजरंगपुरी, गायघाट और आसपास के क्षेत्रों में कैरोल गायन किया गया। सुप्रीयिर फादर प्रदीप सोरंग ने बताया कि कैरोल गायन के साथ 17 दिसंबर को चर्च में क्रिसमस मिलन होगा। इस दौरान मिस्सा बलिदान पूजा, क्रिसमस कैरोल गायन के साथ अन्य कार्यक्रम होगा। इसकी तैयारी की जा रही है। 24 की रात को प्रभु यीशु के अवतरण पर्व पर मिस्सा बलिदान पूजा और अन्य कार्यक्रम होगा।

### जैन मंदिर में पंजाब के डीजीपी ने की पूजा अर्चना

पटना सिटी (प्राकि)। पंजाब के डीजीपी आईपीएस डॉ जितेंद्र जैन परिजनों के साथ बेगमपुर स्थित दादाबाड़ी जैन मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने बुधवार को पूजा-अर्चना की। मंदिर में गुरुभक्त खुशबू कोठारी व प्रकाश कोठारी ने डीजीपी का स्वागत किया। परिवार के साथ मंदिर पहुंचे डीजीपी ने दादाबाड़ी मंदिर के प्रबंधन को देख खुशी जतायी। मंदिर के सचिव प्रदीप जैन ने बताया कि मंदिर में डीजीपी की दूसरी यात्रा है। सचिव के अनुसार राजस्थान न्यायिक परीक्षा में सबसे कम उम्र में बेटा अभिनंदन जैन ने सफलता अर्जित कर न्यायिक पदाधिकारी बनने पर वे यहां दर्शन पूजन को आए थे।

### सेतु व एनएच पर वाहनों का दबाव बढ़ने से लग रहा जाम

पटना सिटी (प्राकि)। महात्मा गांधी सेतु पर हाजीपुर से पटना आने वाले पूर्वी लेन और पटना से हाजीपुर जाने वाले पश्चिम लेन पर वाहनों का दबाव बुधवार को बना रहा।

नतीजा यह रहा कि रुक-रुक कर जाम की स्थिति बनती रही। वाहनों का दबाव बढ़ने के कारण सेतु पर जाम की स्थिति से निबटने के लिए अतिरिक्त ट्रेफिक पुलिस की तैनाती की गई है।

# भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ तीन आरोपी गिरफ़्तार

प्रातः किरण संवाददाता

दानापुर। नगर के अंतर्गत मधनिषेध पटना व दानापुर थाना के द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर लखनी विगहा के रायभवन राय मे करकटनुमा गोदाम से भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ 3 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार बदमाशों के पास से 10 जिन्दा कारतूस एक देशी पिस्टल, 3 मोबाईल, 3 कार, 2 बाइक को जप्त किया गया है। जानकारी देते हुए एएसपी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस को जानकारी मिली कि लखनी विगहा रायभवन राय के करकटनुमा गोदाम में भारी मात्रा में विदेशी शराब की पेटी रखी गई है। थानाध्यक्ष प्रशांत भारद्वाज के निर्देशन में स्थानीय पुलिस व मधनिषेध की टीम द्वारा छापेमारी की गई। जहां कुल 2582 लीटर अग्रेजी शराब के 3 व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। इनके अलावा उनके पास से 1 देशी पिस्टल, 10 जिंदा कारतूस 3 लग्जरी कार, 2 बाइक व मोबाइल फोन बरामद किया गया है। गिरफ्तार बदमाश लालकोठी सुल्तानपुर का अंकित कुमार, आशोपुर का रहने वाला राहुल कुमार व नरगदा शाहपुर का निलेश कुमार है। गिरफ्तार अंकित का अपराधिक इतिहास रहा है। उसके ऊपर बक्सर व कुम्हार में शराब से संबंधित मामला दर्ज है। सभी आरोपितों से पूछताछ व कानूनी कार्रवाई के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।



# उत्कृष्ट कार्य के लिए संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किए गए रेलकर्मी

प्रातः किरण संवाददाता

दानापुर खगौल नगर के अंतर्गत मंडल रेल प्रबंधक जयंत कुमार चौधरी के द्वारा संरक्षा की दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले, रेलकर्मियों को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में संभावित दुर्घटनाओं को रोकने एवं संरक्षा हेतु, उत्कृष्ट कार्य में विशेष योगदान देने वाले रेलकर्मी बूटन को प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया ।बूटन, टीएमजी कीमैन आरा अपने कार्य के दौरान दिनांक 10.12.2024 को कारीसाथ-बिहियां के मध्य किलोमीटर संख्या 607/26-24 के पास रेल फ्रैक्चर को देखा उन्होंने तुरन्त वहां आ रही गाड़ी संख्या 03226 को किलोमीटर संख्या 607/28 के पास लाल झंडी दिखाकर गाड़ी को रुकवाया ।उक्त रेल फ्रैक्चर समय रहते देखा गया, जिससे होने वाली संभावित दुर्घटना को टाला जा सका ।मौके पर मंडल रेल प्रबंधक ने पुरस्कृत हुए बूटन की सजगता एवं कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की ।



# स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी लोगों तक पहुँचाना अनिवार्यः उपमुख्यमंत्री

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। स्वास्थ्य सेवाओं को समुदाय के अंतिम छोर तक के लाभार्थियों तक पहुंचाने की जरुरत है. स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में प्रचार प्रसार सुनिश्चित कर लोगों को जागरूक किया जा सकता है. अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्यकर्मियों को अधिक संवेदनशील एवं जागरूक होने की जरुरत है. माउथ तो माउथ पब्लिसिटी भी प्रचार प्रसार का एक सशक्त माध्यम है. स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी सभी तक पहुंचे इसके लिए और प्रयास करने की जरुरत है।, उक्त बातें बिहार की पूर्व उपमुख्यमंत्री रेनू देवी ने बुधवार को पीएसआई द्वारा एक स्थानीय होटल में आयोजित सीटी कोआर्डिनेशन मीटिंग के दौरान कहीं.



मौके पर जिला सिविल सर्जन डॉ. मिथिलेश्वर कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा लाभार्थियों एवं बच्चों को लगायी जा रही वैक्सीन सर्वोत्तम है और लोगों को आगे आकर इस निशुल्क सेवा ला लाभ लेना चाहिए. उन्होंने कहा की लगायी जा रही सभी वैक्सीन उत्तम क्वालिटी की रहती है और लाभार्थी बिना किसी संकोच के इसका लाभ ले सकते हैं. उन्होंने कहा कि परिवार नियोजन के विकल्पों में विस्तार हुआ है और इसके कारण अब लोग आगे आकर नियोजन के साधनों का इस्तेमाल कर रहे हैं. उन्होंने सब डरमल इम्प्लांट की उपयोगिता एवं विशेषता पर भी प्रकाश डाला.

डॉ एसपी विनायक, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी ने बैठक में मौजूद सीडीपीओ से कहा कि वे शहरी क्षेत्र में टीकाकरण सत्रों का सर्वे एक बार जरूर करा लें,ताकि वहां के लाभुकों को टीकाकरण का फायदा मिल सके. उन्होंने कहा कि टीकाकरण को बेहतर करने के लिए जिला में वैक्सीन कोल्ड चैन को लगातार बेहतर किया गया है और इसको पूरी तरह से तकनीकी रूप से मेन्टेन किया जाता है. विश्व स्वास्थ्य संगठन के डॉ. संजीव ने पूर्व उपमुख्यमंत्री से निवेदन किया कि जिन शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सक नहीं हैं वहां उनकी नियुक्ति की जाए ताकि लाभार्थियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सके.

बैठक में दानापुर नगर परिषद की अध्यक्ष शिल्पी मेहता, आईसीडीएस की प्रभारी जिला प्रोग्राम पदाधिकारी अर्चना कुमारी के साथ सदर की पांच बाल विकास परियोजना पदाधिकारी मौजूद रहीं. बैठक में पटना नगर निगम की तरफ से डॉ. प्रवीण, मेडिकल ऑफिसर, शिक्षा विभाग की प्रतिनिधि, जिला स्वास्थ्य समिति से रामू कुमार सहित पीएसआई इंडिया के स्टेट लीड मनीष सक्सेना, संस्था के वरीय प्रबंधक विवेक मालवीय सहित पीएसआई इंडिया टीम के सदस्य उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन पीएसआई इंडिया की ज्योति कुमारी ने किया.

# संस्कृति-पुरुष के रूप में सदा स्मरण किए जाते रहेंगे विश्वनाथ शुक्ल चंचल

प्रातः किरण संवाददाता

पटना सिटी। कौमुदी महोत्सव और महामूर्ख सम्मेलन जैसे सांस्कृतिक उत्सवों के कारण पटना में दशाब्दियों तक सुधी नागरिकों के बीच अत्यंत लोकप्रिय रहे स्मृति शेष संस्कृति-कर्मी, पत्रकार, कवि और रंगकर्मी पं विश्वनाथ शुक्ल ह्यचंचलह्ल आयोजक और ह्यसंस्कृति-पुरुषह्ल के रूप में सदा स्मरण किए जाते रहेंगे। उनके द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इन उत्सवों, शरद पूर्णिमा के दिन भगवान श्री कृष्ण द्वारा गोपियों के साथ किए गए महारास की स्मृति में आहूत होने वाले कौमुदी महोत्सव और होली के अवसर पर आयोजित होने वाले महामूर्ख सम्मेलन की चर्चा भारतवर्ष में हुआ करती थी। इसका आयोजन और संचालन उन्होंने 66 वर्षों से अधिक समय तक किया। अपने जीवन के अंतिम काल तक वे इन उत्सवों के प्राण बने रहे। उनकी अनुपस्थिति में ये दोनों उत्सव अब निष्प्राण हो गए हैं। यह बातें सोमवार को पं विश्वनाथ शुक्ल चंचल स्मृति संस्थान के तत्वावधान में उनकी द्वितीय पुण्य तिथि पर बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आयोजित स्मृति पर्व की अध्यक्षता करते हुए सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि मुर्दा हो रहे आज के समाज में चंचल जी एक जिंदा और संजीदा व्यक्ति थे। उनके मुख पर सदा खिलती मुस्कान, दुखियों को हंसाती और जीवन का संदेश देती रहती थी। समारोह का उद्घाटन करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ सीपी ठाकुर ने कहा कि चंचल जी पटना सिटी के सांस्कृतिक धड़कन थे। उनकी तरह के लोग अब बहुत कम होते हैं। वे उनकी स्मृतियों में सदैव जीवित रहेंगे। साहित्यकार एवं सम्मेलन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जियालाल आर्य, डॉ शंकर प्रसाद, वरिष्ठ पत्रकार ज्ञानवर्द्धन मिश्र, चंचल जी के ज्येष्ठ पुत्र और पत्रकार रजनीकांत शुक्ल, दूसरे पत्रकार पुत्र और संस्था के सचिव रविकांत शुक्ल, विजय कुमार सिंह, पं विवेक द्विवेदी, अनिल रश्मि एवं आलोक चोपड़ा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर आयोजित कवि सम्मेलन का आरंभ चंदा मिश्र ने वाणी वंदना से किया। वरिष्ठ कवि डा रत्नेश्वर सिंह, आचार्य विजय गुंजन, सुनील कुमार उपाध्याय, दिनेश्वर लाल ह्यदिव्यांशुह्ल, डॉ प्रतिभा रानी, कुमार अनुपम, डॉ मीना कुमारी परिहार, ऋचा वर्मा, नीता सहाय, ई अशोक कुमार, जयप्रकाश पुजारी, मृत्युंजय गोविन्द, सदानंद प्रसाद आदि कवियों और कवयित्रियों ने अपनी सुमधुर काव्य रचनाओं से अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मंच का संचालन कवि ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने तथा धन्यवाद ज्ञापन कृष्ण रंजन आदि थे।

# अतिक्रमण हटाने का चला अभियान वसूला पांच हजार दो सौ जुर्माना



प्रातः किरण संवाददाता

पटना सिटी। पटना नगर निगम के अजीमाबाद अंचल की ओर से अतिक्रमण हटाने का अभियान बुधवार को भी चलाया गया। निगम की टास्क फोर्स की टीम ने यह अभियान अशोक राजपथ पर गुरहट्टा से शुरू करते हुए आलमगंज चौकी तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इसके बाद अगमकुआं में अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान दुकानदारों से कहा-सुनी भी हुई। अतिक्रमण प्रभारी रंजन कुमार ने बताया कि अभियान के दौरान पांच हजार 200 रुपया बतौर जुमार्ना के तौर पर वसूल की गई। आधा ट्रैक्टर गिट्टी भी अगमकुआं में जब्त किया गया। पदाधिकारियों ने बताया कि अतिक्रमण के खिलाफ चल रहा अभियान जारी रहेगा। अभियान चलने से फुटपाथी दुकानदारों के बीच अफरा-तफरी की स्थिति मची रही। ठेला पर दुकान लगाए दुकानदार भी भागने लगे। हालांकि अतिक्रमणकारियों टीम के आगे बढ़ाने के बाद फिर से अतिक्रमण हटाए गए मोहल्ले में आवाज हो गया। वहीं लोगों के बीच यह खास चर्चा रही कि अजीमाबाद अंचल के द्वारा गुरहट्टा से लेकर चौक के बीच अतिक्रमण हटाने का अभियान नहीं चलाया जाता है।

इस दूरी में खास अतिक्रमण कायम है जिस कारण से लगातार यातायात जाम की स्थिति बनी रहती है इस दूरी को पार करने में फोर व्हीलर को आधा से एक घंटा थ्री व्हीलर को करीब आधा घंटा टू व्हीलर को कम से कम 20 मिनट निश्चित तौर पर लगता है। पादरी की हवेली मोड़ से लेकर चौक मोड़ के बीच फुटपाथ की कौन कहे लोगों ने सड़क को भी अतिक्रमित कर रखा है यही नहीं सड़क पर पिकअप बहन और ठेला खड़ा कर सामान की लोडिंग और अनलोडिंग तक किया जाता है या फिर भाड़ा आने का इंतजार किया जाता है नीतीश तन वाहनों की लंबी लाइन लगी रहती है।

# श्री राम कथा के पाँचवे दिन रामजन्म व बाल लीलाओं का किया वर्णन

**कलियुग में मोक्ष प्राप्ति के लिए नाम जप एक मात्र आधार :शशि प्रभा**



प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रम । गोपाल विद्यार्थी` क्रीड़ा मैदान में चल रहे नौ दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा के पाँचवे दिन राम जन्मोत्सव मनाया गया। मौके पर श्रद्धालु भगवान श्रीराम सहित चारों भाइयों के जन्म कथा का श्रवण कर झूम उठे। कथा वाचिका शशि प्रभा ने राम जन्म प्रसंग की ऐसी व्याख्या की कि श्रोता भावविभोर हो उठे। कथा वाचन के दौरान उन्होंने कहा कि तीन कल्प में तीन विष्णु का अवतार हुआ है और चौथे कल्प में साक्षात भगवान श्रीराम माता कौशल्या के गर्भ से अवतरित हुए हैं। कथा प्रसंग का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि एक बार माता सती भगवान शंकर बिन बताए ही माता सीता का रूप धारण कर भगवान राम की परीक्षा लेने चली गईं। लेकिन भगवान श्रीराम ने उन्हें पहचान कर पूछ लिया, हे माता आप अकेले कहां घूम रही है। लेकिन भगवान शंकर ने ध्यान लगाकर सती की ओर से भगवान श्रीराम की परीक्षा लेने की बातें जान ली। जिसके बाद भगवान शंकर इस सोच में पड़ गए कि सती माता सीता का रूप धारण कर भगवान श्रीराम की परीक्षा लेने चली गई। मानस माधुरी देवी शशि प्रभा ने आगे कहा कि माता सती के पिता राजा दक्ष के यहां यज्ञ हो रहा था। जिसमें शामिल होने के लिए माता सती ने भगवान से अपनी इच्छा जाहिर की थी। जिस पर भगवान शंकर ने माता सती से कहा कि तुम्हारे पिता ने यज्ञ में आने के लिए हम लोगों को आमंत्रित नहीं किया है। वहीं उन्होंने बताया कि माता-पिता, गुरु व मित्र के घर जाने के लिए आमंत्रण की जरूरत नहीं होती है। जहां मान नहीं हो वहां बिन बुलाए जाना भी नहीं चाहिए। मौके पर सुनील सिंह, रवि शंकर शर्मा, श्रीराम, बबलू सिंह, निप्पू , देवकांत शर्मा सरवन, अलका कुमारी, श्वेता कुमारी, नंद कुमार गौतम, आश नारायण शर्मा, हिंदू धर्म रक्षक संगठन के बिक्रम प्रखंड अध्यक्ष गुड्डू गुप्ता आदि समेत सैंकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे`

# व्यवहार न्यायालय पटना सिटी के लिए रानीपुर मौजा में स्थित भूमि का डीएम ने किया निरीक्षण

प्रातः किरण संवाददाता

पटना सिटी। जिलाधिकारी डॉ चंद्रशेखर सिंह ने बुधवार को पटना सदर एवं पटना सिटी अनुमंडल में थाना भवन संपतचक प्रखंड का अंचल कार्यालय, नगर परिषद कार्यालय, बाइपास थाना के लिए जमीन आदि के लिए चिन्हित किए गए जमीन का निरीक्षण किया। उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी बात की। डीएम के द्वारा अपर समाहर्ता को अंचल पदाधिकारियों के साथ तेजी से कार्य को आगे बढ़ाने का निर्देश दिया। डीएम डॉ चंद्रशेखर सिंह सबसे पहले गांधी सेतु ओपी के लिए मौजा संदलपुर में बिस्कोमान गोलंबर के पास स्थल का निरीक्षण किया। यहां पर इन्होंने जमीन को देखा। इसके बाद वे व्यवहार न्यायालय पटना सिटी के लिए रानीपुर मौजा में स्थित भूमि का निरीक्षण किए। उन्होंने रानीपुर मौजा में ही बाइपास थाना के लिए भी चिन्हित किए गए 50 डिसमिल जमीन का मुआयना किया। इसके बाद पाटलिपुत्र बस स्टैंड ओपी/थाना के लिए पहाड़ी मौजा में जमीन को देखा। डीएम ने कहा कि बिहार सरकार के उद्देश्यों के अनुरूप नागरिकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न कार्यालयों के लिए जमीन खोजी जा रही है। पटना जिला में इस मामले में काफी अच्छी प्रगति है। उन्होंने कहा कि आम जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रखंड अंचल कार्यालय एवं नगर परिषद कार्यालय संपतचक के लिए नए भवनों के लिए यह भूमि उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रखंड सह अंचल कार्यालय संपतचक के भवन के लिए दो राजस्व ग्रामों सोहगी तथा झुझारपुर में प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण किया है। सोहगी नगर परिषद क्षेत्र में तथा झुझारपुर ग्राम पंचायत क्षेत्र में आता है। प्रखंड अंचल कार्यालय के लिए लगभग ढाई एकड़ जमीन चिन्हित की गई है, जो स्टेट हाईवे-1 से मात्र एक किलोमीटर दूर है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी फीडबैक ली गई है।



अजीमचक गांव के सोहगी मौजा में नगर परिषद के प्रशासनिक भवन के लिए चिन्हित जमीन का भी निरीक्षण किया गया। यह एसएच-1 पर स्थित है। डीएम ने कहा कि संपतचक-परसा रोड को दो से फोर लेन किया जाना है।

इस रोड के किनारे संपतचक अंचल के चिपुरा मौजा में पुलिस लाइन के लिए भी जमीन का निरीक्षण किया गया। पदाधिकारियों को मानक के अनुरूप भूमि उपलब्ध कराने के लिए कार्य करने का निर्देश दिया गया। डीएम ने कहा कि जनहित की योजनाओं के लिए उपयुक्त भूमि उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने एसडीओ एवं एसडीपीओ को भूमि उपलब्धता के कार्य का नियमित अनुसरण करने का भी निर्देश दिया। साथ ही कहा कि वह इस कार्य में आने वाली बाधाओं का निराकरण भी सुनिश्चित करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### वाहन चेकिंग में 12 हजार 500 रुपए का हुआ जुमार्ना वसूली

कल्याणपुर, समस्तीपुर। थाना क्षेत्र के जटमलपुर व कल्याणपुर चौक पर बुधवार को स्थानीय थाने के एएस आई हरेंद्र तिवारी पीटीसी अजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जिससे वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। वही फोर व्हीलर टू व्हीलर वाहन स्वामियों से बिना कागजात एवं बाइक सवार बिना हेलमेट के पकड़ते हुए जुमार्ना किया गया। जिसमें कुल 12 हजार 500 की राशि विभिन्न वाहन चालकों से जुमार्ना की राशि वसूल की गई। वहीं थानाध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने जुमार्ना वसूली की जानकारी दी।

### मानवाधिकार दिवस पर भाषण एवं वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित

विभूतिपुर। प्रखंड के डीबीकेएन कॉलेज नरहन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में मानवाधिकार दिवस पर भाषण एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन प्रधानाचार्य डॉ राकेश रंजन सिंहा के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो.एस,एस द्विवेदी के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के शिक्षक डॉ यश रंजन, डॉक्टर अनुज कुमार सुधांशु, डॉ कुमुद कुमार, डॉ हरी किशोर केशव, डॉ सिद्धेश्वर झा ने अपना-अपना विचार रखा। डिग्री एवं शिक्षा संकाय से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। मौके पर प्रो द्विवेदी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए मानवाधिकार को जानने समझने एवं इसके सदुपयोग करने पर बल दिया। जिससे एक स्वच्छ समाज एवं सशक्त राष्ट्र का निर्माण हो सके।

### मारपीट में युवक जख्मी

कल्याणपुर, समस्तीपुर। चकमहेसी थाना क्षेत्र के डढ़िया गांव में आपसी विवाद में मारपीट में एक युवक जख्मी हो गया। परिजनों के द्वारा ईलाज के लिए सीएचसी में लाया गया। जख्मी की पहचान डढ़िया गांव के 40 वर्षीय फेकन दास के रूप में हुई है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर बीके ठाकुर ने बताया कि गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर ईलाज के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर रेफर कर दिया गया है।

### कलश शोभा यात्रा के साथ 24 घंटे का अष्टयाम यज्ञ शुरू

कल्याणपुर, समस्तीपुर। प्रखंड क्षेत्र के अजना पंचायत के पुराने पैक्स गोदाम के समीप ब्रह्मस्थान में 101 कन्याओं के कलश शोभा यात्रा के साथ मानव कल्याण हेतु 24 घंटे का अष्टयाम महायज्ञ हवन रामचरितमानस पाठ के साथ शुरू हुआ। नवयुवक संघ के बैनर तले महायज्ञ की शुरूआत की गई। जिसमें स्थानीय कीर्तन मंडली के अलावे ग्रामीणों के सहयोग से रामधुन चल रहा है। इसको लेकर पूरा क्षेत्र राम मय बना हुआ है। सक्रिय सहयोग करने वालों में ग्रामीण प्रेमलाल शाह, सतनारायण साह, मुन्ना साह, राम विनोद साह, कपिल देव महतो, अरविंद कुमार सिंह सहित ग्रामीण मोजूद थे।

### सीपीएम के सचिव बने राघवेंद्र यादव

कल्याणपुर। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी )लोकल कमेटी कल्याणपुर वारिसनगर का आठवां एक दिवसीय सम्मेलन मुक्तापुर पंचायत भवन के परिसर संपन्न हुआ। सम्मेलन की शुरूआत राज्य कमेटी सदस्य शाह जफर इमाम ने झंडा तोलन के साथ उद्घाटन किया गया। इस सम्मेलन में भोला राय एवं विष्णु देव शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। सभी प्रतिनिधि साथियों के बहस के बाद आगामी तीन वर्षो के लिए आम आवाम, गरीब गुरबा, छात्र नौजवान, किसान मजदूर, के हक और अधिकार के लिए संघर्षो का नीति निर्धारण किया गया, और ज्यादा से ज्यादा पार्टी और आंदोलन को बढ़ाने का निर्णय लिया गया। वहीं 19 सदस्य कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से राघवेंद्र यादव को कल्याणपुर वारिसनगर लोकल कमेटी का नया सचिव बनाया गया।

### तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से बंशीधर ब्रजवासी की जीत पर शिक्षकों में हर्ष

विभूतिपुर, समस्तीपुर। तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से बिहार विधान परिषद के रूप में परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ प्रदेश अध्यक्ष निर्दलीय प्रत्याशी वंशीधर ब्रजवासी की जीत पर समस्तीपुर के शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। मौके पर परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिला महासचिव संतोष कुमार, जिला संयोजक रमेश कुमार, प्रखंड अध्यक्ष दिलीप कुमार, मीडिया प्रभारी मो मिन्नुतुल्लाह, सुनील कुमार दास, सुरेंद्र कुमार यादव, संजय कुमार सिंह, आरसी प्रसाद सिंह, राम विनोद सहनी, रविंद्र कुमार सहनी आदि मौजूद थे।

# बाइक की ठोकर से घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत, विरोध में किया सड़क जाम

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता



सड़क दुर्घटना में घायल वृद्ध की मौत होने के बाद आक्रोशित परिजनों ने समस्तीपुर-रोसड़ा मुख्य मार्ग के रेवाड़ी ढाला भूषण चौक पर बुधवार की सुबह मृतक के शव के साथ सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। लोग ठोकर मारने वाले बाइक सवार पर कार्रवाई और मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग कर रहे थे।

लगभग दो घंटे तक सड़क जाम रहा। सूचना पर पहुंची ट्रैफिक व मुफ्फसिल पुलिस के द्वारा कार्रवाई का आश्वासन देने व समझाने-बुझाने पर किसी तरह से सड़क जाम समाप्त कराया। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को रेवाड़ी ढाला चौक पर एक बाइक ने अंगारघाट थाना क्षेत्र के बिरनामा तुला निवासी रामस्वरूप साह (70 वर्ष) को ठोकर मार दिया था। इस घटना में रामस्वरूप साह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिन्हें स्थानीय लोग की मदद से इलाज को लेकर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान बुधवार की सुबह उनकी मौत हो गई। मौत की खबर जैसे ही परिजनों व ग्रामीणों को लगी शव के साथ उन लोगों ने रेवाड़ी ढाला चौक पर सड़क जामकर आरोपी की गिरफ्तारी व मुआवजा की मांग करने लगे। इस संबंध में ट्रैफिक थानाध्यक्ष सुनीलकांत ने बताया कि लोगों को कार्रवाई का आश्वासन देकर सड़क जाम समाप्त कराया गया है। शव को जब्त कर पोस्टमार्टम कराया गया है। मृतक के परिजनों के द्वारा आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन मिलने के बाद विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## दो महीने से पति कर रहे थे ब्लैक मेल, सोशल मीडिया पर डाल रहा था अभद्र वीडियो

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता




मधुबनी। मधुबनी से ब्लैकमेलिंग का एक मामला सामने आया है। जहां पति ने पत्नी की फेक फेसबुक और इंस्टाग्राम आईडी बनाकर उसे ब्लैकमेल करना कर रहे थे।महिला का आरोप है कि उसका पति अश्लील वीडियो बनाकर उसके रिश्तेदारो को भेज थे। इससे उसकी पारिवारिक जीवन और सामाजिक छवि बर्बाद हो करने में लगे हुए थे।इस मामले को लेकर महिला ने बुधवार को साइबर थाने में दूसरी बार आवेदन दिया है। इससे दो महीने पहले भी महिला ने इस मामले को लेकर आवेदन दिया था। लेकिन अब तक उस पर कार्रवाई नही होने के वजह से दूसरी बार महिला ने साइबर थाने में आवेदन फिर से दिया है। हालांकि पहली बार में महिला को इस बात की जानकारी नही थी कि उसका पति ही फेक आईडी बनाकर उस पर अश्लील वीडियो डाल रहा है। महिला ने पहली बार में अज्ञात के खिलाफ आवेदन दिया था। जब उसे पता चला कि सारा साजिश हमारे पति ही कर रहा है तब जाकर दूसरी बार में बुधवार को उसने अपने पति के खिलाफ साइबर थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। पीड़ित महिला ने बताया कि वह पिछले दु महीने से पुलिस थाने का चक्कर काट रहे थे। लेकिन उसकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नही की गई। महिला का कहना है कि आरोपी लगातार अलग-अलग फेक आईडी बनाकर अश्लील मैसेज और वीडियो परिजनो को भेजता रहा है। पुलिस ने उसे पुपरी थाना और साइबर सेल के बीच चक्कर लगवाते रहे लेकिन मामले पर ध्यान नही दिया। इस बाबत को लेकर साइबर डीएसपी रश्मि कुमारी ने बताया कि आरोपी ने कई फेक अकाउंट्स बनाकर अश्लील वीडियो पोस्ट की है। उन्होने कहा मामले की जांच शुरू कर दीया गया है।

## श्री श्याम ज्योति जागरण महोत्सव सह धार्मिक अनुष्ठान को ले भव्य निशान शोभायात्रा निकाली गई

प्रात: किरण संवाददाता



मधुबनी। जयनगर मेन रोड स्थित श्री सत्यनारायण भगवान मंदिर परिसर में श्री सेवा श्याम सेवा मण्डल के तत्वावधान में 24 वां दो दिवसीय श्री श्याम बाबा का ज्योति जागरण महोत्सव सह धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम को लेकर बुधवार भव्य निशान शोभायात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम का शुभारंभ मन्दिर परिसर में श्याम बाबा सजा भव्य दरबार के समक्ष विधिवत निशान पूजा अर्चना कर जय श्री श्याम जयकारो जयघोष के साथ दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पूजा अर्चना के पश्चात जय श्री श्याम के जयकारे के साथ मंदिर परिसर से सेवा मंडल के सदस्यो और श्रद्धालु भक्त जनो ने ध्वज पूजन कर बैंड बाजे के साथ झूमते गाते नृत्य करते हुए क्षेत्र में भव्य ध्वज के साथ निशान शोभा यात्रा निकाली। शोभा यात्रा उत्सव स्थल मंदिर परिसर से शुरू होकर नगर भ्रमण कर पुनः मंदिर परिसर में पहुच कर शोभायात्रा का विधिवत समापन हुआ। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष, युवा युवतियो बच्चे श्रद्धालु भक्त जन अपने हाथो में ध्वज थामे हुए जय श्री श्याम की जयकारे लगा रहे थे। शोभा यात्रा में रथ पर सजा श्री श्याम बाबा की झांकी की मनोरम आकर्षक झांकी व शोभायात्रा आकर्षन का केंद्र बना हुआ रहा। शोभायात्रा के दौरान यात्रा में शामिल आयोजक और श्रद्धालुओ के प्रसाद का भी वितरण किया गया। मंदिर परिसर और श्याम बाबा का दरबार भव्यता से सजाया गया है। धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम में ध्वज पूजन ,ध्वज निशान शोभा यात्रा,बाबा का भव्य श्रृंगार,सवा मनी छप्पन भोग, श्याम भोग ,अखण्ड ज्योति पाठ संगीतमय भक्ति मय भजन संकिर्तन समेत गीत संगीत एवं झांकिया बाबा का गुणगान और महाप्रसाद शामिल हैं। धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम के आयोजन से क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण माहौल हो गया है। वही शाम से कलाकार गायक गायको मंडली व म्यूजिकल ग्रुप कलाकारो के द्वारा मनोरम झांकिया और स्थानीय गायको कलाकारो के द्वारा संगीतमय भजन संकिर्तन की प्रस्तुति हुआ।धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री श्याम सेवा मण्डल के सदस्यों और श्रद्धालुभक्त जन काफी सक्रिय दिखे।

मौके पर सेवा मंडल के कई सदस्यगण कार्यकर्ता बड़ी संख्या में महिलाओ पुरषो युवाओ युवतियो बच्चे श्रद्धालु भक्त जण शामिल हुए।

# जनसुराज कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित


प्रात: किरण संवाददाता



मधुबनी। जयनगर और बेनीपट्टी जनसुराज अनुमंडल कार्यालय पर जनसुराज के जयनगर अनुमंडल के पदाधिकारी और जयनगर प्रखण्ड एवं बासोपट्टी प्रखण्ड के पदाधिकारी एवं बेनीपट्टी अनुमंडल पदाधिकारी सहित मधवापुर हरलाखी और बिस्फी प्रखण्ड के पदाधिकारी के बैठक में जनसुराज के जिला मुख्य प्रवक्ता मनीष कुमार झा और जिला अभियान समिति मधुबनी के संयोजक विरेन्द्र यादव ने भाग लिया। बैठक में कोर कमिटी गठन संगठन के मजबूती पंचायत स्तर पर हर घर घर जनसुराज प्रत्येक माह प्रखण्ड पदाधिकारी आवश्यक बैठक प्रत्येक प्रखंड में वृहत सभी सदस्यो के साथ बैठक के तिथि निर्धारित करने के लिए विचार विमर्श किया गया।इस बैठक में अनुमंडल अध्यक्ष और प्रखंड अध्यक्ष सहित जयनगर अनुमंडल के सभी उपस्थित पदाधिकारी ने प्रत्येक प्रखंड के लिए एक चार पहिया वाहन और दो बाईक एक साउंड सिस्टम एवं अनुमंडल स्तर के समिति के पदाधिकारी के लिए भी एक चार पहिया वाहन साउण्ड सिस्टम प्रत्येक पंचायत के लिए कम से कम 500 झंडा पोस्टर और 50 फ्लेक्स बोर्ड 500 स्कूल बैग पेंसिल कांपी 50 डायरी पेन संसाधन हर घर घर जनसुराज के लिए मांगा रखा है। जिला मुख्य प्रवक्ता मनीष कुमार झा ने कहा कि पत्र के माध्यम से केन्द्रीय नेतृत्व से संसाधन के लिए सुचना प्रदान किया जाएगा। मुख्य प्रवक्ता ने कहा कि राज्य कोर कमिटी की घोषणा जनसुराज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने किया है जिससे मधुबनी जिला के सभी जनसुराजी ने स्वागत किया है साथ ही सभी ने सभी कोर कमिटी के सदस्यो को शुभकामना प्रदान किया। इसमे मनीष कुमार झा विरेन्द्र यादव बेनीपट्टी अनुमंडल अध्यक्ष हरेराम ठाकुर जयनगर अनुमंडल अध्यक्ष ब्रजेश राऊत प्रदीप राय सुजीत साह मो जुबैर अहमद यशवन्त झा पप्पू लाल दास अभय ठाकुर विश्वनाथ राम भूषण ठाकुर विपिन गौहीवार राम लाल राय मोहन राय राम नारायण पंडित सुजीत पासवान तहसीन अहमद समेत अनेक पदाधिकारी ने उपस्थित रहे। मधुबनी अनुमंडल के अध्यक्ष सुर्यकांत ठाकुर जितेन्द्र सिंह उमेश ठाकुर सुमित सिंह जिला मुख्य प्रवक्ता मनीष कुमार झा के उपस्थिति में कलुआही प्रखंण्ड के जनसुराज कार्यलाय में बैठक किया। खेल कूद मेडिकल कैंप कोचिंग कि व्यवस्था पंचायत में सभा कम से कम माह में एक बार साथ बैठने कार्य निष्पादन करने पर सहमति बना। जिससे कि 2025 के विधानसभा चुनाव में जनसुराज पार्टी का सरकार बनाकर बिहार में व्यवस्था परिवर्तन किया जा सके।

## जिलाधिकारी ने किया श्यामा माई मंदिर प्रांगण में एटीएम मशीन का उद्घाटन

प्रात: किरण संवाददाता



दरभंगा।माँ श्यामा माई मंदिर के प्रांगण में पंजाब नैशनल बैंक के एटीएम मशीन का उद्घाटन जिलाधिकारी राजीव रौशन के द्वारा किया गया। इस मौके पर न्यास समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष,प्र सह सचिव ,सदस्यगण सहित अनेकों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि यह ए टी एम मशीन मंदिर के भक्तों और आसपास के निवासियों के लिए सुलभ सेवा प्रदान करेगा। श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के मंदिर परिसर में ही अपने वित्तीय लेन-देन कर सकेंगे। जिलाधिकारी ने एटीएम अधिष्ठापन के निर्णय उपरांत रिकॉर्ड 45 दिनों में इसके उदघाटन के लिए पीएनबी टीम एवं इस कार्य में लगे न्यास सहित अन्य संबंधित लोगों को धन्यवाद दिया और कहा कि यह कार्य संपन्नता के प्रति समर्पण का उदाहरण है। उन्होंने बैंक के पदाधिकारी से कहा कि बाजार समिति प्रांगण में भी निकासी सहित जमा मशीन की स्थापना भी करवाएं ताकि शाम तक बिक्रीं की राशि को व्यवसाई वहां जमा कर घर लौटे जिससे रास्ते में छिनतई इत्यादि की घटना में कमी हो सके। इस पर वहां उपस्थित पी एन बी अधिकारियों ने इस संबंध में शीघ्र कारवाई का आश्वाशन दिया।पंजाब नैशनल बैंक, मंडल कार्यालय दरभंगा के मंडल प्रमुख रवि भूषण झा ने बताया कि यह पंजाब नैशनल बैंक दरभंगा मंडल का 73 वाँ एटीएम है, जो आधुनिक तकनीक से युक्त है। श्यामा मंदिर परिसर में अधिष्ठापित यह एटीएम व्यापार, सुविधा, आधुनिक तकनीक और जरूरत को आध्यात्म ,आस्था, धर्म और संस्कृति से जुड़ने का प्रतीक है।धन्यवाद ज्ञापन के क्रम में न्यास समिति के उपाध्यक्ष प्रो.जयशंकर झा ने किया।

## पांच घरों में हुई लाखों रुपए की चोरी

बेनीपुर(दरभंगा) ।बड़ी तरौनी एवं काजीयाना में बीती रात 5 घरों के ताला तोड़कर लाखों रुपए की चोरी हुई है। सूत्रों के मुताबिक बड़ी तरौनी गांव में मनोज मंडल के घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने करीब 3 लाख के सोना चांदी के गहना सहित अन्य सामान चोरी कर ली। पीड़ित ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। इसके अलावे इसी गांव के सिद्धिनाथ झा,विनोद कुमार मिश्र,मोहन,विजय कुमार झा के घर का ताला तोड़कर लाखों रुपए का सामान चोरी हो गई। इधर बहेड़ा थाना के सटे काजीयाना मोहल्ला में फिरोज खातून के घर का ताला तोड़कर चार लाख रुपए के जेवरात सहित अन्य कीमती सामान चोरी हुई है। उपरोक्त सभी पीड़ित का घर सुना रहने के कारण चोरों ने घटना को अंजाम दिया। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। बहेड़ा थाना के एस.एच.ओ चंद्रकांत गौरी ने पांच घरों में हुई चोरी की घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया आवेदन मिला है।

## तुम डाल डाल हम पात पात पर बालू माफियाओं का करतूत

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। बालू माफिया यह कहावत चरितार्थ कर रहे हैं तुम डाल डाल हम पात-पात राज्य सरकार द्वारा बालू माफिया के चोरी को समाप्त करने के लिए तरह-तरह के नियम कानून बनाकर अवैध खनन और राजस्व की चोरी रोकने का प्रयास किया जा रहा है वहीं पटे द्वारा पुलिस और खनन विभाग को आंखों में पैसे की पट्टी बांधकर गोरखधंधा आराम से किया जा रहा है बालू उठाव हवेली खड़गपुर तारापुर संग्रामपुर बरियारपुर और मुंगेर से किया जा रहे हैं जो घाट बंदोबस्ती में आता है उन घाटों पर सीसी कैमरा लगा हुआ है लेकिन रात को दीनबंधु बस्ती घाटों से बालू का उठाव कर रात में अपने आवास पर बालू का भंडारण करते हैं और पुलिस से बचने के लिए चलन पर एक ही बालू को गंतव्य स्थान तक पहुंचा या करते हैं अगर पुलिस चालान चालान की जांच करने पहुंचती है तो बिना तिथि का चालान बालू माफिया रखते हैं जो तिथि भरकर पुलिस के समक्ष प्रस्तुत कर देते हैं और उन पर से नजराना भी कुछ पुलिस को दिया जाता है ऐसा कहा जा रहा है कि पुलिस और खनन विभाग की मिली भगत से बालू माफियाओं द्वारा अवैध खनन कर बंदोबस्ती घाटों के अलावा बालू का उठाव किया जा रहा है जानकार सूत्रों के अनुसार बालू का उठाओ गहराई 3 फीट तक होनी चाहिए लेकिन अवैध खनन ढुलाई और बालू को जमा करने के लिए बालू घाटों पर से 3 फीट की जगह 5 फीट तक गहराई कर बालू का उठाव किया जाता है इस उठाव के लिए गहराई को छुपाने के लिए जांच खनन विभाग द्वारा जो की जाती है उसमें पैसे का लेनदेन ठेकेदार के द्वारा किया जाता है जानकारी के अनुसार खनन विभाग में शक्ति बढ़ा दी है।

### विद्युत विभाग की ओर से आयोजित शिविर में 17 आवेदन प्राप्त

मनीगाछी(दरभंगा)। बिजली विभाग की ओर से विद्युत विपत्र सुधार ,नया कनेक्शन, कृषि कनेक्शन, खराब,जले मीटर, स्मार्ट मीटर संबंधित शिकायतों के लिए बुधवार को ब्रह्मपुर पंचायत, बघांत पंचायत, बैका और नदियामी पंचायत में लगाए गए शिविरों में कुल 17 आवेदन प्राप्त हुए।एस डी ओ ने बताया कि इसका निष्पादन शीघ्र किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नियमित रूप से चलने वाला यह शिविर कायस्थ कबई पंचायत भवन, पुतई चौक, कुर्सो मछैता और टेंगा पंचायत भवन में गुरुवार (आज)शिविर लगाया जाएगा।

### मृत्यु के पश्चात बजरंगी दास को मिला मुआवजा की राशि

मुंगेर। तारापुर प्रखंड के माणिकपुर गांव निवासी बजरंगी दास के पुत्र कुंदन कुमार उर्फ अंकुश कुमार की मौत 4 जुलाई 2023 को हुए घनघोर बारिश में घर के समीप ही छिपे एक दीवाल के ढह जाने के कारण प्राकृतिक आपदा में हो गयी। इस आपदा में उनके दो अन्य बच्चे अखिलेश कुमार और पुत्री अंबानी कुमारी भी गंभीर रूप से घायल हो गयी थी। मृत्यु के पश्चात बजरंगी दास द्वारा मुआवजा राशि के लिए अंचलाधिकारी, तारापुर के कार्यालय में आवेदन किया था। जहां से अनुमंडल पदाधिकारी तारापुर को आवेदन प्रतिवेदित किया गया, परन्तु उन्हें मुआवजा की राशि प्राप्त नहीं हुई। उन्होंने 19 मार्च 2024 को अनुमंडल लोक शिकायत निवारण, तारापुर कार्यालय में अपनी शिकायत दर्ज कराया, जहां से उनके आवेदन को जिला लोक शिकायत निवारण कार्यालय भेज दिया गया।

## सम्मेलन की तैयारी को लेकर हुई बैठक



प्रात: किरण संवाददाता

विभूतिपुर। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी सीपीएम के 14- 15 दिसंबर को जनता कॉलेज सिंघिया में आयोजित होने वाले जिला सम्मेलन की तैयारी को लेकर स्वागत समिति की समीक्षात्मक बैठक जनता कॉलेज परिसर में आयोजित की गई।

बैठक के अध्यक्षता स्वागत अध्यक्ष श्याम किशोर कमल ने किया। स्वागत मंत्री महेश कुमार ने स्वागत समिति की तैयारी के संबंध में पूरा ब्योरा पेश किया। वहीं सदस्यों ने रैली एवं सम्मेलन के तैयारी पर अपनी अपनी विचार रखा। जिला सम्मेलन के प्रतिनिधियों के रखरखाव एवं 1:00 से जनता कॉलेज परिसर में रैली सभा की तैयारी के लिए जनसंपर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया। कापन से एक जुलूस एवं दूसरा सिंघिया चौक से निकाला जाएगा। बैठक में स्थानीय विधायक अजय कुमार, पार्टी जिला मंत्री रामाश्रय महतो, सिया प्रसाद यादव, विश्वनाथ महतो, रामदेव राय, नवीन सिंह, मिथिलेश सिंह, सुरेंद्र सिंह, अरविंद दास, क्रांति कुमार, जागेश्वर महतो, राधेश्याम पासवान, जय नारायण शर्मा, उमेश दास, दिलीप पंजियार आदि ने भाग लिया।

## सामुदायिक पहल के साथ डालमिया भारत ने मनाया संस्थापक दिवस

प्रात: किरण संवाददाता



कल्याणपुर। भारत की अग्रणी सीमेंट कंपनी डालमिया भारत लिमिटेड ने अपना संस्थापक दिवस सामुदायिक विकास और सशक्तिकरण की कई महत्वपूर्ण पहलों के साथ मनाया। यह कार्यक्रम कंपनी की समृद्ध विरासत और समाज के सतत विकास के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को समर्पित था।

डालमिया सीमेंट के कल्याणपुर प्लांट में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में स्थानीय समुदाय की महिलाओं को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के उद्देश्य से 175 सिलाई मशीनें वितरित की गई। इसके अलावा, घरेलू खेती को बढ़ावा देने और घरेलु पोषण सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए 500 लाभार्थियों को किचन गार्डन के बीज वितरित किए गए। साथ ही, मशरूम उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए 200 लाभार्थियों को मशरूम स्पॉन किट्स भी प्रदान की गई। इस पहल का उद्देश्य न केवल स्थानीय किसानों का समर्थन करना है, बल्कि कृषि क्षेत्र में आय बढ़ाने के नए अवसर भी प्रदान करना है। इस अवसर पर, डालमिया भारत फाउंडेशन के सीईओ अशोक कुमार गुप्ता ने कहा, संस्थापक दिवस केवल डालमिया भारत की यात्रा का उत्सव नहीं है, बल्कि हमारे संस्थापक जयदयाल डालमिया द्वारा स्थापित मूल्यों को फिर से याद करने का दिन है। उनकी दूरदर्शी सोच, सरलता, ईमानदारी और निस्वार्थ सेवा के आदर्श हमें प्रेरित करते हैं।

आज हम समाज और पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव डालने के अपने संकल्प को दोहराकर उनकी स्थायी विरासत का सम्मान कर रहे हैं। हर साल, डालमिया भारत 11 दिसंबर को अपने दूरदर्शी संस्थापक स्वर्गीय जयदयाल डालमिया की जयंती के अवसर पर संस्थापक दिवस मनाता है। यह दिन उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों को श्रद्धांजलि देने और उनके आदर्शो के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता की पुष्टि करने का अवसर है, जो आज भी इसके मार्गदर्शन का आधार है।

## दरभंगा से वंदे भारत,अमृत भारत व कुंभ के लिए प्रयागराज तक ट्रेन जरूरी : सांसद

प्रात: किरण संवाददाता



दरभंगा।दरभंगा रेलवे स्टेशन समस्तीपुर मंडल अन्तर्गत सबसे अधिक राजस्व प्रदान करने वाली अतिमहत्वपूर्ण स्टेशन है।दरभंगा से भाया सीतामढ़ी अयोध्याधाम होते हुए नई दिल्ली तक एवं दरभंगा से कोलकाता तक वंदे भारत एवं दरभंगा से मुंबई पुणे अमृत भारत स्लीपर ट्रेन के साथ साथ आगामी कुंभ मेला के आलोक में यहां से प्रयागराज तक प्रतिदिन ट्रेन का परिचालन शुरू किया जाना आवश्यक है।दरभंगा के सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने बुधवार को दिल्ली स्थित रेल भवन में रेलवे स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में उपरोक्त सुझाव दिए।

सांसद ने कुंभ मेला की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि आगामी 13-14 जनवरी से प्रयागराज में महाकुंभ प्रारंभ हो रहा है अतः दरभंगा से प्रयागराज प्रतिदिन स्पेशल ट्रेन चलाये जाने की आवश्यकता है।संसद डा ठाकुर ने लहेरियासराय से सहरसा एवं दरभंगा से मुजफ्फरपुर नई रेल लाइन को स्वीकृति प्रदान कर कार्य यथाशीघ्र प्रारंभ किए जाने को अनिवार्य बताते हुए कहा कि भौगोलिक दृष्टि से यह दोनों नई रेल लाइन मिथिला के लिए वरदान साबित होगा। कमिटी की बैठक में दरभंगा से गुवाहाटी भाया-सरायगढ़,कटिहार नई सुपरफास्ट ट्रेन अविलंब चलाने लहेरियासराय स्टेशन पर दो अतिरिक्त प्लेटफार्म का निर्माण करवाये जाने जयनगर,लौकहा,रक्सौल,हरिनगर रेलखंड पर चलने वाली सभी पैसेंजर ट्रेन को लहेरियासराय स्टेशन से ही खोलने दरभंगा से मुम्बई के लिए दैनिक सुपरस्टार ट्रेन का परिचालन प्रारंभ किया जाने दरभंगा होकर चलने वाली सभी डेमू ट्रेनों को मेमू रैक में बदलने दरभंगा से राँची बन्देभारत ट्रेन का परिचालन शुरू करने दरभंगा अन्तर्गत शीशो स्टेशन के पास रेलवे की पर्याप्त खाली भूमि को ध्यान में रखते हुए 10 प्लेटफार्म के साथ न्यू दरभंगा टर्मिनल स्टेशन बनाए जाने दरभंगा से कोटा एक नई ट्रेन का परिचालन प्रारंभ किया जाने का सुझाव देते हुए कहा कि इन सुझावों पर जनहित में पहल करने की जरूरत है।

## क्रियान्वित योजनाओं को शीघ्र पूरा करने का बीडीओ ने दिया निर्देश

मनीगाछी(दरभंगा)। प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार भवन में बुधवार को पंचायत सचिवों की बैठक बीडीओ डीएल यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बीडीओ ने 15 वीं एवं षष्ठम वित्त आयोग से चलाई जा रही योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द पूरा कराने का निर्देश सभी पंचायत सचिवों को दिया। साथ ही उन्होंने सभी पंचायत सरकार भवनों तथा पंचायत भवनों में आवश्यक रूप से नियमित आरटीपीएस काउंटर का संचालन करने ,जन्म-मृत्यु से संबंधित सभी आवेदनों का त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया।इस मौके पर पंचायत सचिव नीतेश कुमार, मुकेश कुमार, सतीश कुमार, रामस्वारथ यादव, राम कलश यादव, मुकेश कुमार राम, कपिलेश्वर प्रसाद सहित अन्य सभी पंचायत सचिव मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### गिद्धौर के तारडीह गांव से एक वारंटी को किया गिरफ्तार



गिद्धौर। थाना क्षेत्र के तारडीह गांव से गिद्धौर पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के तारडीह गांव निवासी रामजतन मांझी को न्यायालय से निर्गत अजमानतीय वारंट के आधार पर थानाध्यक्ष सवेर्जीत कुमार के नेतृत्व में अवर निरीक्षक पंकज कुमार द्वारा गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### पुलिस ने शव बरामद किया

बरियारपुर/ मुंगेर। मुंगेर जिलांतर्गत हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र के किशनपुर गांव में मुसहरी के पीछे पानी का कछाड़ में एक व्यक्ति का शव को ग्रामीणों ने देखा। जिसके बाद इस बात की सूचना गांव में आग की तरह फैल गई। जब मृतक की पहचान की गई तो मृतक की पहचान गांव के 50 वर्षीय परशुराम सिंह के रूप में हुआ। इस मामले में परिजनों ने बताया कि मृतक के तीन लड़का एक लड़की और वह किसानी का काम किया करते है। और कल मंगलवार को शाम सात बजे घर से मुसहरी के तरफ निकले थे तब से ये घर वापस नहीं आय। आज आज इनका शव मुसहरी के पीछे पानी के कछाड़ में मिला। परिजनों ने बताया कि की इनकी मौत नहीं हत्या की गई है। पहले से भी कई लोगों से इनकी दुश्मनी है। इसको ले थाना में कई लोगों पे शक जाहिर करते हुए हत्या का आवेदन भी दे दिया गया है। हत्या की सूचना के बाद मौके पर पुलिस पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई है। साथ ही परिजनों के द्वारा दिए आवेदन के अतिरिक्त भी पुलिस अन्य कई बिंदुओं पर जांच कर रही है।

### ट्रक के चपेट में आने से बाइक सवार की मौके पर हुई मौत

बरियारपुर (मुंगेर)। बरियारपुर - मुंगेर मुख्यमार्ग पर बादशाही पुल पर मोटरसाइकिल सवार ट्रक के चपेट में आने से बाईक सवार के घटना स्थल पर ही मौत हो गया। मोटर साईकिल चालक अचेत अवस्था में बरियारपुर पुलिस के सहयोग से ईलाज के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बरियारपुर पहुंचायें गये। घटना के संम्बन्ध में बताया जाता है कि मोटर साईकिल सवार बांका से चलकर अपने घर वापसी के क्रम में बादशाही पुल के मध्य भाग में ट्रक संख्या ठछ 01अउ2112 के चपेट में आने से शिर कुचल जाने से सवार 35 वर्षीय रंजीत राय पिता स्वर्गीय सुधीर राय के घटनास्थल पर मौत हो गई वही 40 वर्षीय रोहन राय पिता रामदेव राय को अचेत अवस्था में मे बरियारपुर पुलिस के सहयोग से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र 112 के सहयोग से पहुंचाया गया।

### बख्तियारपुर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के 6 छात्रों का एविओट्रॉन एयरोस्पेस में चयन

पटना। बख्तियारपुर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग ने एक बार फिर अपनी गुणवत्ता और छात्रों की प्रतिभा का प्रमाण दिया है। कॉलेज के छह होनहार छात्रों का चयन एयरोस्पेस कंपनी एविओट्रॉन एयरोस्पेस में लगभग 4.2 लाख पर हुआ है। इस सफलता से कॉलेज में उत्सव का माहौल है, और यह न केवल छात्रों बल्कि पूरे संस्थान के लिए गर्व का विषय है। चयनित छात्रों के नाम : महिमा यादव, मोहम्मद अश्मीर जमाल, सुशांत प्रसाद, तेजी कुमारी, विनीत विशाल, विनीत कुमार झा। प्राचार्य डॉ.कुमार सुरेंद्र ने छात्रों को उनकी सफलता के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा, ह्ययह उपलब्धि न केवल इन छात्रों की मेहनत का परिणाम है, बल्कि हमारे संकाय और प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट विभाग की निरंतर प्रयासों का भी साक्ष्य है। यह हमारे संस्थान के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है, और हमें गर्व है कि हमारे छात्र एयरोस्पेस कंपनी का हिस्सा बन रहे हैं। कॉलेज के ट्रेनिंग और प्लेसमेंट ऑफिसर (टीपीओ) राजीव रंजन और असिस्टेंट ट्रेनिंग और प्लेसमेंट ऑफिसर प्रो. विकाश कुमार ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उनकी लगन और कड़ी मेहनत का नतीजा है। प्रो. राजीव रंजन ने कहा,हमने छात्रों को सही दिशा और अवसर प्रदान करने का हर संभव प्रयास किया, और उनका चयन यह दशार्ता है कि मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती। संस्थान के मीडिया प्रभारी प्रो. विकाश कुमार ने कहा, हमारा उद्देश्य छात्रों को न केवल तकनीकी ज्ञान देना है, बल्कि उन्हें इंडस्ट्री के लिए तैयार करना है। ये छात्र हमारे कॉलेज का गौरव हैं।

# विशेष केंद्रीय सहायता मध्य से हो रहे गिद्धौर के महुली मोड़ से सरसा गांव जाने वाली सड़क निर्माण में अनियमितता को लेकर ग्रामीणों में रोष

## निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण कराये जाने को ले सरसा के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को आवेदन भेज की शिकायत







**प्रात : किरण संवाददाता**

गिद्धौर। प्रखंड अंतर्गत सरसा गांव के ग्रामीणों ने स्थानीय क्षेत्र अभियंता संगठन कार्य प्रमंडल जमुई द्वारा विशेष केंद्रीय सहायता मध्य से हो रहे सड़क निर्माण कार्य में अनियमितता बरते जाने के मामले में जिलाधिकारी महोदय को पत्र भेज सड़क निर्माण कार्य को मनक के अनुरूप कराये जाने की मांग की है।

स्थानीय ग्रामीणों द्वारा बताया जाता है कि सड़क निर्माण में विभाग के द्वारा निर्माण कार्य कराया जाना है, जबकि उक्त स्थल पर बिचोलियों के माध्यम से सड़क निर्माण का कार्य कराया जा रहा है।

सड़क निर्माण कार्य में बरती जा रही अनियमितता को देखते हुए भी विभाग के कनीय अभियंता तथा सहायक अभियंता के द्वारा गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराये जाने को लेकर टालमटोल से क्षेत्र के ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।जबकि बीते कुछ दिनों पूर्व स्थानीय ग्रामीणों द्वारा कार्य में बरती जा रही लापरवाही एवं अनियमितता की ग्रामीणों से मिली शिकायत पर कार्यपालक अभियंता द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया था साथ ही उन्होंने कनीय अभियंता तथा सहायक अभियंता को निर्देश दिया था कि उक्त सड़क निर्माण के कार्य को विभाग के देखरेख में कराया जाय। लेकिन विभागीय अधिकारियों के कड़े निर्देश के बावजूद भी सड़क निर्माण कार्य स्थल पर कोई बदलाव नहीं देखा जा रहा है।

उक्त सड़क निर्माण में बरती गयी अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से ग्रामीण सड़क की महत्ता को देखते हुए कार्य को गुणवत्तापूर्ण कराये जाने की मांग की है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को दिए गए आवेदन में यह भी बताया कि यह सड़क जो एक गांव से दूसरी गांव को जोड़ने का कार्य करती है। इधर सड़क निर्माण कार्य के गुणवत्ता में सुधार को लेकर ग्रामीण बिनोद पासवान, अजित यादव, राकेश भगत, मुन्ना भगत, दरोगी पासवान, शंभु ठाकुर, मंजू देवी, चंपा देवी, सुरेश ठाकुर, मुकेश ठाकुर, महादेव यादव, महेंद्र यादव सहित दर्जनों ग्रामीणों ने शिकायती आवेदन भेज महुली मोड़ से सरसा गांव जाने वाली सड़क निर्माण को गुणवत्ता कराये जाने की मांग की है।

# जमीनी हाल जानने के बाद शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार के लिए बनेगा प्लान, स्कूल की गतिविधियां, अनुशासन व स्वच्छता का होगा आकंलन

**प्रात : किरण संवाददाता**

गिद्धौर। नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत से पहले मार्च में राज्य के सभी स्कूलों की रैंकिंग कर सरकार शिक्षा व्यवस्था का वास्तविक जमीनी हाल जानेगी। इसके लिए शिक्षा विभाग द्वारा कई मापदंडों के आधार पर रैंकिंग देने की योजना को अमल में लाने की तैयारी हो रही है। विभाग का कहना है कि राज्य में स्कूली शिक्षा में और बेहतर सुधार लाने का सरकार का यह एक्शन प्लान है।

इस प्लान के जरिए पहली बार सरकारी विद्यालयों की रैंकिंग करने का अहम निर्णय लिया है। सरकार के इस फैसले से स्कूली शिक्षा और छात्र-छात्राओं के समग्र विकास पर जोर रहेगा।इसको लेकर सरकारी विद्यालयों की गुणवत्ता में सुधार लाने की प्राथमिकता भी दी जाएगी। रैंकिंग के लिए तय फार्मेट में शिक्षा, को-करिकुलर एक्टिविटीज, स्वच्छता, अनुशासन, रिसोर्स यूटिलाइजेशन, शिकायत निवारण आदि विशिष्ट मापदंडों को आधार बनाया गया है। इसी आधार पर प्रारंभिक, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के लिए अलग-अलग रैंकिंग की जाएगी। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को पत्र लिखकर विभाग के फैसले के बारे में अवगत कराया है। पत्र में कहा गया है कि सभी विद्यालयों की रैंकिंग निर्धारित मापदंडों के आधार पर साल में दो बार की जाएगी।

**हर साल मार्च और नवंबर में पूरा करना होगा कार्यः** हर साल मार्च और नवंबर में रैंकिंग कार्य पूरा करना होगा। तय फॉर्मेट में शिक्षा, को-करिकुलर एक्टिविटीज, स्वच्छता, अनुशासन, रिसोर्स यूटिलाइजेशन, शिकायत निवारण आदि विशिष्ट मापदंडों के आधार पर प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के लिए अलग-अलग रैंकिंग की जाएगी। सरकार ने फैसला नीति आयोग द्वारा स्कूली शिक्षा क्षेत्र में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिए विकसित स्कूल एजुकेशनल क्वालिटी इंडेक्स के चलते लिया है। इस इंडेक्स का उद्देश्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को ताकत व कमजोरियों की पहचान करने और जरूरी पाठ्यक्रम सुधार या नीतिगत हस्तक्षेप करने शिक्षा नीति पर परिणामों पर ध्यान केंद्रित करना है।

**प्रत्येक विद्यालय की शिक्षकों की वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट भी अनिवार्यः** शिक्षा विभाग के मुताबिक प्रत्येक विद्यालय की रैंकिंग 100 अंकों की होगी और शिक्षकों की वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट के लिए यह अनिवार्य भी होगी। इसका उद्देश्य छात्रों को समग्र शिक्षा के लिए गुणवत्ता में सुधार करना है और इसके लिए शिक्षकों की भूमिका सर्वोपरि है। टॉप करने वाले संस्थानों का वर्गीकरण करने के लिए विद्यालयों को उनकी रैंकिंग के आधार पर स्टार आवंटित किए जाएंगे। जैसा कि यूजीसी ने कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के लिए किया है। विद्यालयों की इस स्टार रेटिंग का उद्देश्य उन्हें आकांक्षी और गुणवत्ता के प्रति जागरूक बनाना है, जिससे छात्र-छात्राओं को अच्छी शिक्षा देने के लिए बढ़िया माहौल तैयार होगा।

**नंबर के आधार पर विद्यालयों को मिलेंगे स्टार**

- 85 से 100 के बीच अंक लाने वाले टॉप विद्यालयों को पांच स्टार मिलेंगे।
- 75 से 84 अंक लाने वाले विद्यालयों को चार स्टार मिलेंगे।
- 50 से 74 अंक लाने वाले विद्यालयों को तीन स्टार मिलेंगे।
- 25 से 49 अंक लाने वाले विद्यालयों को दो स्टार मिलेंगे।
- शून्य से 24 अंक लाने वाले विद्यालयों को एक स्टार दिए जाएंगे।

# दिग्विजय सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बिजली नहीं, तो एक्स रे नही मरीज होते हैं परेशान

**प्रात : किरण संवाददाता**



गिद्धौर। इन दिनों दिग्विजय सिंह समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीज अपनी परेशानी को लेकर आते हैं, लेकिन स्वास्थ्य केंद्र खुद ही बीमार हो जाता है, तो मरीज का इलाज कैसे होगा। कुछ ऐसा ही हाल इन दिनों दिग्विजय सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का बना हुआ है जहां बिजली नही रहने पर एक्स रे सुविधा ठप पड़ जाता है। बुधवार को स्वास्थ्य केंद्र में पूरे दिन मरीज का एक्स रे रुक रुक कर हुआ, जिसकी वजह से मरीजों को काफी जहमत उठानी पड़ी।बताते चलें कि बिजली की आपूर्ति ठप रहने के कारण यहां एक्स रे सुविधा बाधित हो जाती है, जबकि अस्पताल में विद्युत व्यवस्था को लेकर जेनरेटर की पर्याप्त व्यवस्था है, बावजूद इसके सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मरीजों को यहां एक्स रे मशीन का लाभ नही मिल पा रहा है। ठंड के मौसम होने के कारण खांसी, बुखार, जोड़ों में दर्द, एक्सीडेंट से परेशान मरीज आदि के साथ अन्य इलाज कराने अस्पताल पहुंच रहे हैं, मरीजों द्वारा बताया जा रहा है पूरे दिन बिजली के अभाव में एक्स रे मशीन नहीं चला, ऐसे में मरीजों को इधर उधर भटकना पड़ा। अस्पताल प्रशासन के अधिकारियों से बात की गई तो वे अपने आप को असहाय बताते नजर आए, उनका कहना था कि बिजली से ही एक्स रे मशीन चल पाता है, यहां जेनरेटर तो लगा है, लेकिन उसकी क्षमता कम होने के कारण एक्स-रे मशीन नहीं चल पाता है। बता दे की अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्था तो यहां मिल रही है लेकिन यहां इन दिनों इलाज को लेकर आने वाले मरीजों के बीच सुविधाओं का टोटा है। अब भी अस्पताल में 24 घंटे बिजली की व्यवस्था नहीं हो पायी है। वहीं अस्पताल में मरीजों के जांच के लिए कई आधुनिक मशीन भी लगाए गए हैं, ताकि मरीजों का स्वास्थ्य जांच समय पर हो सके, लेकिन विडंबना यह है कि अस्पतल में लगे इन मशीन को चलने के लिए बिजली ही उपलब्ध नहीं हो पा रही है। लाइन कटने के बाद सब मशीन नाकाम हो जाता है। वहीं बिजली के नहीं रहने से मरीज को भी अपना स्वास्थ्य जांच कराने के लिए बिजली आने का इंतजार करना पड़ता है।

**कहते हैं प्रभारी सिविल सर्जनः** इस संदर्भ में सिविल सर्जन के प्रभार में चल रहे सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉ. नौसाद अहमद ने कहा कि स्वास्थ्य प्रबंधक से मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए डीसी चालू करवा व्यवस्था को बहाल करवा दिया जाएगा। वही इस संबंध में स्वास्थ्य प्रबंधक प्रियंका राव से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि कोई भी बरिए पदाधिकारी के कह देने से डीसी चालू नहीं कर देंगे क्योंकि डीसी का क्षमता उतना नहीं है जो हम चालू करवा सके।

# नीति और नियत बिहार में नीतीश कुमार का चलता है: गुड्डू राईन

**प्रात : किरण संवाददाता**

मुंगेर। बिहार के मुस्लिम समुदाय की तरक्की के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कोई कोर कसर नहीं छोड़ रखा हुआ है। श्री कुमार अल्पसंख्यक समुदाय के विकास के लिए किसी के साथ समझौता नहीं करते हैं उन्होंने 27 हजार उर्दू शिक्षकों की बहाली भाजपा के साथ रहकर किया है।

यह बातें बुधवार को हवेली खड़गपुर प्रखंड अल्पसंख्यक एवं जिला अल्पसंख्यक के संयुक्त तत्वाधान में मुंगेर जिला जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष के पद पर मनोनीत जिला अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष शाहिद अख्तर उर्फ गुड्डू राईन के अभिनंदन सह सम्मान समारोह के मौके पर उन्होंने आमसभा को संबोधित करते हुए कहा है। जिला अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री ने अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदाय के लिए 10 सूत्री कार्यक्रम का प्रस्ताव लाए और 10 सूत्री कार्यक्रम के फाइल को नितिश कुमार ने दवा कर नहीं रखा और उस फाइल को तुरंत पास कर कर उन्होंने अमली जामा पहनाया है। उन्होंने भागलपुर दंगा का जिक्र किया और कहा कि नीतीश कुमार ने सभी दंगा से पीड़ित पक्ष को चार-चार लाख रुपए का अनुग्रह राशि दिए हैं श्री कुमार ने दंगा से प्रभावित लोगों को पेंशन देने का काम किए हैं। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यकों के शिक्षा विकास के लिए हर संभव प्रयास किए हैं इसलिए आप लोग किसी अन्य दल के बहकावे में ना आकर बिहार की तरक्की के लिए पुनः 2025 में जदयू भाजपा गठबंधन के लिए तीर निशाना पर मतदान कर नीतीश कुमार को पुनः एक बार बिहार के मुख्यमंत्री पद पर बैठने का काम करेंगे जिला अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष ने सभा को संबोधित करते हुए दावे के साथ कहा कि 2025 के चुनाव बाद नितिश कुमार को छोड़कर कोई माई का बेटा बिहार का मुख्यमंत्री नहीं बन पाएगा। बिहार में नीतीश कुमार का नीति और नियत चलता है मोहम्मद गुड्डू राईन ने हवेली खड़गपुर वफ्फ बोर्ड के जमीन पर जी प्लस 3 का भवन निर्माण प्रस्ताव पारित करने का वादा किया है उन्होंने अकलियत समुदाय से आह्वान किया कि जो आपकी नजर में अच्छा व्यक्ति हो उसे ही अपना वोट करें बिहार में 70% आबादी हम लोगों का है उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में मुंगेर जिला के खान खाह के माध्यम से एकमात्र वोट मिला लेकिन हमारे सांसद ललन सिंह ने खान खाह विकास के विभिन्न योजनाओं में 40 लख रुपए का अनुशंसा किए हैं। इस सम्मान समारोह के मौके पर जदयू जिला उपाध्यक्ष गोरेलाल मंडल ने कहा कि जब तक बिहार में नीतीश कुमार रहेंगे बिहार के अकलियत अल्पसंख्यक समुदाय के लोग सुरक्षित रहेंगे। उन्हें कोई परेशानी नहीं होगी।

# कुशल युवा प्रोग्राम अंतर्गत लक्ष्य के विरुद्ध कम हुए निबंध पर डीएम ने बिंदु वार चर्चा कर दिए आवश्यक निर्देश

**प्रात : किरण संवाददाता**




मुंगेर। जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र द्वारा संचालित कुशल युवा प्रोग्राम की वर्तमान वित्तीय वर्ष के लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धि के बिंदुओं पर एक बैठक का आयोजन बुधवार को जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय संवाद कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में कुशल युवा प्रोग्राम अंतर्गत लक्ष्य के विरूद्ध कम हुए निबंधन पर बिंदु वार चर्चा की गयी। संबंधित पदाधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप निबंधन कार्य करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी असगर अली, डीआरसीसी प्रबंधक सुनीरा प्रसाद, डीपीओ शिक्षा सहित अन्य उपस्थित थे। बैठक में वर्तमान में कुशल युवा प्रोग्राम के वर्तमान वित्तीय लक्ष्य 19500 के विरुद्ध 10594 आवेदकों के निबंधन पर जिलाधिकारी ने असंतोष व्यक्त करते हुए, तत्काल लक्ष्य के अनुरूप निबंधन कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया। उन्होंने इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी को जिला अंतर्गत अवस्थित सभी विद्यालयों के प्रधानों को प्रत्येक विद्यालय के दो सौ आवेदकों का निबंधन जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र में कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को विद्यालयवार छात्र-छात्राओं को डीआरसीसी जा कर निबंधन कराना सुनिश्चित करें, ताकि डीआरसीसी से संबंधित इन योजनाओं की रैंकिंग में आई गिरावट को सुधारा जा सके। उन्होंने डीआरसीसी प्रबंधक को भी यहां संचालित सभी योजनाओं के व्यापक प्रचार प्रसार कराने का निर्देश दिया।

इसके लिए जिलाधिकारी ने प्रत्येक स्कूल में शिविर आयोजित कर छात्र-छात्राओं को योजनाओं से संबंधित जानकारी भी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही शिविर का आयोजनकर शेष बचे छात्र-छात्राओं के निबंधन का निर्देश डीआरसीसी प्रबंधक को दिया।

# सोनपुर मेला : राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग का स्टॉल पर खरीदारों की भीड़

**प्रात : किरण संवाददाता**

पटना। सोनपुर मेला में लगा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग का स्टॉल, डिजिटाइज्ड नक्शों की बिक्री के कारण रैयतों की पहली पसंद बना हुआ है। सोनपुर मेला में 4230 आवेदकों ने कुल 10763 शीट्स की खरीद किया है जिससे विभाग को 1614450.00 रुपए की आय हुई है। राजस्व नक्शों की बिक्री के लिए स्टॉल में 2 काउंटर बना हुआ है। सुबह से ही दोनों काउंटर पर लोगों की लंबी-लंबी कतारें लग रही है। मेला शुरू होने के करीब एक माह होने के बावजूद राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के स्टॉल का आकर्षण कम नहीं हुआ है। दोनों काउंटर पर सीएस, आरएस, चकबंदी एवं म्युनिसिपल सर्वे नक्शा उपलब्ध है। इन नक्शों को 150 रुपए प्रति शीट का भुगतान करके प्राप्त किया जा सकता है। भुगतान नकद किया जाता है। छोटे गांव का नक्शा एक शीट में जबकि बड़े गांव का नक्शा एक से अधिक शीट में मिलता है। राजस्व नक्शों को ।शून्य आकार के बड़े पेपर पर प्रिंट किया जाता है। इसमें प्लॉट का आकार ऑन स्केल होता है। इसकी मदद से रैयत अपनी जमीन की मापी करा सकता है। इसलिए इस नक्शे की बहुत मांग होती है।

# जमुई प्रखंड के आहर-पइनों का होगा जीर्णोद्धार, 3,310.13 लाख रुपये का आबंटन





**प्रात : किरण संवाददाता**

जमुई। जमुई जिले में कृषि को सशक्त बनाने और हर खेत तक सिंचाई का पानी पहुंचाने के उद्देश्य से लघु जल संसाधन विभाग ने जमुई प्रखंड के आहर-पइनों के जीर्णोद्धार के लिए 3,310.13 लाख रुपये का बजट स्वीकृत किया है। यह पहल क्षेत्र के किसानों को बड़ी राहत प्रदान करेगी और सिंचाई की समस्या को दूर करेगी।

**जीर्णोद्धार के लिए चुने गए आहर और पइनः** आहर-पइन ग्रामीण जल प्रबंधन का अहम हिस्सा हैं। यहां जीर्णोद्धार के लिए चुने गए प्रमुख आहर और पइन, तथा उनके लिए स्वीकृत राशि निम्नलिखित है जिनमें छोटकी आहर - 132.19 लाख, महादेव आहर - 104.83 लाख, कानू टोला से गरभूस्थान तक पइन निर्माण -23.95 लाख, कनौली आहर - 76.67 लाख, सोनपे आहर - 120.04 लाख, बड़की आहर (पुतेरिया) -39.65 लाख, घोराही 154 आहर - 68.16 लाख, तेलिया 374 आहर - 57.83 लाख, भलुआही आहर - 55.32 लाख, सिहोचक पक्का नाला - 45.35 लाख, बड़की (सुग्गी) 789 आहर - 119.37 लाख, नारायणपुर आहर -39.96 लाख, बड़की आहर पइन (कुसाही पोखर) - 101.13 लाख, पहाड़ी आहर 375-401 - 64.52 लाख, तेतरिया 1338-1332 आहर - 124.17 लाख, बरहजाता आहर - 106.01 लाख, पाण्डेय 948 आहर - 72.91 लाख, बड़की आहर -101.33 लाख, आमडीह आहर - 56.32 लाख, बड़की आहर (कोंपल) - 142.76 लाख, पैलवा 1289-1290 आहर - 175.22 लाख, काकन मंझवे पइन - 74.37 लाख, कटही आहर - 29.40 लाख, मूसन 312 आहर - 31.68 लाख, हथियावाद 327 आहर - 74.37 लाख, मद्यवाही पइन - 28.11 लाख, डंगरा आहर - 119.93 लाख, कोल्हुआ (पोखर), बैरिया से बड़िया आहर, पंचनख शिमरा और दरगाह आहर -1,124.58 लाख राशि स्वीकृत की गई है।

**प्रभाव और लाभः** इस योजना का उद्देश्य जमुई के कृषि क्षेत्र में जल की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करना है। इससे सिंचाई व्यवस्था सुधरेगी और किसानों को फसल उत्पादन में मदद मिलेगी।

योजना से 28 प्रमुख आहर और पइन का जीर्णोद्धार होगा। सिंचाई की सुविधा बढ़ने से कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

**प्रशासन का प्रयासः** लघु जल संसाधन विभाग और स्थानीय प्रशासन ने इस योजना को जल्द से जल्द पूरा करने का लक्ष्य रखा है। इस पहल से क्षेत्र में जल संकट की समस्या को काफी हद तक हल किया जा सकेगा।

जमुई जिले में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के लिए यह कदम ऐतिहासिक है। यह पहल न केवल किसानों के लिए लाभकारी होगी, बल्कि कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को भी बढ़ावा देगी।

# कोरोना के बाद बिहार जाने वाली पैसेंजर ट्रेनें, जो बंद कर दी गई, वो एक भी नहीं चलीं : पप्पू



**प्रात : किरण संवाददाता**

पटना। पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव ने बुधवार को लोकसभा के भीतर बिहार के कई रेल परियोजनाओं की मांग उठायी। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से उन्होंने राज्य के कई परियोजनाओं को लेकर सवाल उठाया। हालांकि इस दौरा उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की भी तारीफ की। लोकसभा के प्रश्नकाल में पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव ने प्रश्न पूछते हुए कहा कि कोरोना के बाद बिहार जाने वाली पैसेंजर ट्रेन, जो बंद कर दी गई, वो एक भी नहीं चलीं। कनेक्टिविटी की बात भी रेल मंत्री करते हैं। बिहार का आधार पर्यटन का है तो आपसे कई बार मैंने इसको लेकर आग्रह किया। इसी दौरान पीएम मोदी की तारीफ करते हुए पप्पू यादव ने कहा- प्रधानमंत्री जी अच्छा काम कर रहे हैं।

हालांकि उसके पहले पप्पू यादव हाथ जोड़कर खड़े हो गए और रेल मंत्री से सवाल किए। आगे सांसद ने कहा कि मेरा आग्रह है कि रेल मंत्री जी बिहार के प्रति जितनी बातें कहते हैं, लेकिन पहला शिवहर और सीतामढ़ी, दूसरा बोधगया, राजगीर और वैशाली पर्यटन स्थल को आप नहीं जोड़ पाए। पप्पू यादव के सवालों पर सदन में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जवाब दिया और कहा कि जो सांसद विचार रख रहे हैं, उनके विचारों का हम स्वागत करते हैं।

अश्विनी वैष्णव ने बताया कि बिहार में पिछले 10 सालों में जितना काम हुआ है, वो ऐतिहासिक है। कोसी का ब्रिज सालों से अटका हुआ था, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने पूरा किया। बिहार में काम की गति और आगे बढ़ेगी।पप्पू यादव से अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सांसद जी से अनुरोध है कि काम में सहयोग करें। वो रेलवे के अच्छे जानकार हैं। उनके यहां रेलवे की फैक्ट्री भी बनी है। आप रेलवे को लेकर और अच्छे सुझाव दे सकते हैं। उन सुझावों को लेकर काम करेंगे और बिहार को मिलकर बहुत ही मजबूत, सशक्त और समृद्ध बनाने का काम करेंगे।

**बिहार सरकार**

भवन निर्माण विभाग
कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय
अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या– 81 वर्ष 2024–25
(विशेष शर्त्त मद एवं मात्रा के लिए वेबसाईट State.bihar.gov.in/prdbihar देखें)

समुचित श्रेणी मे निबंधित संवेदको/ख्याति प्राप्त फर्मों/कम्पनियों से दिनांक **23.12.2024** के अपराह्न 12.30 बजे तक निर्देशानुसार निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद कोटेशन अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना का कार्यालय एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3.00 बजे अपराह्न मे कोटेशनदात्ताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।

कोटेशन का मुल्य (रुपये में) प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन–पत्र के साथ कोटेशन मूल्य ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) के माध्यम से (कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना) के पदनाम से जमा करना अनिवार्य होगा, जो कोटेशन प्रकाशन की तिथि के बाद का होना चाहिए। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत ओ–ग्रास (O-GRAS) का कम्पयूटराईज्ड प्राप्ति रसीद पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि के अनुसार होगा, जो निम्न प्रकार है :– रू0 0 से रू0 50,000 तक– रू0 250/–, रू0 50,001 से रू0 2,50,000 तक– रू0 500/–, रू0 2,50,001 से रू0 5,00,000 तक– रू0 750/–, रू0 5,00,001 से रू0 10,00,000 तक– रू0 1,250/–, रू0 10,00,001 से रू0 15,00,000 तक– रू0 2,500/– कोटेशन कागजात के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।

कार्य का विवरणी :–

| Sl No. | Name of Work/Specification |
|---|---|
| 01- | Renovation of Partition, UPVC, Tile and Other Work in Chamber, Cell, Anty Room, Waiting and Bathroom of Hon'ble Minister Sugercane Deptt. at Vikash Bhawan, Patna for the year 2024-25. |
| 02- | Renovation of Blind, Lovers, Cupboard and Wall Paper in Chamber, Cell, Anty Room, Waiting and Bathroom of Hon'ble Minister Sugercane Deptt. at Vikash Bhawan, Patna for the year 2024-25. |
| 03- | Renovation of Wall Paneling and Ceiling of Chamber, Cell, Anty Room, Waiting and Bathroom of Hon'ble Minister Sugercane Deptt. at Vikash Bhawan, Patna for the year 2024-25. |
| 04- | S/F/F of Furniture in the Chamber of Hon'ble Minister Sugercane Deptt. at Vikash Bhawan, Patna for the year 2024-25. |
| 05- | S/F/F of Furniture in the Ante Room & Cell of Hon'ble Minister Sugercane Deptt. at Vikash Bhawan, Patna for the year 2024-25. |

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है। कार्यपालक अभियंता
केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना
**PR. No.14468 (BCD) 2024-25**

## आर्थिक कारणों से अन्नदाताओं के बगावती तेवर

भारत जैसे कृषि प्रधान देश में किसानों की स्थिति सबसे ज्यादा चिंताजनक है। नाबार्ड की रिपोर्ट मंह खुलासा हुआ है। 4.476 करोड़ किसान परिवारों की मासिक औसत आय मात्र 13,661 रुपये है। जो प्रति दिन की आय 150 रुपये से भी कम है। जिसके कारण अधिकांश किसान परिवार आर्थिक तंगी के सबसे भयावह दौर से गुजर रहे हैं। किसान खेती के अलावा पशुपालन, मजदूरी और अन्य माध्यम से जो थोड़ी किसानों को आय होती है। उसी से वह किसी तरह अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। छोटे किसानों की हालत मजदूरों से भी गई बीती हो गई है। नाबार्ड की रिपोर्ट के अनुसार खेती से किसानो की औसत मासिक आय केवल 1,677 रुपये है। किसानों के पास जरुरी संसाधन और कोई बचत नहीं है। हर छोटे किसान के ऊपर कर्ज का भार है। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख है, कि 91,231 रुपये का औसत कर्ज देश के किसान परिवारों पर है। भारत मे केवल 9.1% किसान परिवार कर्ज से मुक्त हैं। लघु सीमांत किसान छोटे किसान सभी कर्ज के भार से दबे हुए हैं। खेती की लागत पिछले 10 वर्षों में बेतहासा बढ़ने, उपज के उचित दाम नही मिलने और कर्ज के बोझ से किसानों और उनके परिवार का जीवन जीना कठिन हो गया है। देश के 55.4% किसान परिवार कर्ज के भारी बोझ से दबे हुए हैं। किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकारी नीतियों में सुधार की जरूरत है। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) लागू करना आवश्यक है। तीन वर्ष से ज्यादा का समय हो गया है। किसान सड़कों पर आंदोलन कर रहे हैं। सरकार ने जो वायदे किए थे, उससे केन्द्र सरकार मुकर गई है। निहत्ये किसानों पर जिस तरीके से पुलिस बल का प्रयोग किया जा रहा है। उसके कारण किसान नाराज होकर अब आर पार की लड़ाई लड़ने सड़कों पर उतर रहे हैं। बैंक और सहकारी समितियां द्वारा डिफाल्टर होने पर किसानों से ब्याज पर दंड ब्याज, चक्रवृद्धि ब्याज पर तुरंत रोक लगाने की व्यवस्था सरकार को करना होगी। इसके अलावा, कृषि के लिए आधुनिक तकनीकों और सिंचाई की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना जरूरी हो गया है। केंद्र एवं राज्य सरकारें किसानों और कृषि के लिये सही नीतियाँ बनाकर उन्हें लागू कराएं, तभी किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सकता है। जीवन जीने के लिए कृषि क्षेत्र का मजबूत करना सरकारों की सर्वोच्च प्राथमिकता में होना चाहिए। किसानों के साथ जो धोखाधड़ी सहकारी समितियां और सूदखोरों द्वारा की जा रही है। इस पर तत्काल रोक लगाने की जरूरत है। सहकारी समितियां से लिए गए कर्ज पर यदि किसान एक बार डिफाल्टर हो जाता है, तो कई गुना कर्ज और ब्याज का बोझ किसान के ऊपर सहकारी संस्थाओं और बैंकों द्वारा डाल दिया जाता है। जिसके कारण किसान जीवन भर उस कर्ज को चुका नहीं पाता है। हताशा में किसानों को आत्महत्या तक करनी पड़ रही है। कृषि क्षेत्र की समस्याओं को दूर करने के लिए दीर्घकालिक योजना और ठोस प्रयास आवश्यक हैं। किसानों से ऋण में दिया गया मूलधन वापस करने का ही कानून बनाया जाना चाहिए। यदि किसान डिफाल्टर हो जाता है। ऐसी स्थिति में उसके ऊपर ब्याज का बोझ नहीं आना चाहिए। किसानों से यदि केवल मूल कर्ज की वसूली होगी। तभी जाकर किसानों की आर्थिक स्थिति मैं सुधार आ सकता है। किसानों की आय और बचत बढ़ने से ही देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हो सकती है। देश की अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र का सर्वाधिक योगदान है। भारत में कृषि क्षेत्र ही सबसे ज्यादा रोजगार के अवसर उपलब्ध कराता है। कृषि क्षेत्र में जिस तरह से कॉरपोरेट कंपनियों का प्रवेश हो रहा है। यह स्थिति देश को बर्बाद करने की दिशा में बढ़ता कदम होगा। स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर खत्म हो जाएंगे। भारत कृषि प्रधान देश है। संघीय व्यवस्था होने के कारण प्रत्ये राज्य की अपनी विविधता है। कृषि क्षेत्र के कारण स्थानीय स्तर पर करोड़ों लोगों को स्थानीय राजगार उपलब्ध होता है। ऐसी स्थिति में केंद्र एवं राज्य सरकारों को कृषि क्षेत्र एवं किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में विशेष प्रयास करने चाहिए।

## संसद में टीशर्ट, जार्ज सोरेस और धनकड़

राकेश अचल

संसद में इन दिनों तमाशा ही तमाशा चल रहा है,काम हो नहीं रहा। काम होगा भी नहीं,क्योंकि सरकार कहती है कि उसके पास तमाम विधेयक पारित करने के लिए पर्याप्त संख्या बल है। संसद के दोनों सदनों में जो कुछ हो रहा है उसमें से बहुत कुछ अप्रत्याशित भी है और बहुत कुछ प्रायोजित भी। संसद की गरिमा की फिक्र किसी को नहीं है। यदि आप संसद की कार्रवाई देखते हों तो आपको पता होगा की संसद के दोनों सदनों में भाजपा,कांग्रेस और शेष विपक्ष के सदस्यों का आचरण कैसा है। संसद चलाने वालों का आचरण कैसा है ?

सबसे पहले लोकसभा की बात करें। लोकसभा में हंगामा जारी है,क्योंकि सरकार ऐसा चाहती है। सरकार कांग्रेस के और विपक्ष के दूसरे दलों के सांसदों के प्रश्नों के उत्तर नहीं देना चाहती है। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू को और कुछ नहीं तो विपक्ष के नेता राहुल गांधी की टीशर्ट पर ही आपत्ति है। उनका मानना है कि टीशर्ट पहनकर संसद में आने से सदन की गरिमा गिरती है। किरेन का ये तर्क आपके गले उतरता हो तो अलग बात है,लेकिन मेरे गले तो नहीं उतरता। संसद के किसी भी सदन में अभी तक कोई ड्रेस कोड नहीं है,क्योंकि संसद संघ की शाखा नहीं बल्कि देश भर के अलग-अलग हिस्सों से चुनकर आने वाले जन प्रतिनिधियों का मंच है। सबकी अलग-अलग वेश-भूषा है। लेकिन किरेन ये नहीं समझते।

लोकसभा में ही लोकसभा के अध्यक्ष अडानी या अम्बानी का जिक्र आते ही भड़क जाते है। वे कहते हैं कि अडानी या अम्बानी सदन के सदस्य नहीं है इसलिए उनका नाम सदन के भीतर नहीं लिया जा सकता,लेकिन दूसरी तरफ लोकसभा अध्यक्ष को अमेरिका के जार्ज सोरोस का नाम लेकर कांग्रेस के नेताओं पर हमला किये जाने से कोई आपत्ति नहीं है। मुमकिन है की लोकसभा अध्यक्ष को लगता हो की जार्ज सदन के सदस्य हैं इसलिए उनके नाम का उल्लेख किया जा सकता है। सत्तारूढ़ दल विपक्ष के किसी भी आरोप पर,सवाल पर कुछ बोलने के बजाय बेसिर-पैर के मुद्दे उठाकर हर सवाल से बचने की कोशिश में लगा हुआ है,यदि ऐसा न होता तो सदन में न राहुल की टीशर्ट पर सवाल उठते और न जार्ज सोरोस और कांग्रेस के रिश्तों पर। अब चलिए राज्यसभा मे। यहां तो विपक्ष ने सभापति जगदीप धनकड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश कर ही दिया है। जाहिर है कि विपक्ष के सब्र का बांध टूट गया है,अन्यथा सभापति का इतना मान तो होता है कि कोई उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव न लाये। सभापति सबके होते हैं, होना चाहिए,लेकिन धनकड़ सबके नहीं हैं,वे भाजपा के जीवनव्रती सदस्य बने रहना चाहते हैं। वे शायद भूल गए हैं कि वे अब बंगाल के राज्य पाल नहीं बल्कि राजयसभा के सभापति हैं। राजयसभा के सदस्य दिग्विजय सिंह ने कहा भी है कि उन्होंने धनकड़ जैसा पक्षपाती सभापति अपने पूरे जीवनकाल में नहीं देखा। मै एक साधारण पत्रकार हूँ लेकिन मैंने भी धनकड़ जैसा सभापति अपने जीवनकाल में नहीं देखा।


सदन में भाजपा मणिपुर पर चर्चा नहीं कर रही। बांग्लादेश से बिगड़ते रिश्तों पर बहस नहीं कर रही,उसका प्रिय विषय जार्ज सोरोस हैं। जॉर्ज सोरोस को लेकर भाजपा हमलवार है और कांग्रेस पर सोरोस से संबंध रखने का आरोप लगाया है. पार्टी ने इस मुद्दे पर चर्चा कराने की मांगकी जिससे राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी. भाजपा का कहना है कि कांग्रेस की नेता सोनिया गांधी उस संगठन से जुड़ी हैं, जो सोरोस से फंड लेती हैं। यही नहीं, पार्टी का आरोप है कि मोदी सरकार को कमजोर करने के लिए कांग्रेस ने सोरोस के साथ हाथ मिलाया है। भाजपा को पता है कि कांग्रेस ने किस किस से हाथ मिला रखा है,लेकिन उसे ये नहीं पता कि मणिपुर क्यों जल रहा है ? बांग्लादेश क्यों भारत से मुठभेड़ ले रहा है ?

आप कहीं लिखकर रख लीजिये कि भाजपा संसद के शीतकालीन सत्र को सुचारु रूप से चलने की कोई कोशिश करेगी ही नहीं और ठीकरा विपक्ष के सर फोड़कर अपनी जिम्मेदारी से बचकर निकल भागेगी। दोनों सदनों के सभापति सदन को सवार्नुमति से चलने में नाकाम साबित हो चुके है। संसदीय कार्यमांत्रि नाकाम हो चुके हैं और प्रधानमंत्री की और से इस दिशा में कोई कोशिश की नहीं गयी है।

# राजनीति में अब नई इबारत लिखेंगी प्रियंका गांधी

**राहुल ने यहाँ 6,47,445 वोट प्राप्त करके 3,64,422 के अंतर से भारी जीत हासिल की थी। इसी सीट पर हुये उपचुनाव में कांग्रेस ने प्रियंका गाँधी को पहली बार लोकसभा चुनाव में उतारा। प्रियंका को यहाँ राहुल गाँधी से भी अधिक मत हासिल हुये और उन्होंने 4 लाख से अधिक वोटों के अंतर से ऐतिहासिक जीत हासिल की। जिस समय प्रियंका की शानदार जीत व संसदीय राजनीति में उनके सक्रिय व अधिकृत प्रवेश की पटकथा वायनाड की जनता लिख रही थी उस समय देश का गोदी मीडिया केवल महाराष्ट्र के चुनाव परिणामों को महिमामंडित करने में लगा था।**





**-निर्मल रानी-**

**(लेखिका वरिष्ठ स्तंभकार हैं)**

देश में पिछले दिनों जहाँ महाराष्ट्र व झारखण्ड में विधानसभा चुनाव संपन्न हुये वहीं विभिन्न राज्यों की कई सीटों पर विधानसभा व लोकसभा उपचुनाव भी कराये गये। इन्हीं में एक केरल की वायनाड संसदीय सीट भी थी जिस पर 2024 के आम चुनावों में राहुल गाँधी रायबरेली के साथ साथ वायनाड से भी विजयी हुये थे। बाद में राहुल को वायनाड सीट छोड़कर रायबरेली की सीट अपने पास रखनी पड़ी। राहुल ने यहाँ 6,47,445 वोट प्राप्त करके 3,64,422 के अंतर से भारी जीत हासिल की थी। इसी सीट पर हुये उपचुनाव में कांग्रेस ने प्रियंका गाँधी को पहली बार लोकसभा चुनाव में उतारा। प्रियंका को यहाँ राहुल गाँधी से भी अधिक मत हासिल हुये और उन्होंने 4 लाख से अधिक वोटों के अंतर से ऐतिहासिक जीत हासिल की। जिस समय प्रियंका की शानदार जीत व संसदीय राजनीति में उनके सक्रिय व अधिकृत प्रवेश की पटकथा वायनाड की जनता लिख रही थी उस समय देश का ह्यगोदी मीडिया ह्य केवल महाराष्ट्र के चुनाव परिणामों को महिमामंडित करने में लगा था। गौर तलब है कि अपने व्यक्तित्व में अपनी दादी इंदिरा गांधी के दर्शन का एहसास कराने वाली प्रियंका गांधी को पहली बार इतने भारी मतों से उस केरल राज्य के लोगों ने चुना है जोकि देश का सबसे शिक्षित राज्य है। और भरतीय जनता पार्टी तमाम प्रयासों के बावजूद यहाँ अपनी दाल गला नहीं पाती। केरल के लोग भाजपा को वोट क्यों नहीं देते इसपर कांग्रेस या विपक्ष क्या कहता है उससे ज्यादा अहमियत इस बात की है कि स्वयं भाजपा इस बारे में क्या सोचती है। इस विषय पर जब मार्च 2021 में केरल भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व केरल भाजपा के अध्यक्ष रहे वरिष्ठ नेता राजागोपाल से पूछा गया कि बीजेपी केरल में अपनी राजनीतिक जमीन क्यों नहीं तैयार कर पाती। इस प्रश्न के उत्तर में राजगोपल ने कहा, ह्यकेरल अलग तरह का प्रदेश है। दो-तीन प्रमुख कारण हैं। एक तो यह कि केरल की साक्षरता दर 90 प्रतिशत है। यहां के लोग सोचते हैं, तार्किक हैं। ये शिक्षित लोगों की आदतें हैं। दूसरी बात यह कि केरल में 55 प्रतिशत हिंदू हैं और 45 प्रतिशत अल्पसंख्यक हैं। हर कैलकुलेशन में ये चीज आती है। ऐसे में केरल की तुलना किसी और राज्य से नहीं की जा सकती है। केरल भाजपा नेता राजागोपाल द्वारा पेश की गयी इसी थ्योरी को यदि उलट दिया जाये तो समझा जा सकता है कि भाजपा जिन राज्यों में अपना जनाधार बढ़ा रही है उसकी दरअसल वजह क्या है।

बहरहाल केरल की शिक्षित जनता ने पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ने वाली गाँधी - नेहरू परिवार की बेटी को वायनाड से रिकार्ड विजयश्री दिलवाकर अपना मंतव्य स्पष्ट कर दिया कि देश की शिक्षित व तर्कपूर्ण जनता को गाँधी - नेहरू परिवार की इस बेटी से काफी उम्मीदें जुड़ी हुई हैं। निश्चित रूप से प्रियंका गाँधी ने न केवल दादी इंदिरा गाँधी व पिता राजीव गाँधी के साथ लंबे समय तक प्रधानमंत्री निवास में रहकर राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय राजनीति के गुण सीखे हैं बल्कि पिता राजीव मां सोनिया व भाई राहुल गाँधी के चुनावों में अहम भूमिका निभाकर चुनावी राजनीति में भी पूरी महारत हासिल की है। राहुल गाँधी ने यूँही नहीं कहा था कि यदि प्रियंका 2024 के लोकसभा चुनाव में वाराणसी से नरेंद्र मोदी के विरुद्ध चुनाव लड़तीं तो निश्चित रूप से वे मोदी को पराजित कर देतीं। क्योंकि 2019 में जिस वाराणसी में नरेंद्र मोदी ने 4 लाख 79 हजार वोटों के भारी अंतर से जीते दर्ज की थी वह अंतर इस बार घटकर 1 लाख 52 हजार रह गया है। यहाँ मोदी के विरुद्ध कांग्रेस के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने वाले अजय राय को 4 लाख 60 हजार वोट मिले थे। इस लिहाज से वाराणसी से मोदी के विरुद्ध प्रियंका की उम्मीदवारी देश की राजनीति की एक नई पटकथा लिख सकती थी।

अपनी जीत के बाद पहली बार प्रियंका गांधी ने जिन शब्दों में मतदाताओं का आभार व्यक्त किया वह भी काबिल- ए - तारीफ थे। उन्होंने कहा कि ह्यआपने मुझ पर जो भरोसा जताया है, उसके लिए मैं आपकी बहुत आभारी हूं। मैं यह सुनिश्चित करूंगी कि समय के साथ, आपको वास्तव में यह महसूस हो कि यह जीत आपकी जीत है और जिस शख़्स को आपने अपना प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना है वह आपकी उम्मीदों और सपनों को समझता है और आपके लिए लड़ता है। मैं संसद में आपकी आवाज बनने के लिए उत्सुक हूं। ह्य निश्चित रूप से देश की जनता भी भारतीय संसद में प्रियंका गाँधी की आवाज उनका अंदाज तथा उनके द्वारा देशहित में उठाये जाने वाले मुद्दों को सुनने के लिये बेहद उत्सुक है। गत लगभग दो दशक से प्रियंका गाँधी ने कांग्रेस पार्टी के चुनाव प्रचार में अपनी जिस क्षमता व दक्षता का परिचय दिया है उससे कांग्रेस को भी लाभ हुआ है और कांग्रेस जनों में भी उत्साह का संचार हुआ है।

प्रियंका गाँधी का संसदीय राजनीति में प्रवेश ऐसे समय में हुआ है जबकि सत्तरूढ़ भाजपा साम दाम दंड भेद सभी तरीके अपनाकर सत्ता में बने रहना चाहती है तथा अपने अघोषित अतिवादी एजेंडे पर चलकर अपने सपनों का बहुसंख्यवादी भारत बनाना चाह रही है। जबकि कांग्रेस गाँधी के सपनों के भारत के निर्माण की पक्षधर है। कांग्रेस संविधान व लोकतंत्र की रक्षा की बात करती है। जबकि भाजपा के कई नेता संविधान बदलने की बातें करते रहे हैं। उधर इण्डिया गठबंधन भी 2024 में अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद क्षेत्रीय नेताओं के स्वार्थवश मजबूत विपक्ष की भूमिका अदा नहीं कर पा रहा। ऐसे में ले देकर कांग्रेस पार्टी से ही देश को न केवल मजबूत विपक्ष देने की उम्मीदें बंधी हुई हैं बल्कि सत्य अहिंसा व धर्मनिरपेक्ष भारत के निर्माण की आस भी केवल कांग्रेस पार्टी से ही है। राहुल गाँधी निश्चित रूप से अपनी क्षमता से अधिक मेहनत कर सत्ता से मुकाबला करने से लेकर पार्टी को मजबूत बनाने तक के लिये काफी काम कर रहे हैं। परन्तु उनके विरुद्ध सत्तधारी तरह तरह की साजिशें रचकर उन्हें राजनैतिक परिदृश्य से ओझल करने तक की योजना बनाये बैठे हैं। जिस तरह पूर्व में प्रियंका गाँधी ने महिलाओं की सुरक्षा के हक में आवाजें बुलंद की हैं,कानून व्यवस्था के मुद्दे उठाये है दलितों,किसानों व गरीबों के लिये आवाज उठाई है उसी वर्ग को प्रियंका गाँधी के लोकसभा पहुँचने से काफी उम्मीदें जुड़ी हुई हैं। माना जा सकता है कि प्रियंका समाज के शोषित व पीड़ित समाज की आवाज तो बनेंगी ही साथ ही राजनीति में अब एक नई इबारत भी लिखेंगी।

# भारत की आर्थिक चिंताएं बढ़ी

**ये चिंताएं बढ़ती कीमतों, शेयर बाजार में गिरावट, माल ढुलाई की लागत बढने, खाद्य वस्तुओं की महंगाई, भारत से चाय, मशीनरी, इस्पात, रत्न, आभूषण तथा फुटिवयर जैसे क्षेत्रों में निर्यात आदेशों में कमी, निर्यात के लिए बीमा लागत में वृद्धि तथा युद्ध में उलझें हुए देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार में कमी के रूप में दिखाई दे रही हैं। स्थिति यह है कि वैश्विक शेयर बाजार के साथ-साथ भारत के शेयर बाजार पर भी असर पडना शुरू हुआ है। पश्चिम एशिया संकट और चीन से सरकारी प्रोत्साहन के दम पर बाजार चढने.के मद्देनजर भारत के शेयर बाजार में कुछ विदेशी निवेशकों के द्वारा जोखिम वाली संपत्तियां बेची जा रही हैं और वे अपना बड़ी संख्या में निवेश निकाल रहे हैं।**





**-ललित गर्ग-**

**(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं)**

यकीनन इस समय बढ़ते हुए रूस-यूक्रेन युद्ध और इस्रइल-ईरान संघर्ष के कारण भारत की भी आर्थिक चिंताएं बढ़ गई हैं। ये चिंताएं बढ़ती कीमतों, शेयर बाजार में गिरावट, माल ढुलाई की लागत बढने, खाद्य वस्तुओं की महंगाई, भारत से चाय, मशीनरी, इस्पात, रत्न, आभूषण तथा फुटिवयर जैसे क्षेत्रों में निर्यात आदेशों में कमी, निर्यात के लिए बीमा लागत में वृद्धि तथा युद्ध में उलझें हुए देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार में कमी के रूप में दिखाई दे रही हैं। स्थिति यह है कि वैश्विक शेयर बाजार के साथ-साथ भारत के शेयर बाजार पर भी असर पडना शुरू हुआ है। पश्चिम एशिया संकट और चीन से सरकारी प्रोत्साहन के दम पर बाजार चढने.के मद्देनजर भारत के शेयर बाजार में कुछ विदेशी निवेशकों के द्वारा जोखिम वाली संपत्तियां बेची जा रही हैं और वे अपना बड़ी संख्या में निवेश निकाल रहे हैं। स्थिति यह है कि सेंसेक्स और निफ्टी के लिए अक्टूबर और नवम्बर 2024 दो साल की बड़ी गिरावट के महीनों के रूप में दिखाई दे रहे हैं। पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच निवेशक सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने की खरीदी का भी रु ख कर रहे हैं। इससे वैश्विक स्तर के साथ-साथ भारत में भी सोने की खपत और सोने की कीमत बढ़ी है। एक चिंताजनक बात यह है कि ईरान और इस्रइल के बीच संघर्ष का असर वैश्विक शिपिंग रूट्स पर भी पड़ सकता है। दुनिया को मिलने वाला करीब एक तिहाई तेल और खाद्य व कृषि उत्पादों का अधिकांश यातायात इसी मार्ग से होता है। इससे खाद्य पदाथरे, जैसे कि गेहूं, चीनी और अन्य कृषि उत्पादों की कीमतें बढने.लगेगी। यह बात भी महत्त्वपूर्ण है कि ईरान और इस्रइल के बीच युद्ध का अप्रत्यक्ष प्रभाव भारतीय फार्मास्युटिकल उद्योग पर भी पड़ सकता है, क्योंकि भारत अभी भी ज्यादातर दवाओं के लिए कच्चे माल का बड़ा हिस्सा विदेश से आयात करता है। ऐसे में दवाओं की कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका होगी। इसमें कोई दो मत नहीं है कि पश्चिम एशिया में युद्ध के बढने.पर भारतीय शेयर बाजार में तेज गिरावट और महंगाई वृद्धि का दौर निर्मित होते हुए दिखाई दे रहा है, लेकिन पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच भी भारत के कई ऐसे मजबूत आर्थिक पक्ष हैं जिनसे भारत के आम आदमी और भारतीय अर्थव्यवस्था को अधिक नुकसान नहीं हो सकेगा।

खास बात यह है कि इस समय भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। भारत खाद्यान्न अतिशेष वाला देश है और देश के 80 करोड़ से अधिक कमजोर वर्ग के लोगों को निशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच भी भारत पर दुनिया का आर्थिक विश्वास बना हुआ है। नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक 21 नवम्बर तक भारत के पास 650 अरब डॉलर से अधिक का विदेशी मुद्रा भंडार है, जिससे भारत किसी भी आर्थिक जोखिम का सरलतापूर्वक सामना करने में सक्षम है। यदि दुनिया के युद्धग्रस्त देशों में युद्ध और तेजी से बढ़ेगा तो कच्चे तेल के वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढने. का सिलसिला शुरू हो सकता है और अब यदि कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ेगी तो दुनियाभर में कई वस्तुओं के दाम बढने. के साथ-साथ भारत में भी कीमतें बढने. का सिलसिला शुरू हो सकता है। चूंकि ईरान दुनिया के सबसे बड़ा कच्चा तेल उत्पादकों में से एक है और यह देश पश्चिम एशिया के संवेदनशील इलाकों में स्थित है। ऐसे में ईरान के तेल बाजार में अस्थिरता से कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढने. पर पेट्रोल, डीजल और अन्य पेट्रोलियम उत्पाद महंगे होने लगेंगे। यह भी चिंताजनक है कि अभी देश में महंगाई बढने. का रु झान स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। 14 नवम्बर को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, अक्टूबर में थोक महंगाई दर बढ़कर 2.36 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो 4 महीने का उच्चतम स्तर है। बीते महीने खाद्य पदाथरे, विशेष रूप से सब्जियों और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतें महंगी हो गई हैं। सितम्बर 2024 में थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई दर 1.84 प्रतिशत थी। ज्ञातव्य है कि 12 नवम्बर को प्रकाशित आंकड़ों के मुताबिक अक्टूबर 2024 में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 6.21 प्रतिशत हो गई। यह महंगाई का 14 महीने का उच्चतम स्तर है।

इससे पिछले महीने सितम्बर में खुदरा महंगाई दर 5.49 प्रतिशत दर्ज की गई थी तथा अगस्त में 3.65 प्रतिशत थी। आलू, प्याज के साथ अन्य सभी प्रकार की सब्जियों की कीमतों में तेज वृद्धि तथा महंगे हुए अनाज व फलों के कारण अक्टूबर माह में खाद्य वस्तुओं की खुदरा महंगाई दर भी बढ़कर 10.87 प्रतिशत हो गई, जबकि सितम्बर माह में यह 9.24 प्रतिशत तथा माह अगस्त में 5.66 प्रतिशत थी। इसमें कोई दो मत नहीं है कि पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच अब सरकार को भी महंगाई नियंत्रण के लिए बहुआयामी रणनीति की डगर पर आगे बढना होगा। पश्चिमी एशिया में बढ़ते तनाव के चलते वैश्विक तेल की कीमतों में आए उछाल पर पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने कहा है कि पश्चिम एशिया में अधिक तनाव बढने. पर भारत कच्चे तेल के किसी भी संकट से निपटने में सक्षम होगा। पहले भारत 27 देशों से कच्चा तेल खरीदता था अब इन देशों की संख्या बढ़कर 39 हो गई है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 के बजट के तहत किए गए महंगाई नियंत्रण उपायों पर तुरंत कार्यान्वयन किया जाए। हम उम्मीद करें कि पश्चिम एशिया संघर्ष और रूस-यूक्रेन युद्ध के विस्तारित होने पर सरकार बाजार की गिरावट रोकने के लिए भी रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ेगी। हम उम्मीद करें कि सरकार पीएलआई योजना के तहत दवाई उद्योग में काम आने वाले जिन 35 प्रमुख कच्चे मालों (एपीआई) का उत्पादन देश में ही कर रही है, उनके अलावा करीब 18 प्रकार के एपीआई का उत्पादन भी देश में ही करने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेगी, ताकि दवाइयों के दामों पर नियंत्रण रखा जा सकेगा।

# मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय

बिहार सरकार द्वारा रिपोर्ट किए गए अनुसार, बिहार में मत्स्य उत्पादन 2014-15 में 4.79 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 2023-24 में 8.73 लाख मीट्रिक टन हो गया है, जो 81.98% की दशकीय वृद्धि दर्ज करता है और देश के अंतदेर्शीय मत्स्य उत्पादन राज्यों में बिहार राज्य 2014 -15 के दौरान 9वें स्थान पर था जबकि वर्तमान में राज्य का चौथा स्थान है । इसके अलावा, यह भी सूचित किया गया है कि वर्ष 2023-24 में बिहार ने देश के पड़ोसी और अन्य राज्यों को 38.38 हजार मीट्रिक टन मत्स्य का निर्यात किया । बिहार में मत्स्य उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार द्वारा बिहार को प्रधान मंत्री स्पेशियल पैकेज स्वीकृत किया गया था, जिसका कुल परिव्यय 279.55 करोड़ रुपये था, जिसमें 102.49 करोड़ रुपये का केंद्रीय अंश शामिल था और बिहार को 56.35 करोड़ रुपये जारी किए गए थे । उक्त प्रधान मंत्री स्पेशियल पैकेज के तहत स्वीकृत प्रमुख मात्स्यिकी गतिविधियों में मत्स्य बीज पालन, नए तालाबों का निर्माण, मगुर हैचरी, प्रॉन हैचरी, मछुआरों के लिए आवास, केज कल्चर/पेन कल्चर, होल सेल फिश मार्केट, रीटेल फिश मार्केट, मोबाइल रीटेल फिश औटलेट्स सह फिश ऑन वील्स, लाईव फिश कैरियर आदि शामिल थे। इसके अलावा, राज्य में सामुदायिक मात्स्यिकी को बढ़ावा देने के लिए बिहार सरकार ने राज्य स्कीम के तहत कई पहल की हैं, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ मात्स्यिकी प्रशिक्षण, फिशरीज एक्सपोजर के लिए दौरा, मत्स्य पालन के लिए इनपुट, मछली तालाबों में एरेटर की स्थापना, ट्यूबवेल एवं पंपसेट स्थापना, हैचरी विकास, पुराने तालाब का रेनोवेशन, फिश फिंगरलिंग प्रोडकशन, आर्द्रभूमि विकास, रिवर रेंचिंग, पठारी क्षेत्र में मत्स्य तालाबों का निर्माण, मत्स प्रजातियों का विविधीकरण संबंधी स्कीमें शामिल हैं । इसके अतिरिक्त विगत चार वर्षो (2020-21 से 2023-24) और वर्तमान वित्तीय वर्ष (2024-25) के दौरान प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत 158.82 करोड़ रुपए के केंद्रीय अंश सहित कुल 522.41 करोड़ रुपए के परिव्यय वाली परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है । उपर्युक्त योजना के अंतर्गत अनुमोदित प्रमुख मात्स्यिकी गतिविधियों में फिनफिश हैचरी, ब्रूड बैंक की स्थापना, रिअरिंग और ग्रो-आउट तालाबों के माध्यम से जल कृषि क्षेत्र का विस्तार, आर्द्र्भूमि और जलाशयों में फिंगरलिंग (एफएल) की स्टॉकिगं, ओनार्मेंटल फिश रियरिंग और ब्रीडिंग यूनिट का विकास, मनोरंजक मात्स्यिकी को बढ़ावा देना, आरएएस और बायोफ्लोक इकाइयों की स्थापना, जलाशयों में केजों की स्थापना, कोल्ड स्टोरेज, फीड मिल्स, फिश कियोस्क की स्थापना और पोस्ट-हार्वेस्ट परिवहन वाहन आदि शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, बिहार में मछुआरों और मत्स्य पालकों को उनकी कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायता के लिए कुल 1290 किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) स्वीकृत किए गए हैं। इसके अलावा, पशुपालन और डेयरी विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार, बिहार राज्य के कोसी, सीमांचल, मिथिलांचल सहित देश में पशुपालन और डेयरी को प्रोत्साहित करने के लिए, निम्न योजनाओं को कार्यान्वित कर रही है- ( ) देशी नस्लों के विकास और संरक्षण, गोजातीय आबादी के आनुवंशिक उन्नयन और गोजातीय पशुओं के दूध उत्पादन और उत्पादकता को बढाने के लिए राष्ट्रीय गोकुल मिशन (आरजीएम), जिसमें 27.91 लाख पशुओं को शामिल किया गया, 35.11 लाख कृत्रिम गभाधार्न किए गए और बिहार में 20.95 लाख किसान लाभान्वित हुए। इसके अलावा, 2673 मैत्री (ग्रामीण भारत में बहुउद्देशीय कृत्रिम गभाधार्न तकनीशियन) को लिया गया और 2 आईवीएफ (इन-विट्रो फर्टिलाइजेशन) प्रयोगशालाओं की स्थापना की गई, जिससे 613 व्यवहार्य भ्रूण(एम्ब्रीओ) तैयार हुए, जिनमें 291 भ्रूण (एम्ब्रीओ )स्थानांतरित किए गए और 25 बछड़ों का जन्म हुआ। राज्य सहकारी डेयरी संघों/जिला सहकारी दूध उत्पादक संघ/एसएचजी/दूध उत्पादक कंपनियों/किसान उत्पादक संगठनों के लिए गुणवत्ता परीक्षण उपकरणों के साथ-साथ प्राथमिक चिलिंग फैसिलिटी के लिए इन्फ्रस्ट्रक्चर के निर्माण/सुदृढ़ीकरण के लिए डेयरी विकास राष्ट्रीय कार्यक्रम, जिसमें बिहार में 263.23 करोड़ रुपये की कुल परियोजना लागत के साथ 17 परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है और परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए कॉम्फेड (बिहार राज्य दूध सहकारी संघ लिमिटेड) को 204.07 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं, रोजगार सृजन, उद्यमिता विकास, प्रति पशु उत्पादकता में वृद्धि के लिए राष्ट्रीय पशुधन मिशन, पशुधन उत्पादकता बढ़ाने और पशुधन स्वास्थ्य देखभाल आदि में संवर्धन के लिए पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण कार्यक्रम।

## संक्षिप्त खबरें

### भैरोगंज पुलिस को मिली कामयाबी तमंचे के साथ दो लोगों को गिरफ्तार

प्रातः किरण, संवाददाता

बगहा।भैरोगंज पुलिस ने मंगलवार की रात तमंचा के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार दोनों व्यक्ति चौतरवा थाना क्षेत्र के बरियरवा गांव के निवासी हैं।फिलहाल पुलिसमामले की जांच में जुटी है। थानाध्यक्ष महेश कुमार ने बताया कि वाहन चेकिंग किया जा रहा था तभी गुप्त सूचना मिली कि दो लोग कट्टे लेकर आ रहे हैं और इसी रास्ते से होकर जाएंगे।सूचना मिलते ही जांच सघन कर दी गई और हर वाहन सवार लोगों पर पैनी नजर रखी जाने लगी।जांच के दौरान दो लोगों के पास से तमंचा बरामद किया गया। पकड़े गए हथियार के साथ नवनीत तिवारी और अंशु कुमार चौतरवा थाना के बेरियरवा गांव निवासी के रूप में पहचान की गई है।

### फरार अभियुक्त के घर पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया

इश्तहार। कोपा / कोपा थाना क्षेत्र के चौखरा गाँव निवासी निरंजन सिंह के घर पर कोपा थाना एसआई दिनेश कुमार डंका बजा कर इश्तहार चिपकाया उन्होंने बताया कि काण्ड संख्या-105/22 मामले में अभियुक्त लम्बे समय से फरार चल रहा है।इश्तहार के बाद अभियुक्त सरेंडर नही करता है तो कुर्की जप्ती किया जाएगा।

### पर्यटन नगरी का ई टाइप कॉलोनी पेयजल संकट गहराने से त्राहिमाम कर रहा

बगहा। जिला का पर्यटन नगरी स्थित ई टाइप कॉलोनी के निवासी इन दिनों पेयजल संकट से त्राहिमाम करने पर मजबूर हो चले हैं। क्यों कि शिकायत करने पर भी पीडब्लूईडी के अधिकारी नहीं सुन रहे हैं।वहीं संवेदक सीधी मुंह बात तक नहीं करते है। बतादें की वाल्मीकिनगर स्थित पर्यटन नगरी के ई टाइप कॉलोनी में जलनल का मेन सप्लाई पाइप फट गया है । इस वजह से ई टाइप कॉलोनी में जलनल से पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रही है जिससे लोगों में आक्रोश है। ई टाइप कॉलोनी एक छोटी पहाड़ी पर बसा हुआ है जहां पेयजल का भारी संकट है। बतातें चलें कि वाल्मीकिनगर पंचायत स्थित 14 नम्बर वार्ड में स्थित ई टाइप कॉलोनी में पिछले 10 दिनों से जलनल प्लांट से जलापूर्ति नहीं कि जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कॉलोनी के बीच स्थापित शिव मंदिर के ठीक बगल में जलनल आपूर्ति का मेन पाइप फट गया है जिस कारण जलापूर्ति बाधित है। हॉस्पिटल कर्मचारी विनय सिंह ने बताया कि कार्यपालक और कनिये अभियंता को इस बाबत शिकायत की गई है।लेकिन 10 दिन बीत जाने के बावजूद अधिकारियों के कानों पर जूं नहीं रेंग रही है। पेयजलापूर्ति के लिए आक्रोशित हो प्रभावित लोग अधिकारियों से लेकर मीडिया कर्मियों से गुहार लगा रहे हैं।

### 20 मिनट तक वैक्युम से रूकी रही बाघ एक्सप्रेस और देखता रहा गेट मैन

रसूलपुर।छपरा सिवान रेल खंड के महेंद्रनाथ हाल्ट से सटे चांड़वा रेलवे फाटक पर 13019 अप बाघ एक्सप्रेस का वैक्यूम हो गया और 20 मिनट तक अपने आंखों से देखता रहा गेट मैन।क्यों कि वैक्यूम रेलवे फाटक के सामने वाले डब्बे में था।सभी उतर उतर कर भाग रहे थे इधर रसूलपुर -बाल सड़क के रेलवे फाटक पर जाम बढ़ता गया।गार्ड व ड्राइवर वैक्यूम खोज रहे थे।यात्री और रेल फाटक पर जाम में फंसे लोग गेट मैन से आशा कर रहे थे कि वह वैक्यूम बंद कर देगा।पर गेटमैन ने कहा कि वैक्यूम बंद करना उसके कार्यक्षेत्र में नहीं आता।हार थक कर एक युवा यात्री उतरा और वैक्यूम वाला तार नीचे खींचा।अपने अपने डब्बे और इंजन से वैक्युम बंद का पता लगाने निकले गार्ड और चालक लौटे फिर गाड़ी आगे बढ़ी।15 मिनट से अधिक समय तक रेलवे फाटक बंद रहा।

### सुहई शाहपुर में गीता जयंती समारोह का हुआ आयोजन

प्रातः किरण, संवाददाता

बनियापुर। प्रखंड के सोहई शाहपुर गाव मे गीता जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जहा कई विद्वान संतो ने अपनी वाणी से अमृत वर्षा कर श्रद्धालु भक्तो को सराबोर कर दिया,जहा मुख्य वक्ता बिहार सरकार में अपर मुख्य सचिव रहे उपेंद्रनाथ पांडेय ने श्रीमद्भागवत गीता के श्लोकों पर चर्चा कर मनुष्य को अपने अंदर गीता को आत्मशात करने पर जोर दिया।इससे मानव की नही सम्पूर्ण मानवता का कल्याण होने की बात कही।

# रेत के ढेर में मिले शव की पहचान हुई, परिजनों ने साजिश के तहत हत्या का लगाया आरोप

- **हत्यारों की पहचान में जुटी पुलिस,रविवार को घर से बगहा गया था युवक**
- **सोमबार को आई मैसेज मैं मुंबई जा रहा हूं, मोबाइल हुआ स्विच ऑफ**

प्रातः किरण, संवाददाता



बगहा। बगहा नगर के कैलाश नगर वार्ड नंबर 8 स्थित नारायणपुर घाट पर गंडक नदी के किनारे बालू के ढेर में दबा एक युवक का खून से लथपथ शव सोमवार की शाम पुलिस ने बरामद किया था।जिसकी पहचान पुलिस ने कर ली है। मृत युवक की पहचान पठखौली थाना क्षेत्र के नरवल बरवल पंचायत स्थित सुनील सोनी के पुत्र आदित्य सोनी (17) के रूप में की गई है। शव को पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया है। जिसकी अंतिम संस्कार परिजनों के द्वारा की गई है। रविवार को घर से निकला था। आदित्य के माँ मुनेरीका देवी ने बताया कि रविवार रात 10 बजे उनकी आदित्य से आखिरी बार मोबाइल पर बात हुई थी। आदित्य ने बताया था कि वह अपने दोस्त के घर शादी में जा रहा है। इसके बाद उसका फोन स्विच ऑफ हो गया। अगले दिन आदित्य के मोबाइल से उसकी बहन निधि के व्हाट्सएप पर मैसेज आया, जिस पर लिखा था कि मैं मुंबई जा रहा हूं। परिजनों ने आदित्य से संपर्क करने की कई कोशिशें कीं लेकिन फोन नहीं लगा। जब बगहा में किराए के कमरे में जाकर पता किया, तो वहां भी कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस को सूचना देने की तैयारी चल रही थी कि मीडिया की खबर से मामला सामने आई।

## परिजनों का आरोप

आदित्य के पिता ने साजिश के तहत हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि आदित्य का किसी के साथ कोई विवाद नहीं था। वह पढ़ाई में अच्छा था और परिवार का सहारा बनना चाहता था। परिजनों का शक है कि हत्या को अंजाम देकर शव को गंडक नदी के किनारे बालू में दबा दिया गया। पटखौली थाना के प्रभारी थाना अध्यक्ष सुरेश कुमार ने बताया कि शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। परिजनों के द्वारा आवेदन अभी नहीं मिला है आवेदन मिलने के साथ ही एफआईआर दर्ज की जाएगी। हालांकि परिजनों ने बताया है कि आदित्य अपने दोस्तों के साथ गया था। फोन पर बात हुई थी, लेकिन दोस्तों का नाम नहीं बताया। आदित्य ने बताया था कि तीन दोस्तों के साथ नारायणपुर जा रहे हैं।

## गांव में छाया मातम

आदित्य का शव घर लाए जाने के बाद पूरे गांव में मातम पसर गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना ने पूरे इलाके को झकझोर दिया है और ग्रामीण जल्द से जल्द दोषियों को पकड़ने की मांग कर रहे हैं।

# सक्रिय पुलिसिंग के तहत सारण पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## तरैया थानान्तर्गत कुल 600 ली०स्प्रीट बरामद ,एक आरोपी को किया गया गिरफ्तार

- **स्प्रीट कारोबार में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त**

प्रातः किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय। पुलिस अधीक्षक, के निर्देशन में सारण पुलिस द्वारा ज़िले में अवैध शराब का सेवन, निर्माण, बिक्री, भण्डारण, परिवहन, शराब तस्करों एवं शराब कारोबारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है।इसी क्रम में तरैया थाना को छापामारी के दौरान गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि आकुचक के सामने चवर में रोड के किनारे कुछ व्यक्ति भारी मात्रा में स्प्रीट का गैलन रखे हैं और उसे मोटरसाइकिल ढ़ो रहे हैं। उक्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आकुचक चवर पहुँचकर छापामारी किया गया। छापामारी के क्रम में 600 ली0 स्प्रीट बरामद कर 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के पास से स्प्रीट का गैलन ढ़ो रहे 01 मोटरसाइकिल भी बरामद किया गया । इस संदर्भ में 08 अभियुक्तों के विरूद्ध तरैया थाना कांड सं0-445/24 दिनांक-11.12.24, धारा- 30 (ए) बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधि० दर्ज किया गया है। इस कांड में संलिप्त स्प्रीट तस्करों / कारोबारियों की गिरफ्तारी हेतु अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

## गिरफ्तार अभियुक्त का नाम एवं पता

1. मुन्ना कुमार, पिता- वकील राय, ग्राम चंचलिया, थाना तरैया, जिला- सारण।पुलिस द्वारा बरामद सामानों की में 600 लीटर, 2. मोटरसाइकिल-01, गैलन- 12 आदि हैं। वहीं पुअनि आशुतोष कुमार सिंह थानाध्यक्ष तरैया थाना, स०अ०नि० अप्पू कुमार, सि0/654 इंद्रजीत कुमार तरैया थाना एवं थाना के अन्य कर्मी शामिल थे।

# आरएसए छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई

## कुलपति सार्वजनिक मंच से जितना झूठ बोलते हैं, उतना ही निजी जीवन में भी झूठ बोलते हैं:: संयोजक

प्रातः किरण, संवाददाता



छपरा सदर। बुधवार को आर एस ए छात्र संगठन के प्रमुख कार्यकताओं की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता करते हुए आर एस ए के संयोजक उज्जवल कुमार सिंह ने कहा कि जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो परमेंद्र कुमार वाजपेई सार्वजनिक मंच से जितना झूठ बोलते हैं, उतना ही निजी जीवन में भी झूठ बोलते हैं। जो वादा करते हैं उसे पूरा नहीं करते हैं। अभी हाल ही में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में इन्होंने कहा है कि बिहार के विश्वविद्यालय में जयप्रकाश विश्वविद्यालय को हमने एक नंबर में पहुंचा दिया है। अभी हाल ही में पैट 2023 के परीक्षा में शामिल होने के लिए परीक्षा फॉर्म भरने हेतु समय बढ़ाया गया का जिसमें परीक्षा फॉर्म भरने का जो लिंक क्रिएट किया है जो फार्म का प्रारूप तय किया है उसमें हजारों कमियां है जिसके कारण परीक्षा फॉर्म नहीं भरा पा रहा हैं। पैट 2021, 2022 एवं एनइटी उत्तीर्ण छात्र-छात्रा परीक्षा फॉर्म भरने से वंचित हो रहे है। वही स्नात्तकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर अपीयरिंग कैंडिडेट के परीक्षा फॉर्म भरने की बात नोटिफिकेशन में कही गई है लेकिन फॉर्म भरने जब छात्र-छात्रा जा रहे हैं तो उनसे चतुर्थ सेमेस्टर का अंक मांगा जा रहा है। स्नात्तकोत्तर 1600 अंकों की परीक्षा होती है। परीक्षा में जैसे इसके आधार पर फॉर्म भरा जा रहा है तो वह 800 अंकों पर ले रहा है। स्नातक एवं स्नात्तकोत्तर के अंक प्रमाण पत्र जो इनके द्वारा महाविद्यालय में भेजा जा रहा है वह पूरी तरह से फर्जी प्रमाण पत्र है क्योंकि जो अंक प्रमाण पत्र पर टैबलेटर और कंट्रोलर का जो हस्ताक्षर आ रहा है उस समय वह परीक्षा नियंत्रक एवं टैबलेटर थे ही नहीं। इसको लेकर संगठन परीक्षा विभाग के सभी कर्मी एवं पदाधिकारी पर जल्दी ही कानूनी नोटिस भेज कर आपराधिक मुकदमा दर्ज करेगी। इतना कुछ गड़बड़ी होने के बाद भी कुलपति सारंण प्रमंडल के सार्वजनिक मंच पर नंबर वन विश्वविद्यालय बनाने की बात करते हैं। हजारों छात्र-छात्राएं अपने अंक पत्र सुधार के लिए कॉलेज से लेकर विश्वविद्यालय में भटक रहे हैं लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है ।उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से संगठन के राहुल यादव,गोलू सिंह, सौरभ कुमार, ईशा मिश्रा,श्रुति पांडे, शालू कुमारी समेत अनेको कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

# श्रीनिवास मेडिकल कॉलेज आम लोगों को बेहतर सुविधा को ले गंभीर :डीएम

- **जिला में पहला प्राईवेट मेडिकल कॉलेज में हुआ ब्लड सेंटर का उद्घाटन**



छपरा ' सारण में हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास हो रहा है, चाहे सरकारी हो या गैर सरकारी स्तर पर हो, इसका लाभ सारण वासियों को ही मिलेगा ' यह बातें सारण के जिलाधिकारी अमन समीर ने बुधवार को गरखा प्रखंड अंतर्गत गरखा छपरा रोड भैंसमारा स्थित श्रीनिवासजी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के सभागार में ब्लड सेंटर का उद्घाटन करते हुए कही ' इससे पूर्व जिलाधिकारी ने ब्लड सेंटर का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया ' मेडिकल कॉलेज के अध्यक्ष श्रीनिवास प्रसाद ने जिलाधिकारी को गुलदस्ता देकर स्वागत करते हुए उन्हें शॉल देकर सम्मानित भी किया ' जिलाधिकारी ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि इस मेडिकल कॉलेज में व्यवस्थाएं और सुविधा बेहतर दिख रही है, उम्मीद है आने वाले दिनों में और भी बेहतर सुविधा होगी, इसके लिए जिलाधिकारी ने मेडिकल कॉलेज के अध्यक्ष श्रीनिवास प्रसाद एवं वाईस प्रेसिडेंट नंदिनी देवी को बधाई दी ' डीएम ने वर्तमान में मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल द्वारा दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं पर संतोष जताते हुए कहा कि आने वाले दिनों में स्वास्थ्य के क्षेत्र में सारण वासिओं के लिए बेहतर साबित होगा ' बता दें कि श्रीनिवास हॉस्पिटल एंड मेडिकल कॉलेज, श्रीनिवास जी एजुकेशन एंड रिसर्च इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस का एक यूनिट है, इस अस्पताल में गरीबों और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों का विशेष ध्यान में रखकर ही स्वास्थ्य सुविधाएं दी जा रही है ' इस अस्पताल में स्वास्थ्य सेवा बहाल हो चुकी है, इसी के तहत जिला में प्राईवेट हॉस्पिटल का यह पहला ब्लड सेंटर स्थापित हुआ है । इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के अध्यक्ष श्रीनिवास जी प्रसाद ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि जिलाधिकारी के हाथों आज ब्लड सेंटर का उद्घाटन हुआ है, डीएम ने पूरे वार्ड का निरीक्षण भी किया और वर्तमान समय में जनता को दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में डॉक्टर से हाल जाना ' अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि मेरा प्रयास है कि जनता को बेहतर से बेहतर सुविधा मिले ' उन्होंने यह भी कहा कि मेरा प्रयास है कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में सारण में जो सुविधा नहीं मिल रही है उन्हें मिले ' उन्होंने कहा कि अभी इंफ्रास्ट्रक्चर का कार्य चल रहा है, मेडिकल कॉलेज का इंफ्रास्ट्रक्चर कंप्लीट होने के बाद सभी सुविधाएं बहाल हो जाएगी ' ब्लड सेंटर के उद्घाटन समारोह में सिविल सर्जन सागर दुलार सिन्हा, सदर एसडीओ लक्ष्मण तिवारी सहित गणमान्य उपस्थित थे ' इस अवसर पर अंसार गनी, डॉ.मणि भूषण सिंह, डॉ. अमरनाथ ठाकुर, डॉ प्रमोद, डॉ. दिनेश, डॉ. गुंजन रानी, डॉ. विजय, डॉ. अंजलि, डॉ.श्वेता, डॉ. राजू कुमार एवं डॉ, सुरेंद्र प्रसाद सहित मेडिकल कॉलेज के अन्य डॉक्टर और कर्मी उपस्थित थे '

# बिहार बाल विज्ञान शोध कार्यक्रम 2024 का जिला स्तरीय आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न

प्रातः किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय। बिहार बाल विज्ञान शोध कार्यक्रम 2024 का जिला स्तरीय आयोजन आज छपरा के सेंट्रल पब्लिक स्कूल, विकास नगर, चांदमारी रोड में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन डीपीओ (सर्व शिक्षा अभियान) प्रियंका रानी और सीपीएस ग्रुप के चेयरमैन डॉ हरेंद्र सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम के दौरान साइंस फॉर सोसाइटी के जिला समन्वयक यशपाल कुमार सिंह ने डीपीओ मैडम को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इसके अलावा, प्रमुख शिक्षाविदों, जिनमें प्रोफेसर एम.के. शरण, प्रोफेसर कामेश्वर प्रसाद सिंह, प्रोफेसर नवीन कुमार ओझा, डॉ. सुरेश प्रसाद सिंह, और अन्य शामिल थे, को भी सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में लगभग 200 बाल वैज्ञानिकों ने हिस्सा लिया। बच्चों ने मुख्य विषय ह्लमानवीय गतिविधियों का हमारे पर्यावरण पर प्रभावह्व पर आधारित प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए। प्रोजेक्ट्स में पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, जल संरक्षण, जैव विविधता, और कृषि जैसे विषयों पर विशेष ध्यान दिया गया।

अतिथियों ने बाल वैज्ञानिकों की रचनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण की सराहना की। डीपीओ प्रियंका रानी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने और उनके नवाचार को प्रोत्साहित करने में सहायक होते हैं।

कार्यक्रम का समापन प्रेरणादायक विचारों और सकारात्मक ऊर्जा के साथ हुआ। इस आयोजन ने बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाने के साथ-साथ समाज में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण कार्य किया।मंच संचालन पंकज कुमार सिंह ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन जितेंद्र कुमार ने किया है।

# विकास की गंगा बहाकर घोटवा टोला की बदली जा रही है तस्वीर ,सरकारी योजनाओं को उतारा जा रहा धरातल पर

प्रातः किरण, संवाददाता

बगहा। हर बार की तरह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक बार फिर अपनी यात्रा की शुरूआत पश्चिम चम्पारण जिलें से करने वाले हैं संभावना जताई जा रही है की इस बार महिला संवाद यात्रा के लिए सन्तपुर घोटवा टोला गाँव का चयन किया गया है लिहाजा रात दिन एक कर सरकारी योजनाओं कों धरातल पर उतारा जा रहा है।सात निश्चय योजना के तहत गाँव की तस्वीर बदली जा रही है। खास बात यह है की अबकी बार वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के घने जंगलों के बीच इलाके में सीएम पहुंचने वाले हैं, यहीं वजह है की प्रशासनिक अमला से लेकर पंचायत प्रतिनिधि विकास के अधूरे काम युद्धस्तर पर पूरा करने में जुटे हैं तो महिलाएं तैयारी में पुरुषों के कदमताल हैं। बताया जा रहा है की वाल्मीकिनगर के आदिवासी बहुल्य सन्तपुर घोटवा टोला वार्ड नं 4 में हर घर नल का जल,पेपर ब्लॉक,टाइल्स नाला और छलका पुलिया बनाया जा रहा है इसके अलावा,शौचालय,स्कूल,पंचायत सरकार भवन औ ख अतरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का कायाकल्प किया जा रहा है जिनकी झोपडीयां हैं उन्हें आवास योजना के तहत पक्के मकान दिये जा रहें हैं इधर आदिवासी महिलाओं में सरकार के आगमन पर उत्साह और खुशी का माहौल है लिहाजा एक ओर स्वागत में लोग रंगोली बनाने की तैयारी में हैं तो वहीं सीएम के पसंदीदा भोजन अनंदी के भुजा और आलू बैगन की भर्ता चोखा बनाकर परोसने की बात कर रहीं हैं। ऐसे में लोगों में मुख्यमंत्री के आगमन से काफी उम्मीदें हैं जिसको लेकर महिलाएं स्वागत में क्षेत्रीय नृत्य झमटा झुमर की भी तैयारी कर रहीं हैं।

# सभी समस्याओं का समाधान गीता में है:अरुण पुरोहित

प्रातः किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय। वर्तमान परिवेश में मनुष्य जीवन सभी समस्याओं का समाधान गीता में उपलब्ध है।

उनके बाते बुधवार को गीता जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों में अरुण पुरोहित धर्म प्रचारक ने कही।

उन्होंने कहा कि आज से लगभग 5000 वर्ष पूर्व कुरुक्षेत्र में निराशा अर्जुन को कर्तव्य बताते हुए गीता का उपदेश दिया था जो आज भी सार्थक है। गीता हमें निष्काम कर्म योग करने की प्रेरणा देती है उन्होंने बताया मनुष्य जीवन में हर कदम पर हमें गीता से प्रेरणा लेनी चाहिए सनातन धर्म की स्थापना के लिए योगेश्वर श्री कृष्ण की मुख से निकली हुई वाणी को पढ़कर हमें अपने जीवन को सफल बनाना चाहिए।

अन्याय सह कर बैठे रहना यह महा दुष्कर्म है !

न्यायार्थ अपने बन्धुओं को दंड देना धर्म है ।

युवा ब्राह्मण चेतना मंच के द्वारा मारुति मानस मंदिर में सामूहिक गीता पाठ का आयोजन किया गया जिसमें आचार्य रंगनाथ तिवारी आचार्य श्यामसुंदर मिश्र, पंडित अरुण पुरोहित धर्म प्रचारक आचार्य मनीष पांडे , पंडित शशि प्रकाश मिश्रा पंडित अरुण उपाध्याय पंडित मुन्ना पाठक पंडित विशाल पांडे पंडित पवन उपाध्याय पंडित विवेक विभूषित पंडित अनिल कुमार मिश्र दीपू जी, मंदिर के पुजारी आचार्य राघव जी, अजय सिंह उत्तम कुंडू विजय सिंह राजीव रंजन तिवारी,अंजनी कुमार मिश्र, अमित मिश्रा सभी ने पाठ में भाग लिया। अरुण पुरोहित ने गीता की महिमा का व्याख्यान किया उपस्थित भक्तों के बीच में गीता पुस्तक का वितरण किया गया। समिति का लक्ष्य घर-घर तक गीता पहुंचाना है ।

# सृष्टि ने जिला का किया नाम रोशन, क्लैट में पाया 49 वां स्थान

प्रातः किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय।सारण की बेटी सृष्टि राय ने क्लैट (कॉमन लॉ इंट्रेस्ट टेस्ट) में 49 वाँ स्थान प्राप्त कर सारण और बिहार का नाम रौशन किया है ' छपरा शहर के कटहरी बाग स्थित भुनेश्वर पथ में सृष्टि का घर है हालांकि उसने अपनी परीक्षा की तैयारी नई दिल्ली में रहकर की है जहां उसके पिता डॉ अजय कुमार सुप्रीम कोर्ट में अधिवक्ता हैं ' यह उल्लेखनीय है कि इस परीक्षा में बिहार टॉपर नमन ने जहां 60 वाँ स्थान प्राप्त किया है वहीं सृष्टि का उससे पहले 49 वें स्थान पर मेरिट क्रम में नाम है ' सृष्टि ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता अनिला भारती और पिता डॉ अजय को दिया है ' उसने बताया कि राष्ट्रीय स्तर की इस प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए वह प्रतिदिन 8 से 10 घंटे तक लगातार पढ़ाई करती थी ' उसने यह भी कहा कि वह हैदराबाद या बंगलुरु में पांच वर्षीय लॉ ग्रेजुएट पाठयक्रम में पढ़ाई करने हेतु इच्छुक हैं और साथ ही वह एक अच्छे विधि स्नातक के रूप में देश के न्यायालयों तथा अन्य संस्थाओं में अपनी सेवाएं देने के लिए तत्पर हैं ' उसके इस सफलता पर सृष्टि के रिश्ते में दादा प्रो डॉ. लाल बाबू यादव, सेवा निवृत्त शिक्षिका सावित्री देवी, डॉ राजेश चंद्रा यादव, ई .ब्रजेश चंद्रा और उसकी बुआ मनीषा प्रियम के साथ ही उसके नाना इसुआपुर (अगउथर) डॉ एन पी यादव, वी पी यादव ने बधाई दी है और यह आशा व्यक्त की है कि सृष्टि भविष्य में एक अच्छे अधिवक्ता के रूप में गरीबों और समाज के पिछड़ों और दलितों को अपनी सेवाएं उपलब्ध कराएंगी '

# सीनियर क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का हुआ समापन

छपरा । राजेन्द्र स्टेडियम छपरा में खेल जा रहे सारण जिला सीनियर क्रिकेट लीग प्रतियोगिता में आज दहियावां क्रिकेट एकेडमी ब्लू बनाम त्रिशूल क्रिकेट एकेडमी परसा के बीच खेला गया जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए स्कूल त्रिशूल क्रिकेट एकेडमी परसा 20.5 ओवर में सभी विकेट खोकर महज 88 रनों पर सिमट गईं जिसमें मिठू 16 निशांत 10 मणि 12 नीरज 10 सोहित 10 रन बनाए गेंदबाजी करते हुए दहियावां क्रिकेट एकेडमी के तरफ से अमन 4 मनीष 2 विशाल 2 सुजल 1 अबरार 1 विकेट लिए जवाब में खेलने उतरी दहियावां क्रिकेट एकेडमी 13.3 ओवर में 4 विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिया जिसमें विश्वजीत 22 अबरार 18 मनीष 17 विकाश 13 रन बनाए गेंदबाजी करते हुए त्रिशूल क्रिकेट एकेडमी परसा के तरफ से रौनक शिवांश अजय मंटू एक एक विकेट लिए यह मैच दहियावां क्रिकेट एकेडमी ने त्रिशूल क्रिकेट एकेडमी परसा को 6 विकेट से हराया कल का मैच त्रिपाठी क्रिकेट अकादमी बनाम दहियावां क्रिकेट एकेडमी रेड के बीच सुबह 9 बजे से होगा इस अवसर पर सारण जिला क्रिकेट संघ के पूर्व अध्यक्ष संजय कुमार सिंह पूर्व उपाध्यक्ष बिहार विभूति नारायण शर्मा पॉल इस्माईल राजन प्रसाद यादव कैशर अनवर रवि राय खालिद राजू सागर कुमार विशाल राय कुन्दन शर्मा अंपायर राहुल यादव गुड्डू यादव ऑनलाइन स्कोरिंग हनी सिंह थे ।

# जिला जज ने तीन प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



छपरा कोर्ट।बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुनीत कुमार गर्ग ने 14 दिसम्बर 2024 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार हेतु प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किय ताकि अधिक से अधिक लोग राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जान सके तथा अपने सुलहनीय वादों का निष्पादन आपसी सुलह समझौते के आधार पर करा सके।उक्त कार्यक्रम के अवसर पर व्यवहार न्यायालय के सभी न्यायिक पदाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव धर्मेंद्र कुमार पांडे तथा पैनल अधिवक्ता संतोष कुमार सिंह, अमित रंजन, मुन्नी कुमारी एवं अधिकार मित्र तथा प्राधिकार के कर्मचारी उपस्थित थे।

# पंचायत मोड़ के पास रोड पर गिर रहा नाले का गन्दा पानी ,आक्रोशित लोगों ने किया प्रदर्शन

जलालपुर / कोपा नगर पंचायत के कोपा वार्ड संख्या-2 नगर पंचायत मुख्य गेट के समिप छह माह से नाले का गंदा पानी रोड़ पर गिरने से आक्रोशित लोगों ने बुधवार को सुबह प्रदर्शन पर नगर पंचायत पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों के खिलाप नारेबाजी किया।आकोशित ग्रमीणों का कहना है।कि छह माह से रोड़ पर नाले का गंदा पानी बह रहा है।छठ महापर्व में भी नाले का गंदा पानी रोड़ पर बह रहा था। दर्जनो बार नगर पंचायत पदाधिकारी से शिकायत के बाद भी कार्यवाई नही हुई।मौके पर प्रदीप महतो,तारकेश्वर साह,कुन्दन कुमार,आजकिशोर साह,गुड्डू खा, भुटेली खा,नोशाद खा शहित अन्य लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### संपत्ति बंटवारा को लेकर दो सहोदर भाइयों में हुई मारपीट, मामले में प्राथमिकी दर्ज

प्रातः किरण संवाददाता

दिनारा(रोहतास) । नटवार थाना क्षेत्र अंतर्गत राजपुर गांव में संपत्ति बंटवारा को लेकर दो सहोदर भाई आपस में भिड़ गए । जिसमें छोटे भाई जख्मी हो गए । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जख्मी भाई के परिजनों द्वारा प्राथमिक इलाज के लिए दिनारा अस्पताल ले गए । जहां पर जख्मी व्यक्ति का प्राथमिक इलाज चिकित्सकों द्वारा की गई । मिली जानकारी के अनुसार जख्मी व्यक्ति के बांह में चोटें आई है ।जिससे उनके बांह टूट गए है । जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि वादी जख्मी भाई जनेश्वर ठाकुर ने स्थानीय थाना में लिखित आवेदन देकर अपने बड़े भाई एवं भौजाई के विरुद्ध मारपीट को लेकर मामला दर्ज कराया है । उन्होंने बताया कि वादी के द्वारा दिए गए लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए स्थानीय पुलिस मामले की जांच में जुट गई है ।

### पुलिस ने महिला वारंटी को किया गिरफ्तार

दावथ(रोहतास) । पुलिस ने महिला वारंटी को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया । सूर्यपुरा प्रभारी थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के मदैना गांव निवासी जैतून खातून को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार महिला अभियुक्त के विरुद्ध सासाराम न्यायालय से वारंट निर्गत था ।

### अल्पसंख्यक छात्रावास के छात्र का भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर मुंबई में हुआ चयन

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा। प्रतिभा के धनी और मेधावी छात्र ने हजरत पीर नजर अल्पसंख्यक छात्रावास नवीगंज सारण के छात्र ने भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर मुंबई के एग्जाम में क्वालीफाई कर अल्पसंख्यक छात्रावास और जिला का नाम रौशन किया है , आगामी 30 दिसंबर तक छात्र करेंगे जॉइन ' बता दें के मोहम्मद मुस्तफा अंसारी डेरनी थाना अंतर्गत ककरहट गांव निवासी है ' छात्र मो.मुस्तफा अंसारी ने अल्पसंख्यक छात्रावास में लगभग 2 साल से अधिक रहकर शिक्षा ग्रहण करते हुए एग्जाम की तैयारी किया ' उनके परिवार में एक भाई भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर में पहले से ही कार्यरत हैं, उनसे भी इनको मार्गदर्शन मिला ' सफल छात्र मोहम्मद मुस्ताक अंसारी ने बताया कि ओबीसी कोटा के लिए 160 सीट के विरुद्ध 15000 छात्रों में मेरा चयन हुआ है ।

इसके लिए मुझे तीन बार एग्जाम की प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ा ' उन्होंने कहा कि किसी भी छात्र में दृढ़ संकल्प हो तो जरूर सफलता मिलती है ' मैंने भी पूरी निष्ठा, मेहनत और लगन से एग्जाम की तैयारी किया और मुझे सफलता मिली ' भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर में चैन होने पर संपूर्ण अल्पसंख्यक छात्रावास के छात्रों सहित उनके गांव ककरहट में खुशी का इजहार करते हुए मुबारकबाद दी है ।

### मढ़ौरा ने फुटबॉल मैच में सिवान को 2-0 से हराया

मढ़ौरा थाना खेल मैदान में खेले जा रहे मा गढदेवी फुटबॉल टूनामेंट के तीसरे मैच में मढ़ौरा की टीम ने सिवान की टीम को 2-0 से हराकर इस टूनामेंट में बढ़त बना ली। बुधवार को खेले गए इस संघर्षपूर्ण मुकाबले में दोनों ही टीमो का खेल सराहनीय रहा किन्तु मढ़ौरा टीम की फारवर्ड लाइन व रक्षा पंक्ति सिवान की तुलना में वेहतर रहने की वजह से मढ़ोरा की टीम सिवान के गोलपोस्ट में दो गोल दागने में सफल रही जबकि सिवान की पूरी टीम काफी जदोजहद के बाद भी एक गोल भी नही कर सकी। इस मैच में मुख्य निर्णायक की भूमिका मोनू कुमार ने निभाई।

### कैट पटना महानगर के राकेश कुमार डालमिया अध्यक्ष, राजकुमार राजा महासचिव व रामाशंकर विश्वकर्मा कोषाध्यक्ष बने

पटना । कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ( कैट) बिहार अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा ने कैट पटना महानगर मे नये अध्यक्ष राकेश कुमार डालमिया, महासचिव राजकुमार राजा व रामाशंकर विश्वकर्मा को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया। कैट बिहार चेयरमैन राजेश गुप्ता जी ने बताया कि महानगर की नई टीम छोटे व मझोले व्यापारीयों को संघटित कर संगठन को मजबूत बनाने में सफल होंगे कैट उपाध्यक्ष रवि गुप्ता ने नयी टीम को बधाई देते हुए कहा कि राकेश जी व उनकी टीम काफी उजार्वान है और संगठन व व्यापारियों के प्रति अच्छी सोच रखने वाले है ।

## बड़हरा विधानसभा के राजपुर में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित यात्रा को ले कर बड़हरा विधायक द्वारा स्थल का किया गया निरीक्षण




प्रातः किरण संवाददाता

आरा/बड़हरा। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के भोजपुर जिला यात्रा कार्यक्रम के तहत बड़हरा विधानसभा के राजापुर मे कार्यक्रम प्रस्तावित है ।उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बड़हरा विधायक सह पूर्व मंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने राजापुर में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कोईलवर प्रखंड पदाधिकारी, अंचल पदाधिकारी सहित जिला,प्रखंड के पदाधिकारी और कार्यकताओ ने मुख्यमंत्री के प्रस्तावित यात्रा स्थल पर जा कर समीक्षा की गई। बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने स्थल पर उपस्थित पदाधिकारी को निर्देश दिया।

बड़हरा विधायक ने पंचायत सरकार भवन,उच्च विद्यालय, जीविका भवन का निरीक्षण किया। खेल मैदान,विभिन्न एथलेटिक्स ट्रैक निर्माण का निरीक्षण किया।इसके साथ राजापुर मे निमार्णाधीन छठ घाट का भी निरीक्षण किया गया। विधायक सह पूर्व मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री का कार्यक्रम बड़हरा विधानसभा के कोईलवर प्रखंड के राजापुर में प्रस्तावित है । मुख्यमंत्री का कार्यक्रम दिसम्बर के अंतिम सप्ताह तक संभावित है ।बड़हरा क्षेत्र के विकास मे बिहार सरकार का मुख्य योगदान है ।यह बड़हरा के खुशी की बात है कि मुख्यमंत्री का कार्यक्रम हमारे क्षेत्र में हो रहा है। पहले भी मुख्यमंत्री का विकास कार्यक्रम बखोरापुर मे हो चुका है और बहुत सारी योजनाओं का उदघाटन किया। राजापुर मे मुख्यमंत्री द्वारा बहुत सारी योजनाओं का शिलान्यास और उदघाटन किया जाएगा।

निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनिधि सहित भाजपा के कार्यकर्ता शामिल थे।

## जागरूकता कार्यक्रम में गीधा पहुँचे मद्य निषेध मंत्री रत्नेश सदा

प्रातः किरण संवाददाता




आरा।जिले के कोईलवर प्रखंड के गीधा में मद्य निषेध और उत्पाद विभाग की ओर से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने लोगों को शराब से होने वाली बीमारियों के बारे में बताया। इसके साथ ही शराब नहीं पीने के लिए लोगों को शपथ भी दिलाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के मंत्री रत्नेश सादा मौजूद रहे ।उनके साथ मध्य निषेध विभाग के आरा के सहायक आयुक्त रजनीश कुमार, पूर्व विधायक प्रभुनाथ राम, वरिष्ठ पत्रकार भीम सिंह भवेश मंच साझा किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री रत्नेश सदा ने कहा कि बिहार सरकार शराबबंदी को लेकर दृढ़ संकल्पित है। राज्य में शराबबंदी होने से हर एक व्यक्ति खासकर महिलाएं काफी खुश हैं। शराब के कारण कितने ही लोग जो इस कुरीति का शिकार होकर अपने घर परिवार और अपने स्वयं के लिए दुख झेलते थे। आज स्वस्थ और सुखी जीवन यापन कर रहे है। वही जागरूकता कार्यक्रम के अवसर पर क्रिएटिव आर्ट थियेटर द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से शराब पीने से होने वाली हानियों को दिखाया गया। इस प्रस्तुति में नशा मुक्ति का सशक्त संदेश दिया गया।

जिसे दर्शकों ने गहराई से महसूस किया। मंच पर अपनी अद्भुत कला का प्रदर्शन करने वाले कलाकारों में रजनीकांत, सुनील यादव, सुशील कुमार वर्मा, श्याम कांत, प्रेम कुमार, प्रियांशु कुमारी, पूजा कुमारी, प्रवीण कुमार, और दीपक कुमार शामिल थे।

## नवनिर्वाचित पैक्स अध्यक्ष व कार्यकारिणी सदस्यों के साथ किया गया बैठक



प्रातः किरण संवाददाता

राजपुर(रोहतास) : राजपुर प्रखंड के रोतवा पैक्स गोदाम पर नवनिर्वाचित पैक्स अध्यक्ष व कार्यकारिणी सदस्यों के साथ बैठक बुधवार को पैक्स अध्यक्ष श्रीकांत चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जहा प्रबंध समिति की पहली बैठक में उपस्थित लोगों ने पैक्स अध्यक्ष का फूल माला से स्वागत किया। इस दौरान पैक्स अध्यक्ष ने नवनिर्वाचित सदस्यों को सम्मानित किया।

बिसीओ जर्नादन कुमार ने बताया कि कार्यकारणी समिति की गठन सभी सदस्यों की सहमति से किया गया है। जिसमें धान खरीदी पर विचार-विमर्श समेत खाद वितरण बारे में चर्चा किया गया। इस दौरान पैक्स प्रबंधक उमेश चौधरी, समेत सभी पैक्स सदस्य मौजूद।

## जिला परिषद सदस्य ने दुसरे दिन भी प्रखण्ड कार्यालय पर दिया धरना




प्रातः किरण संवाददाता

राजपुर(रोहतास)। 'चलाधिकारी की पदस्थापना,प्रखण्ड कार्यालय में घूसखोरी समाप्त करने व बीडीओ द्वारा राजपुर पैक्स अध्यक्ष पर किये गये केस को वापस कराने समेत पांच सूत्री मांग को ले बुधवार को दुसरे दिन भी जिला परिषद सदस्य रेशमा कुमारी ने अपने समर्थकों के साथ प्रखण्ड कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया ।जिला परिषद सदस्य ने बताया कि जब तक हमारी मांगे मान नहीं ली जाती अनिश्चित कालीन दिनों तक धरना प्रदर्शन करती रहूंगी।

उन्होंने बताया कि धरना प्रदर्शन रोज प्रखण्ड परिसर पहुंचकर एक निश्चित समय तक धरना दिया जा रहा है ।जिसमें काफी संख्या में गरीब गुरबा व समर्थक शामिल हो रहे हैं ।मौके पर कृष्णा यादव, संजय चौधरी,रमेश पाठक, बबलू कुमार, संगिता देवी, दिनेश चौधरी समेत अन्य मौजूद रहे।

## पुलिस ने राहगिरों की मदद से लहठान–राजवाहा कैनाल से अज्ञात व्यक्ति का शव किया बरामद

प्रातः किरण संवाददाता



बिक्रमगंज(रोहतास) ।बिक्रमगंज पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति का शव किया बरामद । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत कस्तर महादेव गांव के हाई स्कूल खेल मैदान के सामने लहठान- राजवाहा कैनाल में एक अज्ञात व्यक्ति का शव राहगीरों द्वारा देखा गया । जिसकी सूचना राहगीरों ने दूरभाष के माध्यम से स्थानीय पुलिस को दी । सूचना मिलते ही मामले को त्वरित संज्ञान में लेते हुए गस्ती की गाड़ी उक्त स्थल पर पहुंच घटना का जायजा लेते हुए शव को कब्जे में ले लिया ।साथ ही साथ घटना की सूचना मिलते ही स्वयं थानाध्यक्ष ललन कुमार अपने पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच जांच पड़ताल में जुट गए । घटना के संदर्भ में श्री कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत कस्तर महादेव गांव के हाई स्कूल खेल मैदान के सामने लहठान- राजवाहा कैनाल के अंदर से पानी में पड़े करीब 50 वर्षीय एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया है । उन्होंने बताया कि मिले अज्ञात शव की शिनाख्त अभी तक नहीं हो पाई है । श्री कुमार ने बताया कि पुलिस द्वारा कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के उपरांत अज्ञात व्यक्ति के शव को अंत्य परीक्षण कराने के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया गया । उन्होंने कहा कि यह घटना कैसे हुई है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा ।

## गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में गीता जयंती सह मोक्षिता एकादशी व्रत का किया गया आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता



संझौली :अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में गीता जयंती सह मोक्षिता एकादशी व्रत का आयोजन संझौली के गायत्री मंदिर के प्रांगण में किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन राकेश शर्मा ने किया।

मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष नवीन चंद्र शाह ने गीता जयंती के महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए कर्म योग ज्ञान योग्य सांख्य योग के बारे में बताया। हम सब को भी कृष्ण की भांति हाथ में सुदर्शन चक्र महादेव की तरह हाथ में त्रिशूल उठाने का समय आ गया है। जिस तरह से पूरा गीता सुनने के बाद अर्जुन ने युद्ध करने हेतु अपना गांधी उठा लिया था इस तरह से हम सबको भी भारत माता की अस्मिता को बचाने के लिए गांडीव उठाना होगा । अन्याय अनीति दुर्गुण से लड़ना होगा समस्याओं का समाधान स्वयं निकलना होगा। राष्ट्र के लिए बलिदान की आस्था रखती होगी। गीता मानव मात्र को जीवन में प्रतिक्षण आने वाले छोटे-बड़े संग्रामों के सामने हिम्मत से खड़े रहने की शक्ति देती है। गीता वैश्विक ग्रंथ है। अर्जुन हमारा आदर्श हो और भगवान कृष्ण हमारे सहायक हों। मोक्षिता एकादशी की चर्चा करते हुए श्री राकेश शर्मा ने वैदिक रीति से सारे कार्यक्रम संपन्न कराया। इस कार्यक्रम के शुभ अवसर पर तारानंद साह संदीप कुमार सुमन कुमारी नीलम देवी बीना देवी रेशमी देवी राज मीना देवी मीरा देवी आराध्य देवी उद्यमिता देवी इंद्रदेव चौधरी मीरा देवी देवंती देवी सहित बड़ी संख्या में माता बहने उपस्थित थीं। कार्यक्रम का समापन हरिओम तत्सत हरि ओम तत्सत हरि ओम तत्सत के साथ-साथ श्रीमद् भागवत की आरती के साथ संपन्न हुआ।

## पुलिस ने उदवंतनगर थानान्तर्गत अवैध हथियार के साथ दो अरोपियों को किया गिरफ्तार




प्रातः किरण संवाददाता

आरा। एएसपी परिचय कुमार ने प्रेस वार्ता कर बताया कि दिनांक-10.12.24 को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि उदवंतनगर थानान्तर्गत 02 व्यक्ति अवैध हथियार लिये ग्राम डिहरी में कोई गंभीर घटना को अंजाम देने के फिराक में हैं। इस संबंध में त्वरित कार्रवाई करते हुए आसूचना का सत्यापन, अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं अवैध हथियार की बरामदगी हेतु सहायक पुलिस अधीक्षक-सह-अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-1, सदर, आरा के नेतृत्व में थानाध्यक्ष, उदवंतनगर थाना एवं थाना के पदाधिकारी तथा बल के साथ एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा छापामारी के दौरान 02 अभियुक्त को 01 देशी कट्टा, 01 देशी रायफल एवं 05 जिन्दा कारतुस के साथ गिरफ्तार किया है ।इस संबंध में उदवंतनगर थाना कांड सं0-547/24 दि0-11.12.24 धारा-25 (1-बी) ए/26/35 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता (1) सजीवन कुमार पे० लालधारी सिंह सा०-डेहरी थाना-उदवंतनगर जिला-मोजपुर मिथिलेश कुमार पे० श्रीनिवास पासवान सा० डेहरी बाना उदवंतनगर जिला-भोजपुर का रहने वाला है पूछताछ कर जेल भेज दिया

## राजपुर प्रखंड कार्यालय का किया घेराव




राजपुर(रोहतास) । आज राजपुर प्रखंड कार्यालय का घेराव जिला पार्षद रेशमा कुमारी के नेतृत्व में सैकडो लोगो ने घेराव किया ।प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा पैक्स अध्यक्ष सोमनाथ के बीच आरोप प्रत्यारोप का मामला तुल पकड़ लिया। जिलापार्षद रेशमा कुमारी ने कहा की प्रखंड विकाश पदाधिकारी को विगत दिनों पहले क्षेत्र की जन समस्या को अवगत कराने के लिए टेलीफोन किया था। उसने समाधान करने की बजाए अमर्यादित भाषा अभद्र भाषा का प्रयोग किया। पैक्स के चुनाव में पैसे लेकर धांधली का आरोप लगाया ।उन्होंने कहा की क्षेत्र की जनता का समस्या का समाधान मेरी पहली प्राथमिकता ।जिलापार्षद ने भ्रष्ट प्रखंड विकास पदाधिकारी को हटाने की मांग कि ।मौके पर कुदराम सिंह, सोमनाथ ,संजय चौधरी, रिंकू सिंह, धर्मेंद्र चौधरी, बजरंगी सिंह, सोनू सिंह, यमुरासी अंसारी, कृष्णा यादव, मेराज अहमद, रिजवान फिरदौस आदि लोग शामिल थे।

## पुलिस ने हथियार के साथ किया दो को गिरफ्तार



करहगर(रोहतास) : रोहतास जिले के कौंवाखोच में तिलक समारोह में हर्ष फायरिंग मामले में दो हथियार के साथ दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

हर्ष फायरिंग का मामला करगहर थाना इलाके की बताई गई है ।सासाराम वन एसडीपीओ दिलीप कुमार ने बताया कि रोहतास जिले करगहर थाना क्षेत्र कौवाखोंच में 10 दिसंबर को एक तिलक समारोह में हर्ष फायरिंग की सूचना प्राप्त होने पर की गई कार्रवाई में पुलिस को सफलता हाथ लगी है ।हर्ष फायरिंग करने वाले दो लोगों एक दो नाली बंदूक तथा एक राइफल गोली के साथ गिरफ्तार किया गया है ।गिरफ्तार लोगों में तकिया सासाराम के धनु कुमार सोनी तथा कौवाखोच करगहर के चंद्रशेखर प्रधान को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

डीएसपी वन दिलीप कुमार ने बताया कि करगहर थानाध्यक्ष विजय कुमार के मौजूदगी में की गई छापामारी में पुलिस यह सफलता हाथ लगी है।

## एडवोकेट एसोसिएशन आरा के सभागार में स्वर्गीय रामदास राय अधिवक्ता का मनाया गया प्रथम पुण्यतिथि

प्रातः किरण संवाददाता



आराः बिहार अधिवक्ता कल्याण संघर्ष समिति पटना के प्रदेश अध्यक्ष अजीत रंजन कुमार की अध्यक्षता में एडवोकेट एसोसिएशन आरा के सभागार में स्वर्गीय रामदास राय अधिवक्ता की प्रथम पुण्यतिथि आयोजित किया गया वर्मा शंकर पांडे ने इस सभा में रामदास राय अधिवक्ता के जीवन आदर्शो पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह एक कुशल विधिवेता गरीबों के मददगार अधिवक्ता थे वह मृदुभाषी शांतिप्रिय अधिवक्ताओं के विकास के लिए सदैव प्रयत्नशील रहते थे उन्हें कहा की राय जो सादा जीवन उच्च विचार गांधी जी के आदर्शो पर चलने वाले व्यक्ति थे उनके जीवन दीन दुखियों के लिए समर्पित था। सभा में शामिल प्रमुख अधिवक्ताओं में श्रीकृष्ण प्रसाद अशोक चौधरी अमरेश कुमार सुभाष चंद्र प्रसाद विनय कुमार अजय कुमार दुर्ग विजय सिंह संतोष कुमार चंद्रमणि सिंह अखिलेश सिंह दी राजन मिथिलेश सिंह अरुण कुमार सिंह बृजनंदन तिवारी हर्षवर्धन उपाध्यक्ष नीरज रंजन शरण संजीव कुमार अजय कुमार गोविंद प्रसाद सिंह राजीव कुमार पांडे जितेंद्र प्रसाद प्रमोद कुमार राय लालबाबू प्रसाद अशोक कुमार हीरा जी आदि थे

## विद्युत विपत्र सुधार एवं कृषि कनेक्शन हेतु पांच पंचायतों में होगा शिविर का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज(रोहतास) । बिजली संबंधी शिकायतों के निष्पादन के लिए 9 से 14 दिसंबर तक पंचायत स्तर पर कैंप लगेगा। उक्त शिविर में स्मार्ट प्रीपेड मीटर, बिजली आपूर्ति, बिल में सुधार, नया कनेक्शन, कृषि कनेक्शन, खराब मीटर, गलत बिल आदि से सम्बंधित समस्याओं का समाधान किया जाएगा। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार ने बताया कि बिजली कंपनी के हेल्प लाइन नंबर 1912 एवं अन्य माध्यमों से बिलिंग और मीटर खराब होने की लगातार शिकायत मिल रही है। इस समस्या के निदान के लिए कैंप लगाकर समस्या का निष्पादन करने का निर्णय लिया गया। बताते चलें की उपभोक्ताओं का विद्युत विपत्र में त्रुटि मुख्यतः गलत रीडिंग, एकमुश्त रीडिंग, गलत औसत, खराब मीटर एवं अन्य कारणों से होती है, जिससे की उपभोक्ता चाहकर भी विपत्र का भुगतान नहीं कर पाते हैं। कैम्प में प्राप्त शिकायत के संबंध में यह प्रयास रहेगा कि स्थल पर ही अधिकाधिक नियमानुसार सुधार कर दिया जाय। आगे बताया गया की 12 दिसंबर को बभनौल, अरंग, जमोढ़ी, अगरेर एवं तिलई में शिविर का आयोजन किया जायेगा। जो भी उपभोक्ताओं का सुधार कैम्प स्थल पर संभव नही है।

## नेशनल हाइवे पर अज्ञात वाहन ने मारी बाईक में टक्कर, भाई बहन की हुई मौत ,पुलिस जांच में जुटी

प्रातः किरण संवाददाता



चेनारी(रोहतास) : रोहतास जिले के नेशनल हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाईक सवार भाई बहन की मौत टेकारी ओभर ब्रिज के पास हो गई ।घटना रोहतास जिले के चेनारी थाना इलाके की बताई गई है। मृतक हसन अब्बास तथा उसके बहन कनीजा जहरा बताए गए हैं।

जो खुमार्बाद के इजहार हसन के पुत्र पुत्री बताए गए हैं। सड़क दुघर्टना में भाई बहन की मौत के गांव में मातम पसरा हुआ है। वही घर के चिराग बूझ गया ।सदर अस्पताल सासाराम के डॉक्टर एसके प्रभाकर ने बताया कि रोहतास जिले के चेनारी में सड़क दुघर्टना में भाई बहन की मौत हो गई है ।जो चेनारी थाना क्षेत्र के खुमार्बाद के रहने वाले थे। दोनों शवों को सदर अस्पताल सासाराम में पोस्टमार्टम कराकर सौंप दिया गया है ।चेनारी थाना के चौकीदार ने बताया कि खुमार्बाद से हसन अब्बास ने अपने बहन को बाईक से पढ़ने के लिए छोड़ने जा रहा था तभी टेकारी के अज्ञात वाहन की टक्कर से बाईक सवार भाई बहन की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए सदर अस्पताल सासाराम में पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपते हुए अगली कार्रवाई जारी रखी है।

## पूर्व विधायक स्वर्गीय रामजी सिंह के सुपुत्र रवि सिंह के असामयिक निधन पर कांग्रेसियों ने दिया श्रद्धांजलि



आरा । पूर्व विधायक स्वर्गीय रामजी सिंह के सुपुत्र रवि सिंह के असामयिक निधन पर भोजपुर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक राम के नेतृत्व दर्जनों कांग्रेसी नेता एवं कार्यकर्ता उनके श्राद्धकर्म में शामिल हुए। मृत आत्मा के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए जिला अध्यक्ष अशोक राम ने बताया कि रवि सिंह मिलनसार और एक सच्चे समाजसेवी थे। सामाजिक गतिविधियों में वे हमेशा बढ़चढ़ कर भाग लिया करते थे। उनकी भरपाई निकट भविष्य में दूर-दूर तक संभव प्रतीत नहीं हैं। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में सत्य प्रकाश राय, राजेंद्र ओझा, वीरेंद्र मिश्रा, बिजली बाबा, बूटन राम सहित दर्जनों कांग्रेसी नेता एवं कार्यकर्ता शामिल थे।

# स्टार शटलर पीवी सिंधु ने पीएम मोदी को दिया शादी का निमंत्रण





**नई दिल्ली (एजेंसी)**। भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु ने अपने होने वाले पति वेंकट दत्त साई के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उनके 'प्यार, स्नेह और मार्गदर्शन' के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। सिंधु 22 दिसंबर को वेंकट के साथ शादी के बंधन में बंधने वाली हैं। पीएम मोदी के साथ अपनी मुलाकात पर विचार करते हुए, सिंधु पीएम मोदी की उनके साथ बैडमिंटन और वेंकट के साथ डेटा पर चर्चा करने की क्षमता से आश्चर्यचकित रह गई।

उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा- आपके साथ समय बिताना हमेशा बहुत खास होता है। सर। हम आपके प्यार, स्नेह और मार्गदर्शन के लिए बहुत आभारी हैं। यह वास्तव में आश्चर्यजनक है कि आप मेरे साथ बैडमिंटन और दत्ता के साथ डेटा पर इतनी सहजता से चर्चा कैसे कर सकते हैं।

एक्स पर निर्मला सीतारमण कार्यालय द्वारा साझा किए गए एक दृश्य में दो बार के ओलंपिक पदक विजेता ने वेंकट के साथ वित्त मंत्री से भी मुलाकात की।

सिंधु ने महान सचिन तेंदुलकर को अपनी शादी में आमंत्रित किया था। शटलर से शादी का निमंत्रण मिलने के बाद तेंदुलकर ने अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल का सहारा लिया।

तेंदुलकर ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- बैडमिंटन में, स्कोर हमेशा 'प्यार' से शुरू होता है, और वेंकट दत्त साई के साथ आपकी खूबसूरत यात्रा यह सुनिश्चित करती है कि यह हमेशा 'प्यार' के साथ जारी रहे! अपने बड़े दिन का हिस्सा बनने के लिए हमें व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद। आप दोनों को जीवन भर की शुभकामनाएं। शानदार यादें और खुशी की अंतहीन रैलियां!

# हरभजन सिंह ने भारतीय कप्तान के हालिया फॉर्म पर किया विचार, कहा- रोहित रन बनाएं

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह ने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के हालिया फॉर्म पर खुलकर बात की और कहा कि उन्हें रन बनाने की जरूरत है। घरेलू मैदान पर ट्रैविस हेड के शानदार शतक और मिशेल स्टार्क तथा पैट कमिंस के शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट में एडिलेड ओवल में 10 विकेट से जीत दर्ज की। इस जीत ने ऑस्ट्रेलिया को डब्ल्यूटीसी-25 स्टैंडिंग में शीर्ष स्थान पर वापस लाने में भी मदद की।



हरभजन सिंह ने कहा कि रोहित अगर कुछ रन बनाते हैं तो वे बेहतर सोचेंगे और बेहतर काम करेंगे। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि भारतीय कप्तान जल्द ही स्कोरबोर्ड पर कुछ रन बनाएंगे। हरभजन ने कहा, एक कप्तान के तौर पर मैं चाहूंगा कि रोहित शर्मा रन बनाएं। जब वह रन बनाएंगे तो बेहतर सोचेंगे और बेहतर काम करेंगे। कोई भी खिलाड़ी कितना भी बड़ा क्यों न हो, उसे हमेशा अपने प्रदर्शन की चिंता रहती है। इसमें कोई शक नहीं है कि जब कोई खिलाड़ी रन बनाता है तो वह बेहतर निर्णय लेता है। इसलिए, उम्मीद करते हैं कि रोहित शर्मा कुछ रन बनाएं ताकि उनकी कप्तानी बेहतर हो।

गौर हो कि भारत को एडिलेड में दूसरे टेस्ट में 10 विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा, क्योंकि उसके शेष पांच विकेट पहले सत्र में ही गिर गए थे जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी को 1-1 से बराबर करने के लिए व्यापक जीत हासिल की। ??भारत ने अपनी पहली पारी में 180 रन बनाए, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के 337 रन बनाकर 157 रनों की बढ़त हासिल कर ली, जिसमें ट्रैविस हेड की 141 गेंदों पर 140 रनों की आक्रामक पारी शामिल थी। इसके बाद भारत अपनी दूसरी पारी में 175 रनों पर ढेर हो गया, जिससे ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए सिर्फ 19 रनों की जरूरत थी। तीसरा टेस्ट 14 दिसंबर को ब्रिस्बेन में शुरू होगा।


# दबाव सिर्फ उस्मान ख्वाजा पर नहीं बल्कि पूरे शीर्ष क्रम पर है : डेविड वॉर्नर

**नई दिल्ली (एजेंसी)**।पूर्व बल्लेबाज डेविड वार्नर ने कहा है कि मौजूदा बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के लिए रन बनाने की जिम्मेदारी केवल सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा पर नहीं है, बल्कि पूरे शीर्ष छह पर है जिन्हें टीम के तेज गेंदबाजी आक्रमण पर काम का बोझ कम करने के लिए बड़ा प्रदर्शन करने की जरूरत है।



ख्वाजा ने सीरीज की शुरुआत खराब की है, पहले दो टेस्ट में सिर्फ 34 रन ही बना पाए हैं। शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में उनकी असमर्थता लंबे समय से चल रही है, ऑस्ट्रेलिया के लिए अपनी पिछली 16 पारियों में उन्होंने सिर्फ एक अर्धशतक बनाया है। हालांकि ख्वाजा अकेले नहीं हैं जो इस परेशानी से जूझ रहे हैं। स्टीव स्मिथ ने तीन पारियों में सिर्फ 19 रन बनाए हैं जबकि मार्नस लाबुशेन ने एडिलेड में 64 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत की है। वार्नर ने कहा, मुझे लगता है कि दबाव सिर्फ 'उज्जी' पर नहीं, बल्कि पूरे शीर्ष क्रम पर है। ट्रैविस ने शानदार शतक बनाया और हम जानते हैं कि वह ऐसा करने में सक्षम है। लेकिन हर कोई इसका समर्थन कर रहा है। यह सिर्फ एक खिलाड़ी की बात नहीं है, बल्कि शीर्ष छह खिलाड़ियों ने बहुत ज़्यादा रन बनाए और सुनिश्चित किया कि तेज गेंदबाज़ों को आराम दिया जाए। पहला मैच तेज गति वाला टेस्ट था, लेकिन इस आखिरी मैच में मिचेल स्टार्क हमेशा की तरह गुलाबी गेंद से अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर थे।

वार्नर ने नाथन मैकस्वीनी का भी समर्थन किया, जिन्होंने भारत के गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ चुनौतीपूर्ण शुरुआत की है। एडिलेड में पहली पारी में केवल 39 रन बनाने के बावजूद वार्नर ने मैकस्वीनी के स्वभाव और तकनीक की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, हमने दूसरे दिन उस इरादे की झलक देखी जो आप रन बनाते समय दिखाते हैं। इस बात को लेकर बहुत सारे सवालिया निशान हैं कि उन्होंने उसे क्यों चुना, लेकिन जो झलकियां आपने देखी हैं, अब हम जानते हैं कि क्यों।




# इस्राइल के याहिल बने वाले एललोब्रेगाट ओपन 2024 के विजेता

**नईदिल्ली (एजेंसी)**। के सबसे मजबूत टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम रखने वाले एललोब्रेगाट ओपन शतरंज 2024 का खिताब इज़राइल के ग्रांड मास्टर याहिल सोकोलोव्स्की नें अपने नाम कर लिया है ,यहिल नें पहले बोर्ड पर अंतिम राउंड में हमवतन इंटरनेशनल मास्टर ओर ब्रोंस्टेन से अपनी बाजी ड्रॉ करते हुए 7.5 अंक बना लिए थे और ऐसे में दूसरे बोर्ड पर खेल रहे टॉप सीड चिली के ग्रांड मास्टर क्रिस्टोबल हेनरिक विजाग्रा के पास मौका था की वह फीडे के ग्रांड मास्टर सव्वा वेतोखिन को पराजित कर पहले स्थान के लिए टाई कर सके पर इस बराबर चल रहे मुक़ाबले में ज्यादा प्रयास करना उन्हे भारी पड़ा और वह बाजी हार गए और ऐसे में 7 अंको के साथ सव्वा वेतोखिन दूसरे स्थान पर पहुँच गए ।

टूर्नामेंट के नियमों के अनुसार क्रिस्टोबल को बेहतर टाईब्रेक में 6.5 अंको पर तीसरे स्थान के लिए इज़राइल के ग्रांड मास्टर इदों गोर्शतेन से दो ब्लिट्ज़ मुक़ाबले खेले जिसमें उन्होने दोनों मुक़ाबले जीतकर 2-0 के स्कोर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया ।

भारतीय महिला खिलाड़ी तेजस्वनी जी नें टूर्नामेंट में 5.5 अंक बनाते हुए 38वां स्थान हासिल किया , बड़ी बात है की इसटूर्नामेंट में उनकी वरीयता 82 थी और उन्होने 2375 रेटिंग का प्रदर्शन करते हुए अपनी लाइव रेटिंग को 2300 के करीब पहुंचाते हुए अपना दूसरा महिला ग्रांड मास्टर नार्म हासिल कर लिया है और इसके साथ ही अब उन्हे महिला ग्रांड मास्टर बनने के लिए करीब 53 रेटिंग अंक और अंतिम नार्म की जरुरत है ।

# मेरीवाला, पांड्या और शेठ की शानदार गेंदबाजी, बंगाल को हराकर बड़ौदा सेमीफाइनल में



**बेंगलुरु (एजेंसी)**। शाश्वत रावत (40), अभिमन्यु विक्रमसिंह राजपूत (37) के बाद लुकमन मेरीवाला, हार्दिक पांड्या और अतीत शेठ के (3-3 विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत बड़ौदा ने बुधवार को पहले क्वार्टर फाइनल में बंगाल को 41 रनों से हराकर सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया हैं।

बड़ौदा के 172 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी बंगाल की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र 31 के स्कोर पर अपने चार विकेट गवां दिए। करण लाल (छह), कप्तान सुदीप कुमार घरामी (दो), ऋतिक चटर्जी (शून्य) और अभिषेक पोरेल (22)रन बनाकर आउट हुए। ऋत्विक रॉय चौधरी और शाहबाज अहमद ने पारी को संभालने का प्रयास किया। 10वें ओवर में हार्दिक पांड्या ने ऋत्विक रॉय चौधरी (29) को आउट कर बड़ौदा के लिए चौथा विकेट झटका।

इसके बाद तो बड़ौदा के गेंदबाजी आक्रमण के आगे बंगाल का कोई भी बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सका। प्रदीप्त प्रमाणिक (तीन), सक्षम चौधरी (सात), मोहम्मद शमी (शून्य) और सायन घोष (0) पर आउट हुए। शाहबाज अहमद ने 36 गेंदों में 55 रनों की पारी खेली। बड़ौदा के गेंदबाजों ने बंगाल की पूरी टीम को 18 ओवरों में 131 रन पर समेट कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। बड़ौदा की ओर से लुकमन मेरीवाला, हार्दिक पांड्या और अतीत शेठ के (3-3 विकेट) लिए। अभिमन्यु विक्रमसिंह राजपूत ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में बंगाल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बड़ौदा के लिए शाश्वत रावत और अभिमन्यु विक्रमसिंह राजपूत की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 90 रन जोड़े। 10वें ओवर में सक्षम चौधरी ने अभिमन्यु विक्रमसिंह राजपूत (37) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा।

अगले ही ओवर में प्रदीप्त प्रमाणिक ने शाश्वत रावत (40) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। कप्तान क्रुणाल पांड्या (10), हार्दिक पंड्या (सात), शिवालिक शर्मा (24), भानु पनिया (17) और अतीत शेठ (शून्य) पर आउट हुये। विष्णु सोलंकी (16) और महेश पिठिया (छह) रन बनाकर नाबाद रहे। बड़ौदा ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 172 रनों का स्कोर खड़ा किया। बंगाल की ओर से मोहम्मद शमी, कनिष्क सेठ और प्रदीप्त प्रमाणिक दो-दो विकेट लिये। सक्षम चौधरी ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

# वेस्टइंडीज ने 10 साल में पहली बार बांग्लादेश से वनडे श्रृंखला जीती

**बासेटेरे (सेंट किट्स एंड नेविस) (एजेंसी)**। तेज गेंदबाज जेडन सील्स के चार विकेट और सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग के आकर्षक अर्धशतक की मदद से वेस्टइंडीज में दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बांग्लादेश को 79 गेंद शेष रहते हुए सात विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बनाई।




वेस्टइंडीज ने पहले बांग्लादेश को 46 ओवर में 227 रन पर आउट कर दिया और फिर 36.5 ओवर में तीन विकेट पर 230 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। यह पिछले 10 वर्षों में पहला अवसर है जबकि वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश से वनडे श्रृंखला जीती है। उसने रविवार को इसी मैदान पर खेला गया पहला मैच पांच विकेट से जीता था। तीसरा और अंतिम वनडे इसी मैदान पर गुरुवार को खेला जाएगा।

बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद नियमित अंतराल में विकेट गंवाए। एक समय उसका स्कोर सात विकेट पर 115 रन था। महमुदुल्लाह (62) और तंजीम हसन साकिब (45) ने यहां से 92 रन की साझेदारी करके टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। सलामी बल्लेबाज तंजीद हसन ने 46 रन का योगदान दिया। वेस्टइंडीज की तरफ से सील्स ने 22 रन देकर चार विकेट लिए।

# लिंडे का ऑलराउंड प्रदर्शन और मिलर की आतिशी पारी, दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान को हराया

**डरबन (एजेंसी)**। जॉर्ज लिंडे (48 रन और चार विकेट) के हरफनमौल प्रदर्शन और डेविड मिलर (82) रनों की आतिशी पारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने पहले टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को 11 रनों से शिकस्त दी। जॉर्ज लिंडे को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया।

दक्षिण अफ्रीका के 183 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उन्होंने बाबर आजम (शून्य) का विकेट तीसरे ही ओवर में गवां दिया। इसके बाद सईम अयूब ने कप्तान मोहम्मद रिजवान के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। सातवें ओवर में ऐंडिले सिमेलाने ने सईम अयूब (31) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। 10वें ओवर मे लिंडे ने उस्मान खान (नौ) को आउट किया।

तय्यब ताहिर (18), शाहीन शाह अफरीदी (9), इरफान खान (एक) और अब्बास अफरीदी (0) पर आउट हुए। हालांकि कप्तान मोहम्मद रिजवान एक छोर थामे खड़े रहे। 20वें ओवर में वेना मफाका ने मोहम्मद रिजवान को आउट कर पाकिस्तान के मैच जीतने की उम्मीदों को ध्वस्त कर दिया। रिजवान ने 62 गेंदों में




पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए (74) रनों की पारी खेली। हारिस रउफ (दो) और सुफियान मकीम (पांच) रन बनाकर नाबााद रहे।

वेस्टइंडीज के गेंदबाजी आक्रमण के आगे पाकिस्तान की टीम निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट पर 172 रन ही बना सकी और 11 रनों से मैच हार गई। वेस्टइंडीज की ओर से जॉर्ज लिंडे ने 21 रन देकर चार विकेट लिए। वेना मफाका को दो विकेट मिले। ऑटनील बाटमैंन और ऐंडिले सिमेलाने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए डेविड मिलर (82) और जॉर्ज लिंडे (48) रनों की शानदार पारियों के दम पर निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 183रन का स्कोर खड़ा किया।

कप्तान हाइनरिक क्लासन (12) और वेना मफाका (नाबाद (12) रनों का योगदान दिया। हालांकि दक्षिण अफ्रीका के छह बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। पाकिस्तान की ओर से शाहीन शाह अफरीदी और अबरार अहमद ने तीन-तीन विकेट झटके। अब्बास अफरीदी को दो विकेट मिले। सुफियान मकीम ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## संक्षिप्त समाचार

### गाजियाबाद में पैदल ही एनएच-9 हाईवे पार कर रहे लोगों को अज्ञात वाहन ने रौंदा, 3 की दर्दनाक मौत

**गाजियाबाद , एजेंसी।** गाजियाबाद में क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र में एनएच-9 को पैदल पार करते समय अज्ञात वाहन ने चार लोगों को रौंद डाला। हादसे में दो महिलाओं समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। घायल महिला का दिल्ली के अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसे का शिकार हुए लोग मंगलवार देर रात एक शादी समारोह में शामिल होकर वापस लौटते वक्त पैदल एनएच-9 पार कर रहे थे। अधिकारियों के मुताबिक, मंगलवार रात क्रॉसिंग रिपब्लिक के थाना क्षेत्र में भारत पेट्रोल पंप के सामने सड़क हादसे की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की तो पता चला कि चार लोग मुरादाबाद में आयोजित शादी समारोह में शामिल होकर वापस लौटे थे। भारत पेट्रोल पंप पर उतरने के बाद वह पैदल एनएच-9 को पार करने लगे। बताया जा रहा है कि इसी दौरान एक अज्ञाक तेज रफ्तार वाहन ने चारों को रौंद डाला। हादसे में गौतमबुद्धनगर जिले के दादरी के मोहल्ला ठाकुरान ब्रह्मपुरी में रहने वाले पवन कुमार की मौके पर मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल तीन घायल महिलाओं को एंबुलेंस की सहायता से अस्पताल भेजा गया।

### आसनसोल की विशेष सीबीआई अदालत ने कोयला चोरी मामले में 49 लोगों के खिलाफ आरोप तय किए

**आसनसोल, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के आसनसोल में एक विशेष सीबीआई (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) अदालत ने अधिकारियों और प्रभावशाली व्यक्तियों के संरक्षण में अनूप माजी द्वारा 'ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड' की खदानों से 1,340 करोड़ रुपये मूल्य के कोयले की कथित चोरी के संबंध में 49 लोगों के खिलाफ आरोप तय किए हैं। इस मामले में आरोपी प्रभावशाली व्यक्तियों में विकास मिश्रा भी शामिल हैं, जिनके भाई एवं तत्कालीन तृणमूल कांग्रेस नेता विनय मिश्रा फरार हैं। आसनसोल की एक विशेष अदालत में दायर अपने आरोपपत्र में सीबीआई ने आरोप लगाया कि माजी और उसके गिरोह ने 2015 से 2020 के बीच कम से कम 31 लाख मीट्रिक टन कोयला चुराया। कुल 49 आरोपियों के खिलाफ आरोप तय होने के बाद आरोप पत्र मंगलवार को सार्वजनिक किया गया। एजेंसी ने इस मामले में अब तक तीन आरोपपत्र दाखिल किए हैं। एजेंसी ने बताया कि सह-आरोपी लोक सेवकों के ''संरक्षण में'' 1,340 करोड़ रुपये का कोयला चुराया गया।

### झारखंड में एक महिला ने अपनी नवजात बालिका को नदी में 'फेंका'

**पूर्वी सिंहभूम, एजेंसी।** झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले में एक महिला ने अपनी नवजात बालिका को एक नदी में कथित रूप से फेंक दिया जिससे उसकी (बच्ची की) मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि जादूगोरा के डुरकु गांव में 30 वर्षीय यह महिला अपनी बेटी के साथ नहाने गयी थी और उसने उसे नदी में फेंक दिया। पुलिस उपाधीक्षक (मुसाबनी) संदीप भगत ने बताया कि बच्ची का शव सोमवार को मिला। भगत ने बताया कि महिला के पति ने इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज करायी है लेकिन उसकी (महिला की) इस हरकत की सटीक वजह का तत्काल पता नहीं चल पाया है। उन्होंने बताया कि महिला को गिरफ्तार कर मामले की जांच की जा रही है।

### मानवाधिकार भारतीय संस्कृति में समाहित है : कानून मंत्री मेघवाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने मंगलवार को कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए कि पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को सामाजिक सशक्तीकरण के लिए शुरू की गई योजनाओं का पूरा लाभ मिले। साथ ही उन्होंने कहा कि मानवाधिकार हमेशा से भारतीय संस्कृति का हिस्सा रहा है। मानवाधिकार दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि इन पहल से लोगों को मानवाधिकार हासिल करने में मदद मिली है।

# महाराष्ट्र चुनाव में ईवीएम एसओपी का पालन नहीं हुआ, अब सुप्रीम कोर्ट जाएगा इंडिया ब्लॉक



**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक ने चुनाव आयोग और भाजपा पर चुनाव में कथित 'धांधली' का आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट जाने का फैसला लिया है। मंगलवार को शरद पवार गुट के नेता प्रशांत जगताप ने इसकी जानकारी दी। एनसीपी (शरदचंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार, आम आदमी पार्टी (आप) संयोजक अरविंद केजरीवाल और जाने-माने वकील एवं कांग्रेस नेता अभिषेक सिंघवी के बीच यहां हुई एक बैठक के बाद इस फैसले की घोषणा की गई।

विपक्षी गठबंधन का आरोप है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन के पक्ष में ईवीएम में कथित गड़बड़ी हुई जिसके कारण वह महाराष्ट्र में चुनाव हार गया। बैठक के दौरान केजरीवाल ने दिल्ली में मतदाता सूची से संबंधित अपनी चिंताओं को उठाया, जहां अगले साल की शुरूआत में विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। प्रशांत जगताप ने एएनआई को दिए बयान में कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा भाजपा को जिताने के लिए जो धांधली की गई, उसके खिलाफ हम सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर करेंगे। हमें सुप्रीम कोर्ट पर भरोसा है और हम उम्मीद करते हैं कि शीर्ष अदालत हमारे पक्ष में और घोटाले के खिलाफ फैसला सुनाएगी।

इससे पहले निवार्चन आयोग (ईसीआई) ने कहा था कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में डाले गए वोट और 'वोटर वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल' (वीपीपैट) पर्चियों के मिलान में कोई भी गड़बड़ी नहीं पाई गई। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में औचक तरीके से चुने गए मतदान केंद्रों से वीवीपीएटी पर्चियों की गिनती सफलतापूर्वक पूरी हुई।

विपक्षी गठबंधन ने एनडीए पर हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के दौरान चुनावी धांधली का आरोप लगाया है और कहा है कि सरकार को लाभ पहुंचाने के लिए प्रक्रिया में हेराफेरी की गई। बता दें कि ईवीएम विपक्षी भारतीय ब्लॉक और एनडीए के बीच एक विवादास्पद मुद्दा रहा है। विपक्ष ने कई मौकों पर भाजपा पर मनचाहा परिणाम पाने के लिए चुनाव में धांधली करने का आरोप लगाया है।

**चुनाव परिणामों पर इंडिया ब्लॉक क्यों खफा:** हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के नतीजों के बाद इंडिया ब्लॉक असंतुष्ट इसलिए है, क्योंकि कुछ एग्जिट पोल में विपक्ष को व्यापक जनादेश मिलने की भविष्यवाणी की गई थी। जबकि हरियाणा की 90 सीटों में भाजपा ने बंपर 48 सीटें जीती, जबकि कांग्रेस को केवल 37 सीटें ही मिल सकीं। एग्जिट पोल के बाद जलेबियों का ऑर्डर दे चुकी कांग्रेस को मतगणना के बाद शर्मिंदगी उठानी पड़ी थी।

# फरीदाबाद में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के 60 प्रतिशत आवेदन हुए रद्द

**फरीदाबाद , एजेंसी।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम ने फरीदाबाद में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लिए आए 60 फीसदी आवेदन रद्द कर दिए हैं। इसकी वजह आवेदकों का योजना का पात्र नहीं होना है। इसकी सबसे अहम शर्त यह है कि योजना के तहत मिलने वाली सब्सिडी का लाभ लेने के लिए आवेदक की वार्षिक बिजली खपत 2,400 यूनिट से ज्यादा नहीं होनी चाहिए।

इस वजह से इस योजना का बड़ी आबादी को लाभ नहीं मिल पा रहा है। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के पास इस योजना के लिए तीन दिसंबर तक 212 आवेदन आए थे। विभाग द्वारा इन आवेदनों की जांच की गई। जांच के दौरान यह आवेदक योजना के तहत मिलने वाली सब्सिडी के पात्र नहीं पाए गए। इस वजह से विभाग ने 117 आवेदन रद्द कर दिए हैं, जबकि 89 आवेदक पात्र पाए गए हैं। अभी छह आवेदन लंबित हैं। इनकी विभाग द्वारा जांच की जा रही है।

बिजली निगम के अनुसार, ग्रेटर फरीदाबाद में सबसे ज्यादा 83 आवेदन आए हैं। इसके बाद बल्लभगढ़ मंडल से 68, ओल्ड फरीदाबाद मंडल से 39 और एनआईटी मंडल से 22 आवेदन आए हैं। बिजली निगम के एक अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक योजना के लिए कुछ शर्तें बनाई जाती हैं। जो भी आवेदक शर्त पूरी नहीं करता है तो उसका आवेदन रद्द किया जा रहा है।

इसमें आवेदक की दो श्रेणी बनाई गई हैं। इनमें एक लाख 80 हजार वार्षिक आय वाले आवेदक को दो किलोवाट के कनेक्शन के लिए केंद्र सरकार द्वारा 60 हजार रुपये और प्रदेश सरकार द्वारा 50 हजार रुपये की सब्सिडी दी जाएगी। वहीं एक लाख 80 हजार रुपये से तीन लाख रुपये तक की आय वालों के लिए केंद्र सरकार द्वारा 60 हजार रुपये की सब्सिडी और राज्य सरकार द्वारा 20 हजार रुपये की अतिरिक्त सब्सिडी दी जाएगी। वहीं वार्षिक बिजली खपत का औसत 2,400 यूनिट से ज्यादा नहीं होना चाहिए। इस योजना के तहत पात्रों को घरों की छत पर सौर ऊर्जा पैनल लगाने के लिए सब्सिडी दी जाती है।

# थमा नहीं है किसानों का आंदोलन, अब 14 दिसंबर को करेंगे दिल्ली कूच; सितारों से मांगा समर्थन

**जालंधर, एजेंसी।**
दो बार नाकाम रहने के बाद अब किसान 14 दिसंबर को शंभू बोर्डर से दिल्ली के लिए कूच करेंगे। आज संयुक्त किसान मोर्चा और किसान-मजदूर संघर्ष समिति की बैठक हुई, जिस में यह निर्णय लिया गया। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि 101 किसानों का जत्था 14 दिसंबर को दिल्ली की तरफ बढ़ेगा। इससे पहले किसान दो बार दिल्ली कूच की कोशिश कर चुके है। लेकिन हरियाणा पुलिस ने उन्हें बार्डर क्रॉस नहीं करने दिया।

किसान नेता पंधेर ने आरोप लगाया कि उनकी मांगों को सुनने तक के लिए सरकार का कोई प्रतिनिधि नहीं आया जबकि किसान हमेशा बातचीत को तैयार रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब दिल्ली कूच के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है। पंढेर ने किसानों की मांगों का समर्थन करने के लिए फिल्म स्टार्स, सिंगर्स, धार्मिक नेताओं से अपील की है। उन्होंने कहा कि दिग्गज हस्तियां किसानों की मांगों को लेकर साथ आएं और किसानों की आवाज बुलंद करें। पंधेर ने एक बार फिर केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि शंभू बॉर्डर पर लगातार हरियाणा पुलिस व सुरक्षा बलों की ओर से किसान नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है। पंधेर ने कहा कि पुलिस की तरफ से कल जो आंसू गैस के गोले छोड़े गए थे, उनका असर अभी भी है।

सुप्रीम कोर्ट के बाद अब पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने भी शंभू और खनौरी बॉर्डर खोलने की जनहित याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया है। हाईकोर्ट ने कहा है कि यह मामला पहले से ही सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग है। इसके बाद याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका वापस ले ली। इस से एक दिन पहले सुप्रीम कोर्ट ने भी बॉर्डर खोलने की याचिका खारिज कर दी थी और एक ही मामले को लेकर बार बार याचिका दायर करने पर याचिकाकर्ता को कड़ी फटकार लगाई थी। किसान नेता डल्लेवाल के मरणव्रत को आज 15 दिन हो गए हैं और तबीयत ज्यादा खराब हो गई है। किडनी और लिवर पर असर पड़ रहा है। डॉक्टरों ने मेडिकल बुलेटिन जारी करते हुए कहा कि उनका वजन 11 किलो कम हो चुका है। डल्लेवाल की तंदुरूस्ती के लिए 11 दिसंबर को सभी गांवों में धार्मिक स्थलों पर किसान अरदास करेंगे।

# हिमाचल प्रदेश में शीतलहर का कहर ! जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति का ताबो में माइनस 12 डिग्री पहुंचा तापमान

**बर्फबारी और बारिश भी**



**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश का मौसम बदलता जा रहा है। प्रदेश में शीतलहर जारी है। मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन से पांच डिग्री नीचे दर्ज किया गया जबकि कुछ इलाकों में हल्की बर्फबारी भी हुई। हिमाचल प्रदेश में जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति का ताबो सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां न्यूनतम तापमान शून्य से 12.7 डिग्री नीचे दर्ज किया गया। हिमाचल प्रदेश मौसम विभाग ने वेदर का अपडेट देते हुए प्रदेश के पूरे हफ्ते के मौसम का हाल बताया है।

हिमाचल प्रदेश के मौसम को लेकर जानकारी देते हुए स्थानीय मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि शिमला के खदराला, कोकसर (लाहौल-स्पीति) और कल्पा में क्रमश : 2.0 सेंटीमीटर, 0.5 सेंटीमीटर और 0.2 सेंटीमीटर बर्फबारी हुई। मौसम विभाग ने बताया कि राज्य में कुछ स्थानों पर पिछले 24 घंटे में बहुत हल्की बारिश और बर्फबारी हुई और अधिकांश भागों में मौसम शुष्क रहा। भाबानगर, कोटखाई और राजगढ़ में क्रमश : 1.8 मिलीमीटर, 0.5 मिलीमीटर और 0.1 मिलीमीटर बारिश हुई। इसके अलावा प्रदेश के कई इलाकों में बर्फबारी देखने को मिली है। आने वाले दिनों बर्फबारी को लेकर अपडेट आया है।

पूरे हफ्ते कैसा रहेगा मौसम

हिमाचल प्रदेश के मौसम को लेकर अपडेट देते हुए मौसम विभाग ने बताया कि पूरे हफ्ते बर्फबारी और बारिश का दौर जारी रहेगा। हालांकि, कई इलाकों में मौसम शुष्क रहेगा। प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी देखने को मिलेगी। इसके साथ ही कुछ अन्य इलाकों में भी बर्फबारी देखने को मिलेगी। मौसम विभाग ने बताया कि लाहौल-स्पीति, चंबा, कुल्लू, किन्नौर जिलों और कांगड़ा के ऊंचे इलाकों में 12 दिसंबर को हल्की बारिश और बर्फबारी को छोड़कर अगले सात दिन तक मौसम शुष्क रहेगा। मौसम विभाग ने बताया कि आने वाले दिनों में प्रदेश का तापमान और तेजी से नीचे जाएगा। इस दौरान शीतलहर से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

# बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार से दुखी हैं कनाडाई हिंदू, टोरंटो में किया प्रदर्शन



**टोरंटो, एजेंसी।** बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रही ज्यादती के खिलाफ टोरंटो में विरोध प्रदर्शन किया गया। कनाडाई हिंदुओं ने बांग्लादेश की सरकार से हिंसा पर रोक लगा शांति बहाली की अपील की है। लेकिन, बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ हो अत्याचार की घटनाएं बढ़ ही रही हैं। बुधवार को कनाडाई हिंदू समुदाय ने बांग्लादेशी वाणिज्य दूतावास के बाहर एकत्र होकर धरना प्रदर्शन किया। कनाडाई हिंदू वालंटियर्स द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न पृष्ठभूमियों के लोग एकत्रित हुए। सभी ने इस दौरान कहा है कि बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जा रहा है। सभी ने बांग्लादेश में हो रही हिंसा के खिलाफ वैश्विक हस्तक्षेप का आह्वान किया। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख, मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस पर हिंदुओं के खिलाफ व्यापक हिंसा और भेदभाव फैलाने का आरोप लगाया। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार, हिन्दू मंदिरों में तोड़फोड़, मंदिरों के पुजारियों की क्रूर हत्याओं समेत हिन्दू नेताओं को अन्यायपूर्ण तरीके से कैद किए जाने पर नाराजगी जाहिर की। प्रदर्शनकारियों ने यह भी दावा किया है कि बांग्लादेश में हिंदू लोगों को व्यवस्थित रूप से उनकी नौकरियों से हटाया जा रहा है, उनके परिवारों को लूटा जा रहा है और महिलाओं को यौन हिंसा का सामना करना पड़ रहा है। यह सब बांग्लादेश से हिंदू संस्कृति, आस्था और पहचान को मिटाने के लिए एक सुनियोजित तरीके से किया जा रहा है। कनाडाई हिंदू स्वयंसेवकों ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की चुप्पी बहुत ही चौंकाने वाली है।

# नेतन्याहू की सीरिया को सख्त चेतावनी- ईरान को स्पोर्ट किया तो जो पिछली सरकार के साथ हुआ वही नई के साथ भी होगा

**येरूसलम, एजेंसी।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सीरिया की नई सरकार को चेतावनी दी है कि अगर ईरान को सीरिया में फिर से पैर जमाने दिया गया या ईरानी हथियार हिज़्बुल्ला तक पहुंचाए गए, तो इज़राइल कड़ा कदम उठाएगा। उन्होंने कहा कि इज़राइल का मकसद सीरिया के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करना नहीं है, लेकिन देश की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

नेतन्याहू ने कहा, अगर सीरिया की नई सरकार ईरान को फिर से स्थापित होने देती है या ईरानी हथियार हिज़्बुल्ला तक पहुंचने देती है, तो हम सख्त कार्रवाई करेंगे और इसका भारी खामियाजा भुगतना पड़ेगा। जो पिछली सरकार के साथ हुआ, वही इस नई सरकार के साथ भी हो सकता है। नेतन्याहू ने बताया कि उन्होंने इज़राइली वायुसेना को सीरिया की पुरानी सरकार द्वारा छोड़ी गई सैन्य क्षमताओं पर हमला करने की अनुमति दी थी। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि ये हथियार जिहादियों के हाथ न लगें। उन्होंने इस कार्रवाई की तुलना ब्रिटिश वायुसेना के उस कदम से की, जिसमें द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान फ्रांस के वीशी शासन के जहाजों पर हमला किया गया था, ताकि वे नाज़ियों के हाथ न लगें।

नेतन्याहू ने यह भी कहा कि इज़राइल सीरिया की नई सरकार के साथ संबंध बनाने का इच्छुक है, लेकिन यह तभी संभव है जब सीरिया ईरान और हिज़्बुल्ला को समर्थन देने से बचे। उन्होंने कहा, अगर सीरिया की नई सरकार हमारी सुरक्षा के खिलाफ कदम उठाएगी, तो हम कड़ा जवाब देंगे।

# ऑस्ट्रेलिया की लैब से गायब हुए सैकड़ों घातक वायरस नमूने, जांच जारी



**ब्रिस्बेन, एजेंसी।** क्वींसलैंड सरकार ने दावा किया है कि ऑस्ट्रेलिया की एक प्रयोगशाला से सैकड़ों घातक वायरस के नमूने गायब हैं। क्वींसलैंड की ओर से इसी हफ्ते के सोमवार को यह घोषणा की गई और इसे गंभीर बताते हुए जांच की बात कही है। सरकार ने क्वींसलैंड स्वास्थ्य ऑस्ट्रेलिया के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया है कि वह जैव सुरक्षा प्रोटोकॉल के प्रमुख ऐतिहासिक उल्लंघन के रूप में वर्णित मामले की जांच शुरू करे। यह बताया गया कि अगस्त 2023 में क्वींसलैंड की सार्वजनिक स्वास्थ्य वायरोलॉजी प्रयोगशाला से कई संक्रामक वायरस - जिनमें हेंड्रा वायरस, लिसावायरस और हंटावायरस शामिल हैं - की 323 शीशियाँ गायब हो गईं। हेंड्रा एक जूनोटिक (पशु से मानव में फैलने वाला) वायरस है जो केवल ऑस्ट्रेलिया में पाया गया है।

सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के अनुसार, हंटावायरस वायरस का एक परिवार है जो गंभीर बीमारी और मौत का कारण बन सकता है, जबकि लिसावायरस वायरस का एक समूह है जो रेबीज का कारण बन सकता है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि जिस प्रयोगशाला में नमूने गायब हुए, वह चिकित्सीय महत्व के वायरस और मच्छर और टिक-जनित रोगजनकों के लिए नैदानिक सेवाएं, निगरानी और अनुसंधान प्रदान करती है। बयान में कहा गया है कि यह ज्ञात नहीं है कि संक्रामक नमूने चोरी हो गए या नष्ट हो गए, और समुदाय के लिए जोखिम का कोई सबूत नहीं है। सरकार ने भाग 9 जांच शुरू की है। मंत्री टिमोथी निकोल्स ने विज्ञप्ति में कहा, जैव सुरक्षा प्रोटोकॉल के इतने गंभीर उल्लंघन और संक्रामक वायरस के नमूनों के संभावित रूप से गायब होने के साथ, क्वींसलैंड स्वास्थ्य को यह जांच करनी चाहिए कि क्या हुआ।

# साउथ कोरिया के पूर्व रक्षामंत्री ने आत्महत्या की कोशिश की, एक दिन पहले ही गिरफ्तारी हुई थी



**सियोल, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया के पूर्व रक्षा मंत्री किम योंग-ह्यून ने आत्महत्या करने का प्रयास किया है। उन्होंने पुलिस हिरासत में रहने के दौरान यह कोशिश की, लेकिन उनको बचा लिया गया। कमिश्नर जनरल ऑफ कोरिया करेक्शनल सर्विस की ओर से बुधवार सुबह ही यह जानकारी दी गई। किम योंग पर आरोप है कि उन्होंने देश में मार्शल लॉ घोषित कराने में अहम भूमिका अदा की थी। किम योंग को सियोल में ही रविवार को अरेस्ट किया गया था। राष्ट्रपति यून सुक यिओल की ओर से मार्शल लॉ का ऐलान किया गया था, जिससे लोगों में गुस्सा भड़क गया था। अब उस आदेश को वापस ले लिया गया है, लेकिन राजनीतिक संकट अब भी बरकरार है। किम के बारे में कहा जा रहा है कि देश में मार्शल लॉ की सिफारिश करने वाले वह पहले शख्स थे। इस मामले में उन्हें अरेस्ट भी सबसे पहले किया गया। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक किम ने अंडरवियर के सहारे आत्महत्या करने की कोशिश की। उन्होंने डिटेंशन सेंटर में ही ऐसा करने का प्रयास किया, लेकिन सुरक्षाकर्मियों की नजर पड़ गई। राष्ट्रपति यून सुक यिओल की ओर से मार्शल लॉ का ऐलान किया गया था। कहा जा रहा है कि इसकी सिफारिश करने वाले पहले नेता किम ही थे। अपने पद से इस्तीफा देने वाले किम का अस्थायी तौर पर मार्शल लॉ लगवाने में योगदान था। विपक्षी सदस्यों और सीनियर मिलिट्री अधिकारियों के पास मौजूद दस्तावेजों के अनुसार किम ने ही राष्ट्रपति के सामने मार्शल लॉ का प्रस्ताव रखा था। इससे पहले विशेष पुलिस जांच यूनिट ने साउथ कोरिया के राष्ट्रपति ऑफिस में रेड मारी थी। इस दौरान वहां से कुछ दस्तावेजों की जांच की गई थी। इससे भी कुछ जानकारी मिली है कि आखिर किसने मार्शल लॉ का प्रस्ताव रखा था और क्यों यह लगाया गया। साउथ कोरिया में मार्शल लॉ लगने के बाद बड़े पैमाने पर उपद्रव हो गए थे, जिसके बाद यह फैसला वापस लेना पड़ा। साउथ कोरिया में 3 दिसंबर को राष्ट्रपति यून सुक योल ने रक्षा मंत्री किम के साथ मिलकर देश में मार्शल लॉ लगा दिया था। हालांकि, यह 6 घंटे ही चल पाया था। इसके 2 दिन बाद रक्षा मंत्री किम ने मार्शल लॉ की जिम्मेदारी लेते हुए पद से इस्तीफा दे दिया था। साउथ कोरिया के पूर्व रक्षा मंत्री को मंगलवार रात गिरफ्तार कर लिया गया था। वे मार्शल लॉ मामले में गिरफ्तार होने वाले पहले शख्स हैं।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129